* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
10 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 199

सेना प्रमुखों के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की बैठक




# पाकिस्तान भारत पर हमला करने के लिए अपने नागरिक विमानों को ढाल बना रहा

- 36 जगहों पर घुसपैठ की कोशिश, भारत ने सात घुसपैठियों को मार गिराया
- सीमावर्ती राज्यों के नौ शहरों में रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैक आउट
- चंडीगढ़ और अंबाला अलर्ट पर
- गुरुद्वारा, चर्च और मंदिर पाकिस्तान के रडार पर
- भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के एडी रडार को किया नष्ट, डिफेंस सिस्टम ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/ पुंछ/ अंबाला/ अमृतसर/ जैसलमेर।** भारत-पाक के बीच तनाव बरकरार है। पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाक द्वारा सीजफायर का उल्लंघन करते हुए एलओसी पर रह-रह कर फायरिंग जारी है। इस फायरिंग के बीच सीमा क्षेत्र में 36 जगहों पर घुसपैठ की कोशिश की गयी। पाक गुरुद्वारा, चर्च और मंदिरों को निशाना बना रहा। इसमें 17 आम नागरिकों और पांच बच्चों की मौत हुई है। पाक ने करीब 300 से 400 ड्रोन से हमला किया। भारत ने सभी ड्रोन को नाकामयाब कर दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सात घुसपैठियों को मार गिराया। वहीं, पाकिस्तानी हमले के जवाब में भारत ने चार हवाई रक्षा स्थालों



पर सशस्त्र ड्रोन लांच किये। इनमें से एक ड्रोन एडी रडार को नष्ट करने में सक्षम रहा। वहीं, पाकिस्तान अपने पाकिस्तान अपने नागरिक विमानों को ढाल बनाकर वार कर रहा है। पाक मिसाइल और ड्रोन हमला करने के दौरान अपना एयर स्पेस बंद नहीं किया। नागरिकों का इस्तेमाल ढाल के लिए किया। जिससे भारत जवाबी कार्रवाइ नहीं कर सके। भारत ने संयम बरतते हुए जवाबी कार्रवाई की। यह खुलासा विदेश मंत्रालय ने किया है। उधर, चंडीगढ़ और आंबाला में हवाई हमले की चेतावनी दी गयी है। सीमावर्ती राज्यों के नौ शहरों में रात आठ बजे से सुबह छह बजे तक ब्लैक आउट घोषित कर दिया गया। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा प्रमुखों के साथ अलग-अलग बैठक की। मौजूदा हालत की समीक्षा की गयी और आगे की रणनीति पर विचार किया गया।

## पाकिस्तान उरी सेक्टर में लगातार कर रहा फायरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/जम्मू-कश्मीर।** पाकिस्तान ने शुक्रवार शाम जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में एक बार फिर से सीजफायर का उल्लंघन करते हुए फायरिंग शुरू कर दी है। पाकिस्तान की ओर से छोटे हथियारों और तोपों से गोलीबारी की जा रही है, जिसका भारतीय सेना माकूल जवाब दे रही है। इससे पहले पाक ने गुरुवार शाम आठ बजे से शुक्रवार सुबह तक लगातार ड्रोन हमला किया था। वहीं, अमृतसर में सुबह 5 बजे ड्रोन से हमला किया गया। हालांकि भारतीय सेना के डिफेंस सिस्टम एस-400 से खासा इलाके में दो ड्रोन नष्ट कर डाले। इनमें एक छोटा और दूसरा बड़ा था। इससे पहले भी गुरुवार रात आठ बजे से पाकिस्तान की ओर से लगतार वार किया जा रहा है। पाकिस्तान ने मिसाइल हमला करके तनाव बढ़ाने की कोशिश की। भारत ने हर मिसाइल को नाकाम किया।

### विदेश मंत्रालय ने कहा, पाकिस्तान ने 400 तुर्किये ड्रोन दागे

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार शाम 5.30 बजे पाकिस्तान के साथ तनाव पर लगातार तीसरे दिन प्रेस कांफ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं। इससे पहले 7 और 8 मई को भी सरकार की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी गयी थी। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा 8-9 मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से कई बार हमला किया। इनका मकसद खुफिया और वायु रक्षा प्रणालियों की जानकारी लेना था। शुरुआती जांच में यह सामने आया कि तुर्किये के ड्रोन थे। इनकी जांच की जा रही है। भारतीय सेनाओं ने इन्हें नष्ट कर दिया। एक यूएवी भी मूवमेंट कर रही थी, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया।सोफिया ने कहा कि पाकिस्तान ने एलओसी पर भारी फायरिंग की। इसमें कुछ जवान घायल हुए।

पाक दुनिया को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा: विदेश सचिव

विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रहा। उन्होंने भारतीय शहरों और सिविलियन इंफ्रास्ट्रक्चर और कुछ मिलिट्री ठिकाने को टारगेट किया। भारतीय सैन्य इकाइयों ने इनका उत्तर दिया। पाकिस्तान दावा करता है कि उन्होंने किसी धार्मिक स्थान पर हमला नहीं किया। उन्होंने पुंछ में गुरुद्वारे पर हमला किया। इन हमलों की जिम्मेदारी लेने की बजाय, पाकिस्तान कह रहा है कि भारतीय आर्मी ऐसा कर रही है।

## बॉर्डर पर भारत टेरिटोरियल आर्मी की करेगा तैनाती

### सेना प्रमुख को मिला विशेष अधिकार, नोटिस जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सेना प्रमुखों के अधिकार को लेकर अधिसूचना जारी की है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सेना प्रमुख को टेरिटोरियल आर्मी को तैनात करने का विशेष अधिकार है। सैन्य मामलों के विभाग ने टेरिटोरियल आर्मी नियम 1948 के नियम 33 के तहत थलसेना प्रमुख को यह अधिकार दे दिया है कि वे टेरिटोरियल आर्मी के सभी अधिकारियों और सैनिकों को आवश्यक सुरक्षा ड्यूटी या नियमित सेना के समर्थन में सक्रिय सेवा (एंबॉडीमेंट) में बुला सकते हैं। जारी की गयी अधिसूचना के अनुसार, मौजूदा 32 टेरिटोरियल आर्मी इन्फेंट्री बटालियनों में से 14 बटालियनों को देश के अलग-अलग सैन्य कमानों साउदर्न कमांड, ईस्टर्न कमांड, वेस्टर्न कमांड, सेंट्रल कमांड, नॉर्दर्न कमांड, साउथ-वेस्टर्न कमांड, अंडमान व निकोबार कमांड और आर्मी ट्रेनिंग कमांड में तैनात किया जायेगा।



### टेरिटोरियल आर्मी का काम क्या है?

टेरिटोरियल आर्मी नियमित सेना का एक हिस्सा हैं और इसकी वर्तमान भूमिका नियमित सेना को स्टैटिक ड्यूटी से छूट देना और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में नागरिक प्रशासन की सहायता करना होता है। ऐसी स्थितियों में आवश्यक सेवाओं का रखरखाव करना है, जहां समुदायों का जीवन प्रभावित होता है या देश की सुरक्षा को खतरा होता है साथ ही जरूरत पड़ने पर नियमित सेना के लिए इकाइयां प्रदान करना है। टेरिटोरियल आर्मी की यूनिट्स 1962, 1965 और 1971 के ऑपरेशनों में सक्रिय रूप से शामिल थीं।

### राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करने की केंद्र ने दी इजाजत

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नागरिक सुरक्षा नियम, 1968 के तहत उपलब्ध आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। यह निर्देश स्थानीय प्रशासनों को बाहरी आक्रमण या आसन्न खतरे के समय सुरक्षात्मक और निवारक तंत्र को सक्रिय करने का अधिकार देता है। विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश नागरिक सुरक्षा नियम, 1968 की धारा 11 का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो एहतियाती उपायों के त्वरित और प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए नागरिक सुरक्षा के अपने संबंधित निदेशकों को आपातकालीन खरीद शक्तियां प्रदान करता है।

#### नागरिक सुरक्षा नियम, 1968 क्या है?

नागरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत बनाये गये नागरिक सुरक्षा नियम, 1968 को भारत की नागरिक आबादी और बुनियादी ढांचे को शत्रुतापूर्ण हमलों का जवाब देने के लिए तैयार किया गया था-चाहे वे हवाई, जमीन, समुद्र या अन्य माध्यमों से हों. नियम केंद्र और राज्य सरकारों को हमले होने से पहले ही निवारक, सुरक्षात्मक और नियंत्रण उपाय करने और ऐसी घटनाओं के दौरान और बाद में जवाब देने के लिए व्यापक अधिकार प्रदान करते हैं।

## सर्च में मिला पाकिस्तानी सबूत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/ पुंछ/ अंबाला/ अमृतसर/ जैसलमेर।** पठानकोट में देर रात हमले के बाद एयरबेस के पास पुलिस ने शुक्रवार सुबह सर्च ऑपरेशन चलाया है। इस दौरान नदी के किनारे बम मिला। इसके बाद सेना ने इलाका खाली करा दिया। इसके साथ गांव करोली के पास ड्रोन मिला। सेना ने इसे कब्जे में ले लिया है। यहां सुबह साढ़े 4 बजे भी 3-4 धमाकों की आवाज सुनाई दी थी। पाकिस्तान ने गुरुवार की रात कुपवाड़ा में भारी गोलीबारी की। इसमें कई रिहायशी इलाकों की इमारतों को नुकसान हुआ। गुरुवार रात हुए हमले के बाद बठिंडा में बीड़ तलाब और नथाना ब्लॉक के



गांव तुंगवाली में खेतों में पाकिस्तानी रॉकेट के टुकड़े गिरे मिले। वहीं, पंजाब के होशियारपुर में पाकिस्तानी मिसाइल के टुकड़े मिले। पाकिस्तान ने गुरुवार रात पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान के 11 शहरों पर हमला किया था। हालांकि, भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी हमले नाकाम कर दिये।

### प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और गृह मंत्री ने ली जानकारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों से अपने आवास पर मुलाकात की। उन्होंने मौजूदा हालात की जानकारी ली और आगे की रणनीति पर विचार किया। वहीं, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और सीडीएस अनिल चौहान ने शुक्रवार को ताजा हालात की जानकारी दी। गृहमंत्री अमित शाह ने भी बीएसएफ और सीआइएसएफ के अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर और हवाई अड्डों के सुरक्षा के बारे में जानकारी ली। उधर, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहन और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने अपने-अपने विभागों की तैयारियों की समीक्षा की।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

ADMISSION OPEN 2025-26
SUPPORTED BY ADITYA BIRLA GROUP
B K BIRLA GROUP OF COMPANIES
SARALA BIRLA UNIVERSITY
GLOBAL EDUCATION CLOSER TO HOME
PROGRAMS OFFERED
MASS COMMUNICATION
B.A. in Journalism & Mass Communication
M.A. in Journalism & Mass Communication
LAW
B.A LL.B | BBA LL.B | B.Com LL.B
LL.B (3 Years) | LL.M (1 Year)
PHARMACY
D.Pharm | B.Pharm
YOGA & NATUROPATHY
Diploma | B.Sc. | M.Sc. in Yogic Science
DIPLOMA ENGINEERING
Diploma in CSE | ME | CE | ECE | EEE
5000+ Students
65+ Programs
Hostel For Boys & Girls
60 Acres World Class Infrastructure
100% Placement Support
50+ Skill Enhancement Certifications
Upto 50% Scholarship Under Merit/Sports Quota
100+ Companies Visited For Placement
INTERNATIONAL COLLABORATION
University of California, Berkeley
University of Minnesota
University of Vermont
University of California San Diego
& 20+ National MoUs
UNDER GRADUATE COURSES
B.Tech CSE | ME | CE | EEE | ECE
B.Com (Hons.) in Accounts |
E-Commerce | Taxation
B.A. (Hons.) in English |
Economics | Sanskrit
BCA | B.Sc (Hons.) Mathematics
BBA | BBA in Stock Broking &
Portfolio Management
Bachelors of Performing Arts
(Music, Dance, Drama)
Bachelors of Visual Arts (Fine Arts)
POST GRADUATE COURSES
M.Tech — M.A. in English
MBA — Economics | Sanskrit
MCA — M.Sc in Yogic Science
M.Com — Masters of Performing Arts (Music, Dance, Drama)
Masters of Visual Arts (Fine Arts)
M.Sc. Data Science
Ph.D.
Ph.D. in Engineering
Commerce | Business Management
Humanities | Law | Pharmacy
Journalism & Mass Communication
www.sbu.ac.in
SARALA BIRLA UNIVERSITY, RANCHI
Birla Knowledge City, P.O. Mahilong, Purulia Road, Ranchi, Jharkhand-835103
Admission Helpline : 1800 890 6077
admissions@sbu.ac.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# अभी तो युद्ध शुरू भी नहीं हुआ, पहले ही कंगाल हो गया पाकिस्तान, उठा लिया कटोरा

## ■ भारत के मास्टर प्लान से पाकिस्तान में मचा हाहाकार, तहस-नहस हुए नापाक मंसूबे
## ■ भुखमरी की ओर बढ़ रहा पाकिस्तान, सेना के लिए खर्च जुटाना भी हुआ बेहद मुश्किल
## ■ सहयोगी चीन और दूसरे देशों ने आर्थिक मदद देने से किया इनकार

आजाद सिपाही विशेष

**भारत ने पहलगाम हमले के ठीक 15 दिन बाद पाकिस्तान में आतंकवादियों से अपना बदला ले लिया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पहलगाम हमले का जवाब सटीक जवाबी एयर स्ट्राइक से दिया है। इसके कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है, लेकिन महज तीन दिन में ही पाकिस्तान कंगाली की हालत में पहुंच गया है। इसलिए उसने अपने शुभचिंतकों से आर्थिक मदद की गुहार लगायी है। दरअसल, पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐसी रणनीति बनायी कि युद्ध से पहले ही वह कंगाल होता जा रहा है। अब तो हालात ऐसे हैं कि पहले से ही पाई-पाई को मोहताज पाकिस्तान हर रोज सिर्फ अलर्ट रहने और सेना की ताकत दिखाने के लिए अरबों रुपये फूंकने पर मजबूर है। पाकिस्तान को जहां एक के बाद एक आर्थिक चोट लग रही है, तो इस समय चीन और दूसरे देश भी पाकिस्तान से दूरी बनाने लगे हैं। ऐसे में अब यह साफ हो गया है कि पाकिस्तान असली युद्ध से पहले ही घुटने टेक चुका है। भारत के साथ तनाव के कारण पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति तेजी से बिगड़ती जा रही है। उसका शेयर बाजार तेजी से गिर रहा है और हर दिन चार अरब पाकिस्तानी रुपये का खर्च उस पर भारी पड़ रहा है। यह खर्च सीमा पर फौज की तैनाती, विमानों का ईंधन और सरहद पर समान भेजने पर हो रहा है। पाकिस्तान का सालाना बजट 2.10 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये के आस-पास है। वहीं जब से भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चल रहा है, तब से सिर्फ हाई अलर्ट पर पाकिस्तान को बड़ी रकम खर्च करनी पड़ रही है। क्या है पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का हाल और कैसे उसे कंगाली में आटा गीला करना पड़ रहा है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहले राउंड की लड़ाई में भारत ने पाकिस्तान को हरा दिया है। इसके साथ ही पाकिस्तान में तैनात चीनी हथियार भी पहली परीक्षा में फेल होते नजर आ रहे हैं। पहले भारत के एयरस्ट्राइक का पता लगाने में पाकिस्तान नाकाम रहा, फिर उसका पीएल-15 मिसाइल भारत में निशाना को हिट किये बिना गिर गया, जिसकी टेक्नोलॉजी अब भारत जान सकता है और फिर भारत ने लाहौर में चीनी डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त कर चीनी डिफेंस सिस्टम की कलई खोलकर रख दी। लिहाजा चीन काफी ध्यान से भारत और पाकिस्तान के बीच के संघर्ष पर नजर बनाये हुआ है। क्योंकि चीन, दुनियाभर के देशों को अपने हथियार बेचना चाहता है। हालांकि चीन ने सालों से कोई युद्ध नहीं लड़ा है, लेकिन पाकिस्तान चीनी हथियारों से भारत का मुकाबल कर रहा है या करने वाला है, लिहाजा पश्चिमी देशों की नजर भी युद्ध के अलावा चीनी हथियारों पर है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के आंकड़ों के मुताबिक पिछले पांच सालों में पाकिस्तान ने चीन से 81% ज्यादा हथियार खरीदे हैं। लिहाजा माना जा रहा है कि चीन, पाकिस्तान में अपने हथियारों की 'लाइव टेस्ट' कर रहा है। भारत के साथ तनाव के बीच अब पाकिस्तान को यह एहसास हो चला है कि उसने बहुत बड़ी गलती कर दी है। पाकिस्तान पहले से कंगाल है और अब भारत के साथ पंगा लेकर उसने अपना आटा गीला कर लिया है। इसलिए उसने दुनिया से आर्थिक मदद मांगी है। पाकिस्तान जानता है कि जंग छिड़ी, तो वह और कंगाल हो जायेगा, क्योंकि वह पहले से ही कर्ज, भुखमरी और आर्थिक तंगी झेल रहा है।

### कैसी है पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति

पाकिस्तान की हालत यह है कि वहां करोड़ों लोग भूखे मर रहे हैं, हजारों करोड़ का कर्जा दुनिया का चुकाना है, भारत ने सिंधु जल संधि खत्म करके पानी रोक दिया है। आयात निर्यात बंद करके बुनियादी जरूरत को पूरी करने वाली चीजें रोक दी हैं। उसके पास सिर्फ तीन महीने का खाना-पानी खरीदने का पैसा बचा है। भुखमरी के मामले में पाकिस्तान टॉप 100 देशों में शामिल है। भारत के साथ तनाव बढ़ने के कारण दुनियाभर के देश भी उसका साथ छोड़ रहे हैं। पर्यटन, कारोबार, खेल, उद्योग आदि पूरी तरह ठप हैं। राजनीतिक संकट अलग से है। आतंकी हमले के डर से कोई देश पाकिस्तान में अपने नागरिकों को भेजना नहीं चाहता है। ऐसे में यह सोचनेवाली बात है कि बाढ़, कंगाली, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक संकट, वैश्विक अनदेखी की मार झेल रहा पाकिस्तान किस दम पर भारत से पंगा लेने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान ने नहीं सोचा है कि भारत के साथ जंग छिड़ी तो देश का हाल क्या होगा। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 1.3 बिलियन डॉलर का कर्ज मांग चुका है।

### तीन महीने का आयात करने के लिए बचा पैसा

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मई 2025 तक पाकिस्तान के पास 15.25 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे केवल तीन महीने का खाना-पानी खरीदा जा सकता है। अगले 12 महीनों में पाकिस्तान को 30 बिलियन डॉलर का विदेशी कर्ज चुकाना है। पाकिस्तान भारी विदेशी कर्ज और खतरनाक रूप से कम विदेशी मुद्रा भंडार से त्रस्त है। 2024 में पाकिस्तान का विदेशी कर्ज 130 बिलियन डॉलर से अधिक था। पाकिस्तान में मौजूदा खाद्य सामग्री की मात्रा के आंकड़े समय-समय पर बदलते रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन या विश्व खाद्य कार्यक्रम समय-समय पर आंकड़े जारी करते हैं।



### कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा

पाकिस्तान कृषि-प्रधान देश है। लोग गेहूं, चावल, मक्का, गन्ना और दालें जैसे खाद्य पदार्थ उगाते हैं। गेहूं देश का मुख्य खाद्य पदार्थ है। 2024 में पाकिस्तान में गेहूं का उत्पादन 31.4 मिलियन मीट्रिक टन था। 2025 में सर्दियों में सूखे के कारण गेहूं उत्पादन में 11-35% की कमी आयी, जिससे उत्पादन 27.9 एमएमटी तक गिर सकता है। चावल का उत्पादन भी महत्वपूर्ण है। पाकिस्तान दुनिया के प्रमुख चावल निर्यातक देशों में से एक है। साल 2023-24 में पाकिस्तान में चावल का उत्पादन लगभग 9-10 मिलियन टन अनुमानित था, लेकिन साल 2025-26 में उत्पादन कम होने से घाटा उठाना पड़ सकता है। खेतों की सिंचाई के लिए पाकिस्तान सिंधु और उसकी सहायक नदियों पर निर्भर करता है। अब जब भारत ने सिंधु जल संधि तोड़ दी है, तो पाकिस्तान सूखे का संकट का झेल सकता है।

### खाद्य असुरक्षा भी झेल रहा

पाकिस्तान खाद्य असुरक्षा भी झेल रहा है। 1.1 करोड़ लोग खाद्य असुरक्षा और भुखमरी के संकट से जूझ रहे हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लोग भुखमरी से त्रस्त हैं। बाढ़, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक संकट ने हालात और खराब कर दिये हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 में पाकिस्तान 99वें स्थान पर था।

### पाकिस्तान पर महंगाई की मार

पाकिस्तान आर्थिक संकट, भुखमरी और वैश्विक अनदेखी के साथ-साथ महंगाई की मार भी झेल रहा है। पाकिस्तान में खाद्य पदार्थों की कीमतें हाल ही के वर्षों में तेजी से बढ़ी हैं। जैसे साल 2023 में भिंडी 460 पाकिस्तानी रुपये प्रति किलो, गोभी 250 रुपये प्रति किलो बिक रही थी। साल 2024 में आलू (99 पाकिस्तानी रुपये/किलो), प्याज (185 पीकेआर/किलो), टमाटर (189 पीकेआर/किलो) और लहसुन (650 पीकेआर/किलो) बिक रहा था।

### भारत से तनाव की कीमत

इस बेहद खराब आर्थिक स्थिति में भारत से तनाव मोल लेकर पाकिस्तान दिवालिया होने की तरफ तेजी से आगे बढ़ गया है। तनाव महज 48 घंटे में ही उसकी हेकड़ी निकल गयी। पहलगाम हमले के जवाब में पहले भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान की कमर तोड़ दी है।

### बाजार में तेजी से गिरावट, चीन का किनारा

भारत से पंगा लेना पाकिस्तान को भारी पड़ गया है। उसके ऊपर चौतरफा मार पड़ी है। पहले भारतीय कार्रवाई में करीब एक सौ आतंकी मारे गये, तो भारतीय ड्रोन हमलों ने ज्यादातर शहरों में हड़कंप मचा दिया। भारत के एक्शन के डर से पाकिस्तानी शेयर बाजार भी खौफ में आ गया और निवेशकों में मची भगदड़ के चलते बाजार तेजी से गिर गया।

कंगाली की हालत में भारत को गीदड़भभकियां देने के बीच शहबाज शरीफ सरकार आर्थिक मदद से लिए फिर से कटोरा लेकर चीन से लेकर आइएमएफ से मदद की गुहार लगायी। लेकिन एक ओर जहां चीन ने पाकिस्तान की स्वैप लाइन को 30 अरब युआन से बढ़ाकर 40 अरब युआन करने की मांग पर चुप्पी साधे रखी, तो वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से भी उसे झटका मिलने की उम्मीद जतायी जा रही है। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के दौरान आइएमएफ पहले ही चालू कारोबारी साल के लिए पाकिस्तान के जीडीपी ग्रोथ अनुमान में कटौती करके पाकिस्तान को झटका दे चुका है। आइएमएफ ने इसे पूर्व के तीन फीसदी से 30 बेसिस प्वाइंट कम करते हुए 2.6% कर दिया है, जबकि विश्व बैंक ने भी पाक के ग्रोथ रेट अनुमान को घटाकर 2.7 फीसदी किया है।

### चीनी हथियारों पर निर्भर पाकिस्तान

पाकिस्तान ने चीन से जे-10 लड़ाकू विमान, जेएफ-17 फाइटर जेट, एचक्यू -9 एयर डिफेंस सिस्टम, पीएल-15 मिसाइल और सीएच-4 ड्रोंस खरीदे हैं। ये एडवांस हथियार हैं। इसके अलावा भी कई चीनी हथियार पाकिस्तान ने खरीदे हैं। अमेरिका स्थित फाउंडेशन फॉर डिफेंस ऑफ डेमोक्रेसीज के एक वरिष्ठ फेलो क्रेग सिंगलटन ने कहा ने सीएनएन की एक रिपोर्ट में कहा है कि यह अब सिर्फ द्विपक्षीय टकराव नहीं है। बल्कि यह इस बात की एक झलक है,कि कैसे चीनी रक्षा निर्यात क्षेत्रीय प्रतिरोध को नया रूप दे रहा है। दूसरी तरफ गुटनिरपेक्षता की पारंपरिक नीति होने के बावजूद, भारत अब अमेरिकी खेमे में जाता दिखता है। अमेरिका, चीन के खिलाफ भारत को एक प्रतिरोध के तौर पर देखता है। भारत, जो दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है, अमेरिका की स्ट्रैटजी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। भारत ने रूसी हथियारों से अपनी निर्भरता तेजी से घटाई और पिछले कुछ सालों में फ्रांस, अमेरिका, जर्मनी और इजरायल से हथियार खरीदे हैं। ये सभी अमेरिका के सहयोगी है, लिहाजा ये युद्ध एक नजरिए से अमेरिका बनाम चीन युद्ध भी देखा जा रहा है। लेकिन पाकिस्तान के पास न तो पैसे हैं हथियार खरदीने के लिए, है तो बची-खुची जमीन जो बांटता फिर रहा है।

---

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बीसीसीआइ का बड़ा फैसला

# आइपीएल 2025 का सत्र एक हफ्ते के लिए स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच शुक्रवार को बड़ा फैसला लिया है। बीसीसीआइ ने तनाव को देखते हुए आइपीएल 2025 का सत्र बीच में ही एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया है। बीसीसीआइ उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि 'फिलहाल लीग को एक हफ्ते के लिए टाल दिया गया है। इसके बाद हम हालात का जायजा लेंगे और फैसला करेंगे।' इसके लिए बोर्ड अलग से कार्यक्रम जारी करेगा। लीग के लिए विंडो को लेकर पूछ गये सवाल में उन्होंने कहा कि 'सभी बोर्ड हमारा समर्थन करते हैं। ऐसे में विंडो कोई चिंता की बात नहीं है।' विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता को लेकर उन्होंने कहा कि 'यह उनका निजी फैसला होगा, वो खुद ही इस पर फैसला लेंगे।'




इससे पहले आइपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने गुरुवार रात बताया था कि मौजूदा स्थिति में आइपीएल का 18वां सत्र जारी रहेगा, लेकिन अब बोर्ड में इसे स्थगित करने का फैसला किया है।

इससे पहले, धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया मुकाबला रद्द कर दिया गया था। फ्लड लाइट्स में खराबी के कारण मैच को रोका गया था और दर्शकों तथा खिलाड़ियों को मैदान से बाहर ले जाया गया था। बीसीसीआइ ने बताया था कि धर्मशाला में तकीनी खामी के चलते मैच रद्द किया गया है। हालांकि, गुरुवार से ही आइपीएल 2025 को लेकर संशय चल रहा था।

### 16 मुकाबले थे शेष

बीसीसीआइ अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआइ के हवाले से कहा, 'यह अच्छा नहीं लगता कि जब देश युद्ध में है तब क्रिकेट चल रहा है।' आइपीएल 2025 का सत्र अपने अंतिम पड़ाव पर चल रहा था और इसमें फाइनल सहित कुल 16 मुकाबले खेले जाने शेष थे। आइपीएल 2025 सत्र का फाइनल मुकाबला 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए इसे एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को यूएइ स्थानांतरित करने का फैसला किया था।

### ऑस्ट्रेलिया की स्थिति पर थी नजर

इससे पहले, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भी बयान जारी कर कहा था कि वो भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पर अपनी नजर रखे हुए है। ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी आइपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान जारी कर कहा था, हम पाकिस्तान और भारत की स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई सरकार, पीसीबी, बीसीसीआइ और स्थानीय सरकारी अधिकारियों से नियमित सलाह और अपडेट प्राप्त करना और क्षेत्र में मौजूद हमारे खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साथ संवाद बनाए रखना शामिल है।

---


# अन्न से भरा है देश का भंडार : शिवराज सिंह चौहान

## गेहूं, दाल-चावल, फल-सब्जियों का भरपूर स्टॉक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि भारत माता के चरणों में सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए पूरा देश तत्पर है। एक तरफ सीमा पर हमारे जवान तैनात हैं, पाकिस्तान के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है, दूसरी तरफ खेतों में किसान तैयार हैं, उनके साथ वैज्ञानिक और कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्रालय भी अपनी ड्यूटी समझते हुए पूरी तरह से तैयार हैं। कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगा।

**हमारे पास पर्याप्त मात्रा में है गेहूं, चावल :** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि विभाग के नाते हमारी भी जिम्मेदारी है। हमारी जवाबदारी है खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित करना। गेहूं, चावल व अन्य अनाज हमारे पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। बंपर उत्पादन हुआ है, किसानों से खरीद भी जारी है। गुरुवार को ही हमने खरीफ कांफ्रेंस में भी विस्तार से चर्चा करके खेती के संबंध में रूपरेखा निर्धारित की है। शिवराज सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा कि, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया था जय जवान-जय किसान, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जोड़ा-जय विज्ञान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसमें जोड़ा-जय अनुसंधान। जवान तैयार है, किसान तैयार है व वैज्ञानिक भी तैयार है, उनका अनुसंधान भी काम आयेगा। यह संतोष की बात है कि हमारे पास अन्न के भंडार इस समय भरे हुए हैं।



### साल दर साल बढ़ रहा है उत्पादन

उन्होंने कहा कि,वर्ष 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 3322.98 लाख मीट्रिक टन था, जो 2024-25 में बढ़कर 3474.42 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। चावल की भी कोई कमी नहीं है, पिछले साल के 1378.25 लाख मीट्रिक टन के मुकाबले इस साल 1464.02 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है। गेहूं पिछले साल था 1132.92 लाख मीट्रिक टन, जो इस बार 1154.30 लाख मीट्रिक टन उत्पादन अनुमानित है, जिसमें और बढ़ोत्तरी की उम्मीद है। इस साल दालों का उत्पादन भी भरपूर हुआ है, जो 242.46 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 250.97 लाख मीट्रिक टन हो गया, वहीं कुल तिलहन 396.69 लाख मीट्रिक टन से 428.98 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हो गया है। मंत्री ने बताया कि फल-सब्जियों की भी चिंता नहीं है, बागवानी फसलों का उत्पादन भी पिछले साल के 3547 लाख मीट्रिक टन की तुलना में 3621 लाख मीट्रिक टन हो गया है। आलू पिछले वर्ष 570.53 लाख मीट्रिक टन था, जो इस बार 595.70 लाख मीट्रिक टन है। प्याज 242.67 लाख मीट्रिक टन था, जो इस साल 288.77 लाख मीट्रिक टन है। इसी तरह, टमाटर 213. 23 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 215.49 लाख मीट्रिक टन है।

www.epaper.azadsipahi.in

10 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 199

देवघर में 29वें दिन खत्म हुई यात्री बसों की हड़ताल



# भारत ने पाकिस्तान के 400 ड्रोन मार गिराये

## भारत में 36 जगहों पर हमले की कोशिश, सेना ने किया नाकाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आतंकवाद के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश मंत्रालय ने प्रेस ब्रीफिंग कर हालात की जानकारी दी। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से गुरुवार को तंगधार, उरी समेत कई और जगहों पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया गया था। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान ने 8 मई को 36 जगहों पर हमले की कोशिश की। पाकिस्तान की ओर से 300 से 400 ड्रोन दागे गये थे। भारतीय सेना और एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी हमलों को नाकाम कर दिया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि शुरूआती जांच से पता चला है हमले में इस्तेमाल ड्रोन तुर्की के



अस्सिगार्ड सोंगर ड्रोन थे।

**सेना ने दी हालात की जानकारी** : विदेश मंत्रालय की ओर से प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी जानकारी दी। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से एलओसी पर भारी गोलीबारी की जा रही है। सीमा पार से घुसपैठ की भी कोशिश हुई है। तंगधार, उरी और उधरपुर में भारी गोलीबारी की गयी है।

### अपना हवाई क्षेत्र पाकिस्तान ने नहीं किया बंद

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने 7 मई को शाम साढ़े 8 बजे एक असफल ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। व्योमिका सिंह ने कहा कि पाकिस्तान नागरिक विमान को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। क्योंकि वह यह अच्छी तरह से जानता है कि भारत पर उसके हमले से भारत को तीव्र हवाई रक्षा प्रतिक्रिया मिलेगी। यह भारत और पाकिस्तान के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय विमानों सहित अनजान नागरिक विमानों के लिए सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने जो स्क्रीनशॉट दिखाया है, उसमें पंजाब सेक्टर में हाई एयर डिफेंस अलर्ट के दौरान एप्लीकेशन फ्लाइट रडार 24 का डेटा दिखाया गया है।

# पाक की नापाक कोशिश को एस 400 सुदर्शन चक्र ने किया बेअसर

## एक ही वक्त में 300 मिसाइलों को कर सकता है ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइल दागे, हालांकि भारत ने उन तमाम हमलों को बेअसर कर दिया गया। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान स्पष्ट तौर पर यह बताया था कि हमने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया है, सिर्फ आतंकवादियों के अड्डे को तबाह किया है, बावजूद इसके पाकिस्तान ने हिमाकत की और मुंह की खाया है। जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत ने गुरुवार सुबह पाकिस्तान में कई स्थानों पर एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारत की जवाबी कार्रवाई में लाहौर का एक एयर डिफेंस सिस्टम बर्बाद हो गया है। भारत ने पाकिस्तानी मिसाइलों के हमले को जिस तकनीक के जरिए बेअसर किया उसका नाम है-एस-400 सुदर्शन चक्र।



### क्या है एस 400 सुदर्शन चक्र

एस 400 सुदर्शन चक्र भारतीय वायुसेना का अत्याधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम है। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है एस 400 हमें मिसाइल हमले से सुरक्षित करता है। यह दुनिया की सबसे विकसित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियों में से एक मानी जाती है। एस 400 की खासियत यह है कि यह एक साथ चार अलग-अलग रेंज की मिसाइलें चला सकती है और दुश्मन द्वारा दागे गये मिसाइल को इंटरसेप्ट कर सकती है यानी उस मिसाइल को टारगेट तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर सकती है।

### एस 400 सुदर्शन चक्र की खासियत

एस 400 सुदर्शन चक्र की खासियत के बारे में लेफ्टिनेंट कर्नल जेएस सोढ़ी (रिटायर्ड) बताते हैं कि यह एक बेहतरीन डिफेंस सिस्टम है, जिसे भारत ने रूस से खरीदा है।

यह डिफेंस सिस्टम इतना पावरफुल है कि यह एक ही वक्त में दुश्मन द्वारा दागे गये 300 मिसाइलों को नष्ट कर सकता है। साथ ही एस 400, 600 किमीटर तक के रेंज में वार कर सकता है।

एस 400 सुदर्शन चक्र एक साथ 36 लक्ष्यों को ट्रैक कर सकता है।

एस 400 सुदर्शन चक्र लड़ाकू विमान, मिसाइल, ड्रोन और स्टेल्थ विमान को भी मार गिरा सकता।

एस-400 में मल्टी-लेयर सुरक्षा होती है यानी यह दूरी के हिसाब से अलग-अलग मिसाइलों से कई स्तरों पर दुश्मन को रोक सकता है।

एस 400 सुदर्शन चक्र में अत्याधुनिक रडार सिस्टम होता है जो 600 किमी दूर तक के हवाई खतरे का पता लगा सकता है।

एस-400 एक मोबाइल सिस्टम है – यानी इसे ट्रक या वाहन पर ले जाकर कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

सिस्टम के एक्टिवेट होने के बाद र-400 सिग्नल मिलने के 3 मिनट के भीतर फायरिंग के लिए तैयार हो जाता है।

# भारत की बराक 8 मिसाइल ने पाकिस्तान को दिया करारा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पाकिस्तान की ओर से गुरुवार को हुई घुसपैठ की कोशिश का भारत ने करारा जवाब दिया। भारतीय सेनाओं ने अपने शक्तिशाली सुरक्षा कवचों से सभी नापाक मंसूबों को ढेर कर दिया। रक्षा सूत्रों की मानें तो भारत ने एस-400 मिसाइल सिस्टम, आकाश मिसाइल के साथ ही बराक-8 मिसाइल का इस्तेमाल पाकिस्तान के हमले को विफल करने के लिए किया।

### बराक 8 मिसाइल ने किया पाकिस्तान को पस्त

- बराक 8 मिसाइल को भारत-इस्राइल ने मिलकर तैयार किया
- लंबी दूरी वाली सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल
- मध्यम दूरी के लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, एंटी शिप मिसाइल को गिराने में सक्षम
- ड्रोन के साथ क्रूज मिसाइलों और अन्य हवाई खतरे को नष्ट कर सकती है
- बहुउद्देशीय निगरानी और खतरे का पता लगाने वाली रडार प्रणाली से लैस




### क्या है बराक 8 मिसाइल

बराक-8 एक भारत-इस्राइल सहयोग से तैयार लंबी दूरी वाली सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। बराक 8 को मध्यम दूरी के लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, एंटी शिप मिसाइल, ड्रोन के साथ-साथ क्रूज मिसाइलों और अन्य हवाई खतरे को नष्ट करने में सक्षम है। बराक 8 को संयुक्त रूप से इस्राइल की इस्राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आइएआइ) और भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है।

### बराक 8 की खासियत

परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम लंबी दूरी की बराक 8 मिसाइल में तमाम खासियत हैं। इसमें अधिक उन्नत खोज की सुविधा और लंबी दूरी तक जाने की क्षमता है। बराक-8 मिसाइल की मारक क्षमता 70 से 100 किमी तक है। यह बिना धुएं के आगे बढ़ती है। साढ़े चार मीटर लंबी मिसाइल का वजन करीब तीन टन है और यह 70 किलोग्राम भार ले जाने में सक्षम है। बराक-8 मिसाइल बहुउद्देशीय निगरानी और खतरे का पता लगाने वाली राडार प्रणाली से लैस है। जहाज पर इसका इस्तेमाल एंटी मिसाइल डिफेंस सिस्टम के रूप में किया जाता है। इसकी रफ्तार 2400 किमी प्रतिघंटा तक होती है। यह एक साथ कई लक्ष्यों को नेस्तनाबूद कर सकती है।

### पाकिस्तान का दुस्साहस और भारत का पलटवार

इससे पहले 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी। दहशतगर्दों ने लोगों से उनका धर्म पूछकर उन्हें गोली मार दी थी। इसके बाद पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई छेड़ने के लिए एकजुट हो गया। इस बीच भारत ने आतंकवाद के पनाहगार पाकिस्तान पर कई पाबंदियां लगायीं और 7 मई को पूरे देश में मॉक ड्रिल कराने का फैसला किया। दुनिया की नजर इसी मॉक ड्रिल पर थी कि 6 और 7 मई की रात भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल स्ट्राइक कर दिया। इससे बौखलाये पाकिस्तान ने गुरुवार की रात भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। लड़ाकू विमानों, ड्रोन, रॉकेट व मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान ने रात 8 से 10 बजे के बीच जम्मू, पठानकोट, फिरोजपुर, कपूरथला, जालंधर व जैसलमेर के सैन्य ठिकानों और आयुध केंद्रों पर हमला करने की कोशिश की। पाकिस्तान के दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने पड़ोसी देश के लाहौर, इस्लामाबाद, पेशावर व सियालकोट समेत सात शहरों पर एकसाथ जवाबी कार्रवाई की।

# पाकिस्तान की हिमाकत पर अमित शाह ने की हाई लेवल मीटिंग, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। गुरुवार को पाक अटैक के बाद शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों के साथ हाई लेवल बैठक की। गृह मंत्री शाह ने पाकिस्तान के साथ लगती भारत की सीमा और देश के हवाई अड्डों पर मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। पाकिस्तान ने गुरुवार को देर रात भारत पर मिसाइल और ड्रोन से अटैक करने की कोशिश की। जिसका भारत ने तगड़ा जवाब दिया और पाकिस्तान के 8 मिसाइलों को मार गिराया। भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के मिसाइल और ड्रोन हमले को पूरी तरह से नाकाम कर दिया। पाक अटैक के बीच गृह मंत्री शाह ने अधिकारियों के साथ हाई लेवल बैठक की। शाह ने भारत एवं पाकिस्तान की सीमा पर सुरक्षा संबंधी स्थिति की समीक्षा करने के



### भारतीय जवानों ने 7 आतंकवादियों को मार गिराया

पाकिस्तानी हमले के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जम्मू में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे 7 आतंकवादियों को मार गिराया और पाकिस्तान रेंजर्स की एक चौकी को भी नष्ट कर दिया है।

अलावा देशभर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए उठाये गये कदमों का भी जायजा लिया। सीमा सुरक्षा बल भारत-पाकिस्तान सीमा की सुरक्षा करता है और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) देश के हवाई अड्डों, मेट्रो नेटवर्क और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का जिम्मा संभालता है।

**शाह की बैठक में ये अधिकारी हुए शामिल :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और बीएसएफ, सीआइएसएफ एवं नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक शामिल हुए।

# आपात स्वास्थ्य हालात से निपटने के लिए कंट्रोल और कमांड सेंटर : नड्डा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की गयी। इस दौरान अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष आपात हालात से निपटने के लिए स्वास्थ्य तैयारियों को लेकर एक प्रेजेंटेशन पेश किया। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री को बताया गया कि आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस की तैनाती, दवा, उपकरण और अन्य जरूरी सामान की सप्लाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सीमावर्ती इलाकों में भीष्म क्यूब, आधुनिक मोबाइल ट्रॉमा सेंटर और अन्य तैयारी की जानकारी दी। सीमावर्ती क्षेत्र के सभी अस्पताल और संस्थान को जरूरी दवा, ब्लड, ऑक्सीजन और ट्रॉमा केयर किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। नयी दिल्ली



एम्स और अन्य केंद्रीय अस्पतालों को आपात स्थिति में उपकरण और डॉक्टरों को तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए राज्य और जिला प्रशासन के साथ लगातार बातचीत हो रही है।

स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने निर्देश दिया कि देश का आपातकालीन मेडिकल सिस्टम हर हालात से निपटने के लिए हर समय तैयार रहे। खासकर सीमावर्ती इलाकों में विशेष तैयारी करने की जरूरत है। इसके लिए मंत्रालय में कंट्रोल और कमांड सेंटर का गठन किया गया है। यह सेंटर हर हालात की लगातार निगरानी करेगा।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की अहम बैठक

# सीडीएस-सेना प्रमुखों के साथ की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की हालिया कोशिशों को नाकाम करने के एक दिन बाद की गयी। बताया जा रहा है कि बैठक में उभरती सुरक्षा स्थिति के हर पहलू पर चर्चा की गयी। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी शामिल हुए।



**पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम किया :** भारत ने गुरुवार रात जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और कुछ अन्य स्थानों पर मिसाइलों और ड्रोन से सैन्य ठिकानों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम कर दिया था।

**दुश्मन के प्रयासों को विफल कर दिया :** भारतीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को प्रभावी ढंग से नाकाम कर दिया और दुश्मन के प्रयासों को विफल कर दिया। भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की ताजा कोशिशें इसी तरह की कोशिश के 24 घंटे से भी कम समय बाद सामने आयी हैं।

**भारतीय सशस्त्र बलों ने मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग किया :** इससे पहले गुरुवार दोपहर को रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग करके देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में 15 शहरों में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम कर दिया।

## राष्ट्रीय व्योश्री योजना को लेकर पंजीयन शुरू

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय व्योश्री योजना के तहत सेंट्रल कोल्ड फिल्ड लिमिटेड सीसीएल के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा नि:शुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए ओरखण्ड सह अंचल कार्यालय में शनिवार को शिविर लगाया जा रहा है जहां लाभुक आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके लिए वैसे जरूरतमन्द जो साठ वर्ष पूरा कर चुके हैं अपना आधार कार्ड के साथ आकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। साथ ही इनकी मासिक आय अधिकतम 15 हजार होनी चाहिए साथ ही लाभार्थी द्वारा तिन वर्षों के दौरान केंद्र या राज्य सरकार या अन्य सामाजिक योजना के तहत किसी शासकीय या अन्य संस्था से कोई उपकरण प्राप्त नहीं किया हो। इसी तरह दिव्यांगजन के लोए नि:शुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए भी युडीआई कार्ड जिसमे न्यूनतम दिव्यांगत 40प्रतिशत से अधिक, आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र जिसमे मासिक आय अधिकतम 22 हजार पांच सौ रु तक हो वे भी यहां आकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल वितरित



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पेटो पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय पेटो में अध्ययनरत छात्राओं के बिच साइकिल का वितरण शुक्रवार को किया गया। साइकिल का वितरण पेटो पंचायत की मुखिया कौशल्या देवी और पंचायत समिति सदस्य अरबिंद साव ने संयुक्त रूप से किया। वितरण के मौके पर मुखिया कौशल्या देवी ने कहा की साइकिल उपलब्ध हो जाने से छात्राओं को विद्यालय आने जाने में सुगमता होगी और समय का बचत होगा साथ ही छात्राएं समय पर विद्यालय आ सकेंगी। कहा की वर्तमान समय में बालिका शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। साइकिल मिलने से विद्यालय की छात्राएं बेहद खुश थी। मौके पर महेश राम, राजेन्द्र प्रसाद साहू, महेश साव, नकुल कुमार, शंकर शाहा सहित कई लोग मौजूद थे।

## जंगल में युवक ने की आत्महत्या

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा बरही सीमा के गैयपहाडी जंगल में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। युवक की पहचान आशीष कुमार पिता स्व भोला प्रसाद ग्राम गैयपहाडी निवासी के रूप में हुई। जानकारी हो कि आशीष कुमार की शादी दो दिन बाद होने वाली थी। आज उसके यहां पुजा होने वाला था इसलिए उसने अपने घर से सुबह आठ बजे पत्ता लाने को बोलकर जंगल की ओर गया। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसे खोजने के लिए लगभग एक बजे जंगल की ओर गये। जंगल जाने पर देखा कि शव एक पेड़ में झुल रहा है। शव को पेड़ से निकाल कर जमीन पर रखा। ग्रामीणों ने बताया कि शव की स्थिति देखने से लगता है कि कोई इसे मारकर शव को पेड़ से लटका दिया। सूचना मिलने पर बरही पुलिस घटना स्थल पहुंची कर शव को कब्जे में ले लिया है।

## डिक्की से उच्चके एक लाख रुपये ले भागे



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ पेट्रोल पंप में बाइक की डिक्की से एक लाख रुपये ले भागे। घटना गुरुवार की बतायी गयी है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक एनएच-522 पर स्थित नायक फिलिंग स्टेशन में पीड़ित विनोद साव पिता अमृत साव गोविंदपुर विष्णुगढ़ निवासी ने बताया कि घटना के दिन करीब 2:30 बजे स्टेट बैंक इंडिया से मैं और मेरी पत्नी बैंक से 50,000–50,000 रुपये कुल एक लाख रुपये निकालकर बैंक ऑफ इंडिया में एक आवेदन देकर तुरंत विष्णुगढ़ थाने गया जहां गत 28 अप्रैल को अपनी चोरी हुई मोटरसाइकिल टीवीएस अपाची के बारे में पूछताछ कर वापस आ गया और पेट्रोल भरवाने के उद्देश्य से इंडियन पेट्रोल पंप पर गया, जहां कुछ देर के लिए शौचालय गया इसी बीच में अज्ञात चोर ने मेरी पत्नी का हाथ फटकार कर डिक्की में रखे एक लाख रुपये लेकर आगे चालू काले रंग की पल्सर से फरार हो गया। इस घटना की सूचना मिलते ही विष्णुगढ़ थाना-पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन की परन्तु पेट्रोल पंप का सीसीटीवी कैमरा खराब था।

## स्कूल में रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनी



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। प्रातः कालीन सभा में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नवीं कक्षा के सौहार्द सरकार ने बांग्ला में एक सुंदर कविता प्रस्तुत की। वहीं पर नवीं कक्षा के अरिजीत विश्वास और देबार्ध्य मंडल बांग्ला में युगल गीत गाकर रवीन्द्र नाथ टैगोर की जयंती पर चार चांद लगाया। 6 सी की प्रकृति घोष ने बांग्ला में वक्तव्य दिया। 11वीं कक्षा की कृतिका देबनाथ ने अंग्रेजी में रवीन्द्र नाथ टैगोर की जीवनी और सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और साहित्यिक उपलब्धियों को बच्चों के सामने साझा किया। आठवीं कक्षा की आकृती सिंह ने प्रश्नोत्तरी के द्वारा सभी को नवीनतम जानकारियां दी। गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर द्वारा लिखित राष्ट्रगान पूरे देश के लिए एक गौरव और सम्मान की बात है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक उज्जल घोष, लक्ष्मी गुप्ता, चांदनी दुबे और जीएस पात्रा का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन सीसीए इंचार्ज पीवी खड़गा की देख -रेख में संपन्न हुआ।

## कबाड़ की गाड़ियों को नीलाम करने की मांग



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने कोडरमा नगर पंचायत, थाना और वन विभाग में वर्षों से रखी गाड़ियों की नीलामी न करा कर कबाड़ बना देने पर प्रशासन से लेकर सरकार तक पर सवाल खड़ा किया है। कोडरमा नगर पंचायत में ही दो कचरा गाड़ी, दो ट्रैक्टर, चार पानी ढोने वाली टंकी और बिना उपयोग के 10 लाख से खरीदी गयी दो चलंत शौचालय गाड़ी कबाड़ हो गयी। इसी प्रकार सभी थानों में और वन विभाग में वर्षों से पकड़ी गयी कई गाड़ियां कबाड़ हो रही है जिसमें कई गाड़ियां अच्छी स्थिति में है। यह सभी गाड़ियां खुले में रहने के कारण बर्बाद हो रही है और झाड़ियां उग आयी है जिससे वहां सांप और बिच्छुओं का बसेरा हो गया है जो वहां कार्य करने और रहने वालों के लिए समस्या बन गयी है और यही स्थिति पूरे राज्य की है। इन गाड़ियों की नीलामी कर दी जाये तो सरकार को करोड़ों का राजस्व प्राप्त होगा साथ ही जगह भी खाली हो जायेगा एवं साफ सफाई से स्वच्छता भी झलकेगा। श्री बसंत ने इन विषयों से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, मुख्य वन संरक्षक, मा राज्यपाल के साथ ही उपायुक्त को अवगत कराते हुए अविलंब इन कबाड़ हो रही गाड़ियों की नीलामी करने का आग्रह किया है जिससे सरकार के खजाने में धन जमा हो जो विकास के काम आए साथ ही स्वच्छता चरितार्थ हो।

# जयंती पर याद किये गये वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप

## प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन बलिदान करने वाले वीरता, बलिदान और पराक्रम के परिचायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती शुक्रवार को मनी। हजारीबाग शहर के पोस्ट ऑफिस चौक पर स्थित महाराणा प्रताप के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने बारी-बारी से महाराणा प्रताप को पुष्पांजलि दी। महाराणा प्रताप अमर रहे, भारत माता की जय जैसे उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ कमल नयन सिंह ने कहा कि महाराणा



प्रताप ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। आज उनकी जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा रही है। साथ ही जिला प्रशासन से पोस्ट ऑफिस चौक को महाराणा प्रताप चौक नामकरण करने की मांग की। वहीं पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आज का दिन पूरे भारतीयों के लिए खास है। आज एक ऐसे वीर सपूत की जयंती हमलोग मना रहे हैं जिनके नाम मात्र से मुगलों के पसीने छूटते थे। शशि मोहन सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम और दृढ़ प्रण के लिये अमर है। वहीं प्रो प्रदीप सिंह ने कहा कि ऐसे वीर सपूत को मेरा नमन। दहेज उन्मूलन सह समाज उत्थान सवर्ण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीडी सिंह ने कहा कि वे भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं जिन्होंने अपनी मातृभूमि के मान, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। मौके पर मिथलेश सिंह, दीपक सिंह, डॉ मिथलेश कुमार, गुड्डु सिंह, सुनील सिंह राठौर, रवि सिंह, संजय सिंह, मनोज कुमार सरोज, कृष्ण कुमार सिंह, चंदन सिंह, रवि सिंह, राजेश सिंह, राकेश सिंह, ऋषि सिंह, अमित सिंह, बबलू सिंह, मनोज सिंह, ऋषभ सिंह, अंकित सिंह, उमेश सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नवीन जैन ने कोयला खनन परियोजना का किया दौरा

# नव-निर्मित आवासीय इकाइयों का जायजा लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) नवीन जैन ने अवसंरचना विकास और परियोजना प्रगति की समीक्षा के लिए औपचारिक दौरा किया। ढेंगा स्थित आर एंड आर कॉलोनी में आगमन पर परियोजना प्रमुख, सुब्रत कुमार दास ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। क्षेत्रीय कार्यकारी निदशक ने कॉलोनी में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया और तत्पश्चात सिकरी साइट कार्यालय का दौरा किया। जहां उन्होंने नव-निर्मित एक-बीएचके आवासीय इकाइयों का जायजा लिया। अपने दौरे के दौरान श्री जैन



ने कर्मचारियों और हितधारकों के लिए गेस्ट हाउस सहित सभी आवश्यक सुविधाओं और आवासीय इकाइयों के समयबद्ध निर्माण के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने इन बुनियादी ढांचों को कर्मचारियों के सुगम संचालन और जीवन-स्तर को बेहतर बनाने की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक बताया। स्थल निरीक्षण के बाद, श्री जैन ने परियोजना सम्मेलन कक्ष में एक समीक्षा बैठक की। जिसमें परियोजना प्रमुख और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में उन्हें परियोजना में चल रही प्रमुख पहलों, नवीन विकास कार्यों और समग्र प्रगति की विस्तृत प्रस्तुति दी गयी। यह दौरा एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की कोयला खनन परियोजनाओं में उच्चस्तरीय संचालन, मजबूत अवसंरचना और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## सरकारी विद्यालयों का संचालन समय से नहीं हो रहा

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** शिक्षा विभाग के लचर रवैये के कारण मरकच्चो क्षेत्र के विद्यालयों का संचालन में सुधार नहीं हो रहा है। यहां के विद्यालयों का न तो खुलने का समय निर्धारित है और न तो बंद होने का। शिक्षक वेतन उठाने में पीछे नहीं रहते पर दायित्व के निर्वाहन पर गंभीरता नहीं बरतते। शुक्रवार को जब 8 बजे सुबह मीडिया की टीम ने मरकच्चो प्रखंड के दक्षिणी पंचायत स्थित राज्यकृत प्राथमिक विद्यालय महुवा टांड़ पहुंच कर विद्यालय का जायजा लिया तो विद्यालय में एक सरकारी शिक्षक के अलावे विद्यालय में एक भी पारा शिक्षक नहीं पहुंचे थे। इतना ही नहीं विद्यालय में बच्चे भी नहीं पहुंचे थे। क्लास रूम खाली था। पत्रकारों को देखकर पारा शिक्षक अपने घर से आए और साथ में कुछ लड़के को भी बुलाकर ले आये। इतना ही नहीं विद्यालय में मध्यान भोजन भी नहीं बन रहा था। जानकारी के अनुसार उक्त विद्यालय में मध्यान भोजन महीने में बहुत कम दिन ही बनाया जाता है।

## मुखिया ने किया साइकिल का वितरण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चेपाकला उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंझलीडाड़ी में कुल 16 साइकिल विद्यार्थियों के बीच वितरण किया गया। जिसमें लड़कियों के लिए 11 और लड़कों को 5 साइकिल मुखिया के हाथों दिया गया। निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण करते हुए बतौर मुख्य अतिथि मुखिया अनिकेत कुमार नायक छात्राओं को साइकिल भेंट किया। कहा सरकार विद्यार्थियों के लिए लगातार मेहनत शिक्षा हेतु कार्य कर रही है। शिक्षा के बिना एक उन्नत समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। मौके पर चेपाकला पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक, डाडीकला वार्ड सदस्य बसंती देवी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष जितन महतो, प्रभारी प्रधानाध्यापक ललन कुमार सिन्हा, शिक्षक शोभीलाल महतो, रामकुमार महतो, रिंकी देवी, माला देवी कौशल्या देवी के साथ अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# बड़कागांव में सर्दी-खांसी-जुकाम के मरीज बढ़े

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड और आसपास के क्षेत्र में मौसम बदलाव के कारण लोगों की सेहत बिगड़ रही है। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण बुखार, सर्दी-जुखाम और खांसी के मरीज बढ़ गये हैं। जिन लोगों की इम्युनिटी कम होती है उन्हें सर्दी होने पर वह खांसी की चपेट में आ रहे हैं। पिछले सप्ताह बे मौसम बारिश होने के कारण गर्म और सर्द के हवा ने रोग प्रतिरोधक क्षमता कम लोगों के कम कर दी है।यह समस्या लोगों को झेलनी पड़ रही है। बड़कागांव, सांढ, बिश्रामपुर, नयाटांड़, गोसाई बलिया, बादम, हरली, गोंदलपुरा, अंबाजीत, महुगाई खुर्द, चंदोल, सिंदवारी, सोनबरसा, सीकरी, सिरमा समेत अन्य क्षेत्रों में सर्दी, बुखार और खांसी के मरीज लगभग 45



प्रतिशत बढ़ गये हैं। बड़कागांव के हर घरों में एक या दो मरीज सर्दी खांसी और जुकाम से आक्रांत हैं। सरकारी अस्पताल, निजी क्लिनिकों और नर्सिंग होम में मरीजों की संख्या हर दिन देखा जा रहा है। बदलते मौसम में लोग जुखाम-खांसी से ग्रसित हैं, क्योंकि पिछले कुछ दिनों से मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। और इसके चलते सबसे ज्यादा लोगों में सर्दी, खांसी और बुखार की शिकायतें मिल रही हैं।

**क्या कहना है चिकित्सा प्रभारी का:** बड़कागांव स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार का कहना है कि पिछले दिन बारिश और कभी धूप कभी छांव के कारण तापमान में काफी उतार चढ़ाव हो रहा है। जिसके चलते सर्दी, खांसी, बुखार के मरीज बढ़े है।

# कुएं में उतरे दो युवकों की जहरीली गैस से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत पूर्णानगर गांव में बीती रात एक कुएं में गिरे डीजल पंप सेट को निकालने के दौरान दो युवकों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान बहादुर राणा (30) व सुरेंद्र साव (32) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पूर्णानगर निवासी दोनों युवक गुरुवार देर रात खेत में पटवन के लिए इस्तेमाल होने वाले डीजल पंप जो कि उक्त कुएं में गिर गया था उसे निकालने हेतु पहुंचे। रात के लगभग 9 बजे दोनों युवक रस्सी के सहारे कुएं में घुसे जिसके बाद जब वे काफी देर तक बाहर नहीं निकले तो आसपास मौजूद लोगों को संदेह हुआ। लोग कुएं के पास पहुंचे तो देखा कि उक्त दोनों युवक बेहोशी की हालत में थे। इसके बाद वहां मौजूद 4 अन्य लोग उन्हें बाहर निकालने हेतु कुएं में घुसे। कुएं के अंदर जाते ही वे लोग कुएं



के बाहर मौजूद लोगों से उन्हें जल्द बाहर खींचने का इशारा करने लगे। जिसके पश्चात वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकाला। उक्त चारों व्यक्ति जब बाहर आए, तो उन्होंने बताया कि कुएं में महज कमर तक ही पानी है। जो डीजल पंप सेट अंदर कुएं में गिरा था उसके डीजल के रिसाव के कारण अंदर काफी गैस बन गया है और सांस लेने में काफी तकलीफ हो रही है। इधर कुएं से डीजल पंप सेट निकालने पहले से पहुंचे दोनों युवकों को बाहर निकाला गया और 108 एम्बुलेंस की सहायता से सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं उक्त दोनों युवकों को निकालने कुएं में घुसे घायल कारू राणा का इलाज अभी जारी है। इधर घटना की सूचना पाकर नवलशाही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना के पश्चात पूरे गांव में शोक है।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित मारुती चौक के समीप गुरुवार देर रात ट्रक जे एच 12 एफ 7465 के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान संतोष राम उम्र 32 वर्ष पिता स्व. सुखदेव राम, ग्राम बरवाडीह, थाना मरकच्चो निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात ट्रक और मोटरसाईकिल दोनों वाहन नवलशाही से कोडरमा की ओर जा रही थी आगे मोटरसाईकिल सवार था और उसी के पीछे ट्रक था। इसी दौरान मारुती चौक के समीप ट्रक ने उसे अपने चपेट में ले लिया। घटना ने मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति घायल हो गया। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया जहां डॉक्टरों द्वारा घायल व्यक्ति को गंभीर देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया था। परंतु घायल युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। वहीं घटना स्थल से नवलशाही पुलिस ने उक्त ट्रक को जप्त कर लिया। बता दें कि मृतक मजदूरी कर के अपना घर चलाता था, मृतक का दो पुत्री और एक पुत्र है। इस घटना से आहत होकर परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## भारतीय सेना की बहादुरी को सलाम: रेणु कुमारी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारतीय सेना ने एयर स्ट्राइक कर चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया है जो भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को दर्शाता है। कांग्रेस ओबीसी मोर्चा प्रदेश सचिव रेणु कुमारी ने भारतीय सेना और केंद्र सरकार की इस कार्रवाई की जमकर प्रशंसा किया और सेना के साहसिक कदम को सलाम किया। रेणु कुमारी ने कहा कि भारतीय सेना के जज्बे को हम सलाम करते हैं। केंद्र सरकार और भारतीय सेना की बहादुरी ने आतंकियों की नींव हिला दिया है। कहा कि भारतीय सेना ने 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा किये गये कायराना आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देकर 26 पर्यटकों के नृशंस हत्या का बदला लिया है। कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में आज पूरा देश एकजुट होकर आतंकवादियों के खिलाफ लड़ रहा है। भारतीय सेना के शौर्य को दिल से सलाम, कहा कि देश का हर एक नागरिक आतंकवाद से मुक्ति चाहता है। आतंकवादियों के खिलाफ में पूरे देश में आक्रोश का माहौल बन चुका है उन्होंने पाकिस्तान के द्वारा भारतीय नागरिकों पर किए गए कायराना हमले को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पाकिस्तान की हर एक कार्रवाई का भारतीय सेना और भारतीय नागरिक मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है।

## हाथियों के झुंड ने गांव में मचाया उत्पात



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेरहवा जंगल से सटे गांवो में हाथियों का उत्पात फिर शुरू हो चुका है। गुरुवार की रात हाथियों का झुंड बेरहवा जंगल से सटे महुआटांड गांव पंहुच कर जमकर उत्पात मचाया। रात के लगभग 11बजे लगभग तीन दर्जन हाथियों का झुंड जिसमे लगभग एक दर्जन हाथी के बच्चे भी शामिल हैं। महुआटांड निवासी मंसूर आलम के इट भट्टे पर पंहुचा और वहां मजदूरों के लिए बनाये गये झोपड़ियों को नुकसान किया। झोपडी के अंदर सोये मजदूरों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। इट भट्ठा मे काम करने वाले मजदूर शिवबालक, राजू, राजबलम, बालमुकुंद, सुनीता देवी आदि ने बताया की जब हाथियों का झुंड वहां पंहुचा तो वे लोग झोपडी मे ही सो रहे थे। अचानक हाथियों ने झोपड़ियों को तोडना शुरू कर दिए जिसके बाद वे लोग अपने बच्चों को लेकर किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। हाथियों ने तोड़-फोड़ करने के बाद वहां रखे उनके सारे राशन को भी चट कर दिया। उनलोगो द्वारा शोर करने पर पंहुचे ग्रामीणों ने लूप व पटाखे जलाकर किसी तरह हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा। इस दौरान हाथियों ने जाकिर हुसैन व यासीन मियां का बॉउंड्री वाल को तोड़ दिया साथ ही हाथियों ने उत्क्रमित राजकीय विद्यालय के बॉउंड्री को भी तोड़ दिया। हाथियों का झुंड बेरहवा वन मे ही बसेरा बनाये हुए है जिससे आसपास रहने वाले ग्रामीणों मे भय व्याप्त है।

## कोडरमा रेलखंड पर 140 की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन, महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** रेल संरक्षा, यात्री सुविधा और कोयला लोडिंग व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना- बख्तियारपुर- तिलैया- कोडरमा-बानाडाग रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के पूरे रेलमार्ग की सुरक्षा, संरचना और स्पीड ट्रायल की बारीकी से समीक्षा की गयी। महाप्रबंधक ने कोडरमा से पूर्व बंधुआ तक के खंड पर 140 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रेन दौड़ाकर ट्रैक की मजबूती और ओएचई लाइन की जांच की। निरीक्षण के क्रम में कोडरमा स्टेशन के साथ-साथ हजारीबाग टाउन स्टेशन पर भी यात्री सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के बाद छत्रसाल सिंह एनटीपीसी बानाडाग साइडिंग पहुंचे, जहां उन्होंने कोल लोडिंग की स्थिति और इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रगति पर अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली। एनटीपीसी के महाप्रबंधक इन्फ्रा एसके दूबे और परियोजना प्रमुख एसके दास के साथ बैठक में कोल लोडिंग की गति बढ़ाने और साइडिंग के विकास पर रणनीति बनायी गयी। निरीक्षण के दौरान पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक मनोज सिंह, वाणिज्य प्रबंधक इंदू रानी दूबे, इंजीनियरिंग प्रमुख शैलेश वर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही दानापुर मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी और धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा भी अपने-अपने क्षेत्रों में उपस्थित रहे। निरीक्षण और बैठक के बाद स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि कोडरमा रेलखंड पर संरक्षा, सुविधा और औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। स्पीड ट्रायल की सफलता को भविष्य में सुपरफास्ट ट्रेनों के संचालन की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मदर्स डे का आयोजन




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया के मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मदर्स डे का आयोजन उत्साह और प्रेम के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में माताओं के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि भावना सिंह, विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्जवलित कर किया। स्वागत संबोधन में विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने माताओं को उनके अथक प्रयासों और समर्पण के लिए धन्यवाद दिया और उनके बच्चों की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। कहा कि माताएं हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और हमें उनकी कद्र करनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे बच्चों ने माताओं को समर्पित एक शानदार समूह नृत्य और समूह गान प्रस्तुत किया। माताओं के लिए विभिन्न गतिविधियां जैसे खेल का भी आयोजन किया गया। गेम प्रतियोगिता में भावना सिंह प्रथम रहीं। वहीं रेड क्वीन कॉन्टेस्ट में खुशबू सेठ प्रथम रहीं। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माताओं ने अपने अनुभव साझा किये और विद्यालय के साथ अपने जुड़ाव को व्यक्त किया।

## फूड बास्केट का किया गया वितरण



पतरातू (आजाद सिपाही)। जिला यक्ष्मा रामगढ़ के पहल से पुरे जिले को टीबी मुक्त को लेकर शुक्रवार को एसटीपीपी हेल्थ सेंटर पीवीयूएन परिसर में पीवीयूएन पतरातू ने निक्षय मित्र बनकर इलाजरत टीबी मरीजों को गोद लेकर फूड बास्केट वितरण किया गया। इस मौके पर बताया गया कि टीबी के उन्मूलन में जन भागीदारी जरूरी है। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सीएमओ एनटीपीसी, डीपीसी एनटीईपी, बीपीएम, एसटीएलएस, टीबीएचवी सहित कई मौजूद थे।

## नये प्रभारी से मिले भाजपा प्रतिनिधि मंडल



कुजू (आजाद सिपाही)। कुजू ओपी में नये प्रभारी के रूप में पदस्थापित आशुतोष कुमार सिंह से भाजपा का प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने ओपी प्रभारी का स्वागत कर बधाई दी। मुलाकात के दौरान जगेश्वर प्रजापति ने ओपी प्रभारी से क्षेत्र के घरों में लगातार हो रही चोरी घटनाओं पर अंकुश लगाने की अपील की। जिस पर ओपी प्रभारी ने जल्द ही कारवाई कर रोक लगाने का आश्वासन दिया। मिलने वालो मे रतन प्रसाद साहू, सुखदेव सोनी, मनसरी देवी, वीणा देवी, आशा देवी, सुनीता देवी, सुमन देवी, कौशल्या देवी, छोटन प्रजापति शामिल रहे।

## टीओटी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित



चतरा (आजाद सिपाही)। डीआरडीए सभागार में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी की अध्यक्षता में समर कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय टीओटी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला में संचालित समर अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत कुपोषित बच्चों का समुदाय आधारित प्रबंधन, परामर्श, उपचार और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने पर और समर एप्लीकेशन का सफल संचालन हेतु महिला पर्यवेक्षिका, आइसीडीएस चतरा, एमओआइसी, सीएचओ, बीपीएम, स्वास्थ विभाग और नीति आयोग से संबंधित अधिकारी/कर्मी शामिल हुए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र और समुदाय आधारित प्रबंधन पर उपचार सुनिश्चित हो इस पर जिला के मास्टर ट्रेनर शंभू बड़ाइक, जिला क्षेत्रीय प्रबंधक, चतरा, कुमारी अनीता, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चतरा ग्रामीण, डॉ सुदीप कुमार, एमओआइसी टंडवा और अर्पणा मरांडी, महिला पर्यवेक्षिका टंडवा ने सभी को प्रशिक्षण दिया।

## मां है तो सारा जहान है, मां ही सबकुछः नेहा जैन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा रावण के तत्वधान में मई माह के दूसरे रविवार 11 मई को थाना चौक में नारी शक्ति को समर्पित करते हुए मातृ-दिवस बहुत ही उल्लास के साथ मनाया गया। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम बच्चियों द्वारा डांस हुआ गेम्स, प्रश्नोतरी, बच्चों के लिए गेम तंबोला आयोजित किये गये। कार्यक्रम की संयोजिका नेहा जैन, रिकल अग्रवाल, आरती शर्मा, विजेता अग्रवाल ने कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही उत्कृष्ट ढंग से किया। मातृ दिवस को मनाने वालों का कहना है कि ऐसे तो हर दिन मां का दिन होता है। मां की इजाजत से ही हर शुभ कार्य करते हैं। मां है तो सारा जहान है। लेकिन आज का दिन विशेष तौर पर मातृ दिवस के रूप में मनाया जाता है इसलिए उन्होंने भी इस दिवस का पालन मां के साथ रहकर उनकी पसंद को ध्यान में रखते हुए मनाया। सभी माताओं को सम्मानित किया गया। सभी माताओं ने डांस किया, लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया। इस दौरान कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी माताओं के लिए मनोरंजक कार्यक्रम पेश किये। साथ ही केक काटकर चाकलेट बांटा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शाखा के सदस्यों का भरपूर योगदान रहा, शाखा अध्यक्षा नीति बेरलिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## राजी पहड़ा सरना प्रार्थना सभा ने की पूजा आयोजित



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। चितरपुर क्षेत्र के ग्राम लारी पंचायत अंतर्गत छोटकी लारी में शुक्रवार को नया सरना स्थल में राजी पहड़ा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी लोग ने कहा कि आदिवासी संगठन को मजबूत करना है। मौके पर संरक्षक राजेश पाहन, खिलेनाथ पहान, अशोक मुंडा, राजू मुंडा, सितली मुंडा, मथन मुंडा, मुनिया मुंडा, प्रियंका, रीना, मुनिता, राधिका मुस्कान, नरेश, धनेश्वर, मिथिलेश दशमी, जयंती, आलोमनी आदि कई लोग शामिल थे।

## हिंदू टाइगर फोर्स ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाया जागरूकता अभियान



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। महिलाओं की सुरक्षा के लिए हिन्दू टाइगर फोर्स के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शहर में जन-जागरूकता अभियान चलाया। मौके पर दीपक सिसोदिया ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से शहर में महिलाओं के साथ छेड़-छाड़ की घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया है। अब महिलाएं छेड़-छाड़ या अत्याचार की सूचना हिन्दू टाइगर फोर्स को दें। कार्यकर्ता तुरंत सहायता के लिए पहुंचेंगे। जन-जागरूकता अभियान विशाल तिवारी के नेतृत्व में शहर के कई स्थानों पर चलाया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

### पीके सिंह ने संभाली रामगढ़ थाना प्रभारी की जिम्मेदारी, रामगढ़ वासियों से की अपील

# बिचौलियों से रहें सावधान सीधा मुझसे करें संपर्क

**हमसब मिलकर रामगढ़ को बनायेंगे खुशहालः पीके सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला एक सेंसिटिव क्षेत्र है, जनता की समस्याओं का निदान करना मेरी प्राथमिकता होगी, लेकिन बिचौलियों के चक्कर में और किसी के कंधे पर हाथ रखकर ना आए, आम जनमानस के साथ मिलकर क्षेत्र की खुशहाली के लिए काम करूंगा, मेरा जो सरकारी मोबाइल नंबर है हर समय मेरे पास रहेगा और किसी भी तरह की कोई भी परेशानी हो तो मुझसे सीधा संवाद करें। उक्त बातें रामगढ़ थाना प्रभारी के रूप में कमान संभाले 65 वें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रमोद कुमार सिंह ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आम आदमी का विश्वास प्राप्त करना जरूरी है, क्योंकि वरीय पदाधिकारी का मेरे पर विश्वास के रूप में मुझे यह दायित्व दिया गया है और उसके साथ आम लोगों का भरोसा विश्वास जीतना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि एक थानेदार का क्या दायित्व होता है यह आप सभी अच्छे तरीके से जानते हैं। आम जनमानस का भरोसा और विश्वास जो भी होगा और जो भी समस्याओं का निदान करने के लिए भरोसे के साथ जनता का करूंगा। उन्होंने कहा कि रामगढ़ एक सेंसिटिव क्षेत्र है क्योंकि रांची, हजारीबाग और बोकारो से सटा हुआ रामगढ़ है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र की जनता की समस्या को लेकर मैं खरा उतारूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के लिए मैं खुद प्रयास करूंगा।

**अभिभावक अपने बच्चों को मैच्योरिटी आने पर दे जिम्मेदारीः** उन्होंने कहा कि इन दोनों बाइकर्स गैंगों की बात आती है वे जब तक 18 से ऊपर नहीं आते हैं तो उन पर मैच्योरिटी की भावना नहीं आती है और वह अपने जीवन के प्रति सजग नहीं होते हैं। लेकिन इन सभी की जवाब दही उनके अभिभावक की होती है। और वह अपने बच्चों को समझाएं जब तक उन्हें लाइसेंस और किसी भी तरह का दस्तावेज पूरा नहीं कर पाते हैं तो उन्हें हाई स्पीड की गाड़ी उपलब्ध नहीं कराये। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि अगर इस तरह के जानकार भी अगर बच्चों को गाड़ी उपलब्ध कराते हैं तो उन पर शक्ति कार्रवाई की जायेगी साथ ही भारी भरकम जुर्माना भी वसूला जायेगा।

# सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत, आठ घायल

**दुमका सीट की सूची में चार प्रत्याशी और बेरमो में 11 के**

**दुमका सीट की सूची में चार प्रत्याशी और बेरमो में 11 के**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** प्रतापपुर- जोरी मुख्य पथ पर स्थित मानवी होटल के ठीक पीछे एक सवारी वाहन ने लूना पर सवार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे लूना पर सवार एक नौ वर्षीय बालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी और लूना चला रहे व्यक्ति और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी है। जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से घायल अरविन्द प्रसाद बिहार के डुमरी लुटवा बांके बाजार के निवासी है। सवारी वाहन लगभग 50 फिट तक लूना बाईक को चपेट में लेकर एक पुल के पास पलट गयी है। जिससे सवारी वाहन पर सवार छह लोग भी घायल हो गये। जानकारी के अनुसार सवारी वाहन कुंदा प्रखंड के कारीमारन गांव से बारात लेकर शादी समारोह में हंटरगंज की ओर गयी थी। शुक्रवार सुबह हंटरगंज शादी समारोह से लौटने के क्रम में यह घटना घटी।

## मॉर्निंग वॉक पर गये व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत

चतरा (आजाद सिपाही)। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। आए दिन सड़क दुर्घटना में हो रही लोगों की मौत की घटना ने लोगों की नींद उड़ा दी है। मॉर्निंग वॉक पर जाने के क्रम में कई लोगों की दुर्घटना में जान चली गयी है तो कई लोग स्वस्थ होने के इंतजार में इलाजरत हैं। शहर, गांव और टोले मुहल्लों में भी लोग अपने को सुरक्षित नहीं महसूस कर रहे हैं। आज एक बार फिर मॉर्निंग वॉक पर गये शहर के ग्राम देवरिया निवासी और जिला डीलर संघ के सचिव नंद किशोर पासवान पिता स्वर्गीय महादेव पासवान को मोटरसाइकिल सवार ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उनकी मौत हो गयी। इस बाबत मृतक के भाई सुरेंद्र पासवान ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह आज भी नंद किशोर पासवान मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। शहर के बाबा घाट के समीप एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मारा। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल छोड़ कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में रखा है। सड़क दुर्घटना की खबर मिलते ही नंदकिशोर पासवान को आनन फानन में सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में लाइफ मिशन को लेकर बच्चों ने पेड़ों पर लगाये क्यूआर कोड

**पर्यावरण संरक्षण के दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा क्यूआर कोड अभियानः हरजाप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ के इको क्लब ने स्कूल परिसर में पेड़ों के लिए क्यूआर कोडिंग मिशन शुरू करके पर्यावरण के अनुकूल कदम उठाया है। लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) मिशन के हिस्से के रूप में छात्रों ने विभिन्न पेड़ प्रजातियों पर क्यूआर कोड बनाये और लगाये। जिससे उनके वनस्पति नामों, उपयोगों और पर्यावरणीय महत्व के बारे में जानकारी तक आसान पहुंच हो सके। यह पहल न केवल जागरूकता और संरक्षण को बढ़ावा देती है बल्कि पर्यावरण शिक्षा के साथ प्रौद्योगिकी को भी एकीकृत करती है। यह पहल कक्षा 6 से 8 तक के इको क्लब के छात्रों द्वारा की गयी। जिन्होंने पेड़ों को डिजाइन करने, कोडिंग करने और टैग करने में सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रिंसिपल हरजाप सिंह ने छात्रों के उत्साही प्रयासों की सराहना की और शिक्षा में पर्यावरण जागरूकता के महत्व पर बहुमूल्य जानकारी भी साझा की। यह कार्यक्रम इको क्लब प्रभारी शिक्षिका पूनम वर्मा और शिवानी शर्मा के द्वारा बच्चों से करवाया गया जिसमें इको क्लब की सचिव मुस्कान कुमारी भी रहीं और चारों सदनों के इको क्लब के कप्तान जिनके नाम साहिबजादा अजीत सिंह हाउस शैली कुमारी 12वीं कला से, साहिबजादा जोरावर सिंह हाउस अनन्या लोहानी 12वीं विज्ञान (ब) से, साहिबजादा फतेह सिंह हाउस से शुभांगी कुमारी 12वीं विज्ञान (ब) से और साहिबजादा जुझार सिंह हाउस अश्मित कौर 12वीं विज्ञान (ब) से रहीं। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य परमदीप सिंह कालरा और स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरिंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुशविंदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह याजग्गी मौजूद थे। उनके प्रोत्साहन और उपस्थिति ने इस अवसर को और भी खास बना दिया।

## डॉ शारदा अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान से मिस्र में सम्मानित होंगी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला मंच, मुरादाबाद भारतवर्ष द्वारा आगामी 10 -11 मई को मिस्त्र में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी और साहित्यकार सम्मान समारोह-2025 में डॉ. शारदा प्रसाद, हिंदी साहित्यभूषण, कवयित्री, समीक्षक और पूर्व प्राचार्या, रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ को हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। मिस्त्र की राजधानी काहिरा के होटल पिरामिड्स में आयोजित समारोह में साहित्यकारों को उनकी हिंदी सेवा और सृजन के लिए विविध सम्मानों और अलंकरण से अलंकृत किया जायेगा। इस अवसर पर डॉ शारदा प्रसाद को हिंदी गौरव सम्मान से अलंकृत किया जायेगा। यह सम्मान उन्हें संस्कृति, साहित्य, शिक्षा और ललित कलाओं के उन्नयन और मानवीय मूल्यों के संवर्धन के लिए वैश्विक स्तर पर निरंतर समर्पित भाव से किया जा रहे सृजनात्मक कार्यों के लिए दिया जा रहा है। मंच के संस्थापक अध्यक्ष और सेमिनार के संयोजक डॉक्टर महेश दिवाकर, हिंदी साहित्य भूषण, डी.लिट. ने यह सूचना दी। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रोफेसर हरिवंश दीक्षित, डीन, विधि संकाय, टीएमयू, मुरादाबाद करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में विदुषी डॉ चारू मेहरोत्रा, प्राचार्या, गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज, मुरादाबाद होंगी।

### अनुदान की राशि का उपयोग पारदर्शिता के साथ करने को लेकर बैठक

# शिक्षा समाज के उत्थान का सबसे सशक्त माध्यम हैः ममता देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के जनता उच्च विद्यालय होन्हे में अनुदान राशि वितरण और विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सह विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ममता देवी शामिल हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विद्यालय को प्राप्त अनुदान राशि प्रथम किश्त के वितरण व्यवस्था, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण और समग्र विकास पर चर्चा हुई। इस अवसर पर शिक्षकों को चेक सौंपे गये। विधायक ममता देवी ने कहा कि शिक्षा समाज के उत्थान का सबसे सशक्त माध्यम है। ग्रामीण विद्यालयों में संसाधनों की कमी के बावजूद विद्यार्थियों की लगन और शिक्षकों की निष्ठा प्रेरणादायक है। हम शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत हैं। अनुदान राशि का उपयोग पूर्ण पारदर्शिता और प्राथमिकता के आधार पर हो, जिससे विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिल सके। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, जैक सदस्य पुष्पा कुमारी, प्रधानाध्यापक नरोत्तम कुमार, शिक्षाविद गंगाधर महतो, भेदोराम महतो, मनोज पुझर, मोइनुद्दीन अंसारी, बैजनाथ महतो, देवती कुमारी, अर्चना कुमारी, सुनिल कुमार, पवन कुमार, हरिदास कुमार, मनोज कुमार, संजय महली आदि उपस्थित थे।

## विजय राय बने मानवाधिकार जनकल्याण एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष




कुजू (आजाद सिपाही)। भारतीय मानवाधिकार जनकल्याण एसोसिएशन का एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन अक्षत बैंक्विट हॉल, मुरपा में हुई। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष वीके सक्सेना, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र पासवान शामिल रहे। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष वीके सक्सेना ने मौजूद लोगों को एसोसिएशन के उद्देश्यों एवं अधिकारो से अवगत कराते हुए कहा कि सरकारी और गैर सरकारी विभागों में व्याप्त रिश्वतखोरी समेत भ्रष्टाचार को रोकना लक्ष्य है। साथ ही, भ्रष्ट अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई कराना और सजा दिलवाना है। वहीं, सरकारी अस्पतालों में सरकार द्वारा गरीबों के इलाज के लिए दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ दिलाना है। तत्पश्चात कुजू निवासी विजय कुमार राय को एसोसिएशन का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और प्रकाश कुमार को राष्ट्रीय कार्यक्रम सचिव के रूप में मनोनयन किया गया। साथ ही, प्रमाण पत्र सौंपते हुए फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मनोनयन बाद विजय राय ने प्रदेश स्तरीय संगठन का मजबूती दिलाने का वायदा कर उद्देश्यों के बीच गरीबों के साथ खड़ा होने का भरोसा दिलाया। साथ ही, ईमानदारी पूर्वक संगठन के प्रति कार्य निर्वहन करने की बात कही। इधर, विजय राय की अगुवाई में रामगढ़ जिला कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष अनुज कुमार, उपाध्यक्ष रंजीत मिश्रा, महासचिव राजेश सिन्हा, मीडिया सचिव दिनेश कुमार, जिला विधि सचिव अमित सिंह, जिला कार्यक्रम सचिव धर्मेंद्र सिंह, जिला वेलफेयर सचिव सन्नी देओल का मनोनयन किया। वहीं, मनोनयन सदस्यों का फूल माला पहनाकर व प्रमाणपत्र पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कई लोग शामिल रहे।

## शिक्षिका से सोने की चेन की छिनतई



चतरा (आजाद सिपाही)। शहर से सटे बभने गांव स्थित लघु सिंचाई विभाग पुलिस पिकेट के बगल में एक सेवानिवृत्त शिक्षिका से चैन छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। सेवानिवृत्त शिक्षिका सिसिलिया धान ने बताया कि वह लगभग 12 बजे दोपहर बाजार से सामान खरीदकर बभने गांव स्थित लघु सिंचाई विभाग पुलिस पिकेट के बगल गली में अपने घर जा रही थी। इसी बीच जैसे ही वह अपनी गली में प्रवेश की वैसे ही एक मोटरसाइकिल पर हेलमेट पहने दो युवक उसके बगल से गुजरा और दस कदम आगे जाकर मोटरसाइकिल वापस लेकर आया और शिक्षिका सिसिलिया धान के सामने मोटरसाइकिल सटाकर उनके गले में पहनी सोने की चैन को खींचकर तोड़ दिया और अपने साथ लेकर चलते बना। वह चोर- चोर की आवाज लगाने लगी तब तक मोटरसाइकिल सवार भाग गया। शिक्षिका ने इस घटना की सूचना देने के लिए सदर थाना के मोबाइल नंबर 9431706364 पर काल ने की तो मोबाइल स्विच ऑफ मिला।

## ग्राम रोजगार सेवकों को दिया गया नियुक्ति पत्र




चतरा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में और चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी की उपस्थिति में संविदा आधारित मनरेगा योजना अंतर्गत 30 ग्राम रोजगार सेवकों को समारोह आयोजित कर नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। समारोह में उपस्थित नवनियुक्त ग्राम रोजगार सेवक को बधाई देते हुए अपने कार्य क्षेत्र में जाकर ईमानदारी पूर्वक मेहनत और लग्न के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करने को कहा गया। साथ ही कहा गया कि मनरेगा योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। योजना जिस उद्देश्य के लिए बनाया गया है उस उद्देश्य को पूरा करने की अपील किया गया। आज के कार्यक्रम में चयनित ग्राम रोजगार सेवकों में से उपस्थित 19 रोजगार सेवकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। उपायुक्त रमेश घोलप ने शेष अनुपस्थित रोजगार सेवकों को 20 मई से पहले विकास भवन से नियुक्ति पत्र प्राप्त करते हुए योगदान देने का निर्देश दिया। अगर निर्धारित अवधि के अंदर योगदान नहीं देते है तो उनके किसी प्रकार के दावे को स्वीकार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक के 34 पदों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जायेगी। इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## पत्रकार मनीष गुप्ता की स्कॉर्पियो चोरी, मामला दर्ज

टंडवा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मिश्रोल निवासी पत्रकार मनीष गुप्ता का स्कॉर्पियो जेएच 01 एफएल 6624 चोरी हो गयी, इस बावत भुक्तभोगी ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर इसकी सूचना दी है, दी गयी सूचना में कहा है कि प्रतिदिन की तरह वह अपना स्कॉर्पियो मिस्त्रोल में आलोक गुप्ता के घर के पास खड़ा कर अपने घर चले गये, सुबह जब वापस गये तो गाड़ी वहां नही थी, मामले में भुक्तभोगी ने उचित छानबीन करते हुए करवाई करने की मांग की है, इधर टंडवा पुलिस ने कांड संख्या 79/25 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गयी हैं।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच, कोलकाता-700043 निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तारीख को **अपराह्न 3.00 बजे** से पहले ई-निविदा आमंत्रित करते हैं तथा निविदा **अपराह्न 3.30 बजे** खोली जाएगी। **क्र. सं.:** 1। **निविदा संख्या: टी-पीयूबी-जीआरसी-2025-399, दिनांक: 08.05.2025। कार्य का विवरण:** दो वर्षों की अवधि के लिए एडीईएन/ सेटलमेंट/गार्डनरीच के अधीन दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच कॉम्प्लेक्स, कोलकाता में न्यू एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, सीपीओ सेटलमेंट ऑफिस, सोनिया बापू बिल्डिंग, बीएचएफ बिल्डिंग, वरिष्ठ डीईएन कार्यालय, ऑडिटोरियम, सतर्कता कार्यालय, ट्रैफिक एकाउंट्स ऑफिस एवं जीएम कैंप ऑफिस की सफाई, झाड़ू लगाना, धूल झाड़ना। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,04,80,552। **बयाना राशि:** ₹ 3,02,400। **क्र. सं.:** 2। **निविदा संख्या: टी-पीयूबी-जीआरसी-2025-400, दिनांक: 08.05.2025। कार्य का विवरण:** दो वर्षों के लिए एडीईएन/सेटलमेंट/गार्डनरीच के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/गार्डनरीच के अधीन गार्डनरीच की नॉर्थ एवं साउथ कॉलोनी के लिए स्लुइस वाल्व का व्यापक परिचालन एवं रखरखाव। **निविदा मूल्य:** ₹ 94,28,784। **बयाना राशि:** ₹ 1,88,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0 (क्र.सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख:** 03.06.2025 (क्र.सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 24 (चौबीस) महीना (क्र.सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा अनुसूची, संशोधनी, शुद्धि पत्र में कोई भी परिवर्तन, यदि कोई हो, सिर्फ ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध होगी तथा उसे समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/ स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। हेल्प डेस्क संपर्क नंबर 033-2450-3783। (PR-139)

# चौकस भारत

आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पाकिस्तान दो देशों की जंग का रूप देने पर तुला है। 7 मई की रात के बाद 8 मई देर शाम को पाकिस्तान ने भारत में कई सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, जिसे भारतीय डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। भारत का रुख स्पष्ट और सही है कि क्षेत्र में तनाव नहीं बढ़ना चाहिए, लेकिन अगर पड़ोसी देश ने कोई हरकत की, तो उसका माकूल जवाब दिया जायेगा।

**जरूरी कदम :** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। भारत की प्रतिक्रिया फोकस्ड, संतुलित और गैर-उकसावे वाली थी। लेकिन, पाकिस्तान ने इसके जवाब में पहले तो 7 मई को देर रात और 8 मई देर शाम भारत के कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। उसने एलओसी पर गोलाबारी बढ़ा दी और मासूम नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। भारत का लाहौर के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करना और उसके दूसरे कदम पाकिस्तान को उसकी करतूतों का जवाब हैं, जो कि जरूरी हो गया था।

**आतंकियों से नाता :** पाकिस्तान का यह आरोप बेबुनियाद है कि तनाव की शुरुआत भारत ने की। एस्केलेशन पहलगाम आतंकी हमले से शुरू हुआ था और भारतीय सेना ने उसके बाद आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया। भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को अभी तक निशाना नहीं बनाया है।

**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर देश पर सैन्य हमले होते हैं, तो इसका कड़ा जवाब दिया जायेगा।**

**नापाक इरादे :** दरअसल, आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान लंबे अरसे से दुनिया को गुमराह करता आया है। ताजा मामले में भी वह झूठ फैला रहा है कि भारत की स्ट्राइक उसके धार्मिक स्थलों पर हुई और इसमें आतंकी नहीं, आम नागरिक मारे गये हैं। यह झूठ दरअसल उसी साजिश का हिस्सा है, जिसके तहत आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग करके हिंदुस्तान में सांप्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास किया था। सच्चाई तो यह है कि धर्म को आतंक से पाकिस्तान ने मिलाया है। उसने धार्मिक स्थलों की पवित्रता का भी ख्याल नहीं रखा और अपने नापाक मंसूबों के लिए उनका इस्तेमाल किया।

**भारत का लक्ष्य तय :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर देश पर सैन्य हमले होते हैं, तो इसका कड़ा जवाब दिया जायेगा। भारत पहले भी यह बात कह चुका है। इससे जाहिर होता है कि वह अपने लक्ष्य को लेकर फोकस्ड है यानी आतंकवाद का खात्मा। उसका मकसद युद्ध नहीं है।

अभिमत

आजाद सिपाही

**भारत की हालिया हवाई कार्रवाई से पाकिस्तान और शेष विश्व (चीन सहित) को 3 स्पष्ट संदेश मिले है। पहला, भारतीय गुप्तचर तंत्र इतना सक्षम है कि वह पाकिस्तान के एक-एक आतंकी ठिकानों की जानकारी रखता है। इसलिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 जगहों पर 21 आतंकी ठिकानों को भीषण हवाई बमबारी से ध्वस्त कर दिया। दूसरा, भारत के पास ऐसी मारक क्षमता है कि वे जब चाहे और जहां चाहे, अपने शत्रुओं पर निशाना लगाकर नष्ट कर सकता है।**

# नये भारत की ताकत 'ऑपरेशन सिंदूर'

बलबीर पुंज



**पाकिस्तान ने 1965 में भारत पर फिर आक्रमण कर दिया। भारतीय जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए लाहौर में घुस कर तिरंगा लहरा दिया, परंतु भारत ने उसे दोबारा पाकिस्तान को सौंप दिया, तो 1971 के युद्ध में भारत ने ऐतिहासिक रूप से बंदी बनाये गये 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को रिहा कर दिया।**

गत 6-7 मई की देर रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के 9 अड्डों को नष्ट कर दिया। इसमें जिहादी और आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के परिवार के 10 लोगों के साथ कई जिहादियों के मारे जाने की खबर है। यह अपेक्षित था, परंतु अप्रत्याशित भी था। वर्ष 2008 के 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले, जिसमें पाकिस्तानी आतंकियों ने 166 निरपराधों को मौत के घाट उतार दिया था। इस कायरता पर चुप रहे भारत ने इस बार पाकिस्तान को अपना रौद्र रूप दिखाया है। वर्ष 2016 में उरी और 2019 में पुलवामा के आतंकवादी हमलों के खिलाफ भारत ने जो सफल सर्जिकल स्ट्राइक की थी, वह बिना किसी चेतावनी के अचानक घर में घुस कर मारा था, परंतु पहलगाम आतंकवादी हमला, जिसमें जिहादियों ने मजहब पूछ कर 26 हिंदुओं को गोली मार कर कई महिलाओं का सुहाग उजाड़ दिया उसका प्रतिकार भारत ने खुलेआम और सार्वजनिक तौर पर घोषणा करके 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से किया है।

स्पष्ट है कि नये भारत ने अपनी पुरानी गलतियों से सीखा है। इस सभ्यतागत युद्ध में वर्तमान भारत महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोबिंद सिंह, बंदा सिंह बहादुर, महाराजा रणजीत सिंह आदि के पदचिन्हों पर चल रहा है। शायद ही इसकी कल्पना, पाकिस्तान के साथ विश्व के अन्य देशों ने की होगी। यह विजय उल्लास का क्षण है। साथ ही आत्मनिरीक्षण करने का भी समय है। आखिर भारत, जो कई सदियों तक शौर्य और साहस से परिपूर्ण रहा है, वह 800 वर्षों से इस सभ्यतागत युद्ध को क्यों निर्णायक रूप से नहीं जीत पाया? इसका उत्तर हमारे उस चिंतन में छिपा है, जिसमें हम शत्रुओं को समझने में गलती करते रहे और हमने उससे कुछ सीखा तक नहीं।

**भारत की हालिया हवाई कार्रवाई से पाकिस्तान और शेष विश्व (चीन सहित) को 3 स्पष्ट संदेश मिले है।**

हम बार-बार सफलता-असफलता के बीच झूलते रहे, परंतु मई 2014 के बाद भारत के दृष्टिकोण में आये आमूलचूल परिवर्तन को देर आयद, दुरुस्त आयद कहावत में समाहित कर सकते हैं। भारत की हालिया हवाई कार्रवाई से पाकिस्तान और शेष विश्व (चीन सहित) को 3 स्पष्ट संदेश मिले है। पहला, भारतीय गुप्तचर तंत्र इतना सक्षम है कि वह पाकिस्तान के एक-एक आतंकी ठिकानों की जानकारी रखता है। इसलिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 जगहों पर 21 आतंकी ठिकानों को भीषण हवाई बमबारी से ध्वस्त कर दिया। दूसरा, भारत के पास ऐसी मारक क्षमता है कि वे जब चाहे और जहां चाहे, अपने शत्रुओं पर निशाना लगाकर नष्ट कर सकता है। तीसरा भारत की लड़ाई पाकिस्तान की साधारण जनता के खिलाफ नहीं है। सामर्थ्य होते हुए भी भारत ने इस बात का ध्यान रखा कि निर्दोष पाकिस्तानियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे और केवल पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डे बर्बाद हों। भारत-पाकिस्तान के बीच छिड़ा वर्तमान युद्ध क्या रूप लेगा, अभी बताना कठिन है।

**लम्हों ने खता की, सदियों ने सजा पायी :** इस कॉलम में पहले कई बार स्थापित किया गया है कि पाकिस्तान किसी देश का नाम नहीं है। यह एक जहरीली विचारधारा है। भारतीय उप-महाद्वीप में इसने सबसे पहले तब अपने पैर पसारे, जब वर्ष 712 में मुहम्मद बिन कासिम ने सिंध पर हमला करते हुए तत्कालीन हिंदू राजा दाहिर को पराजित किया और इसे पाकिस्तान आधिकारिक रूप से अपनी नींव का पहला पत्थर मानता है। इसके बाद पराजित हिंदुओं को सदियों तक मौत, इस्लाम में मतांतरण और जजिया का विकल्प दिया गया। परंतु हम अपने सभ्यतागत शत्रु को समझने में चूक करते रहे।

पराक्रमी पृथ्वीराज चौहान द्वारा 1191 में पराजित मोहम्मद गोरी को छोड़ना एक बड़ी गलती थी। इस पर उत्तर प्रदेश स्थित कैराना के प्रसिद्ध शायर मुजफ्फर रज्मी के एक मशहूर शायर का मिसरा लम्हों ने खता की थी, सदियों ने सजा पायी, बिल्कुल सटीक बैठता है। जब-जब और जहां-जहां भी हिंदू शासक रहे या उन्होंने सत्ता हासिल की, उन्होंने अपने समरस चिंतन के अनुरूप एक मजहब के रूप में इस्लाम का सम्मान किया।

महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज से लेकर महाराजा रणजीत सिंह तक इस परंपरा के जीवंत प्रतीक थे। इसी बहुलतावादी दर्शन से प्रेरित होकर गांधीजी ने मजहबी और विदेशी खिलाफत आंदोलन (1919-24) का नेतृत्व किया। बदले में देश को खूनी मोपला कांड (1921), कालांतर में कई सांप्रदायिक दंगे और कलकत्ता डायरेक्ट एक्शन डे (1946) के रूप में हिंदुओं का संहार मिला। इस मानसिकता से सीधा संघर्ष करने की बजाय कांग्रेस ने जून 1947 में भारत का विभाजन स्वीकार किया।

**खंडित भारत ने भी गलतियों से सबक नहीं सीखा :** विभाजन के तुरंत बाद जब पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया, तब तत्कालीन भारतीय नेतृत्व ने बढ़ती हुई सेना को रोककर हिमालयी भूल कर दी, तब बार-बार आगाह करने के बाद भी जम्मू-कश्मीर रियासती सेना की मुस्लिम सैन्य टुकड़ी, शत्रुओं से जा मिली थी। इसी तरह 1960 में भारतीय नेतृत्व ने पाकिस्तान के साथ न केवल सिंधु पानी समझौता किया, साथ ही तब इसके लिए पाकिस्तान को आज के हिसाब से दस किस्तों में लगभग 700 करोड़ रुपये भी दिये। पाकिस्तान ने 1965 में भारत पर फिर आक्रमण कर दिया। भारतीय जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए लाहौर में घुस कर तिरंगा लहरा दिया, परंतु भारत ने उसे दोबारा पाकिस्तान को सौंप दिया, तो 1971 के युद्ध में भारत ने ऐतिहासिक रूप से बंदी बनाये गये 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को रिहा कर दिया। वर्ष 2008 में तो हद ही हो गयी, तब 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका होने के बाद न केवल करोड़ों आक्रोशित भारतीय केवल दांत ही पीसते रह गये, बल्कि तत्कालीन सत्तारूढ़ कांग्रेस ने पाकिस्तान को क्लीनचिट देते हुए इस हमले का दोष भाजपा-आरएसएस पर मढ़ते हुए फर्जी हिंदू आतंकवाद का बेबुनियाद नैरेटिव रच दिया। बात केवल 26/11 तक सीमित नहीं है। 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाके, 1998 का कोयंबटूर सीरियल ब्लास्ट और 2013 के पटना गांधी मैदान श्रृंखलाबद्ध धमाके में भी इसी प्रकार का दूषित नैरेटिव चलाया गया था। दरअसल, तब हम आपसी झगड़ों में उलझे रहे और पाकिस्तान प्रायोजित/समर्थित आतंकवादी हमलों के प्रति या आंख मूंदे रहे या फिर केवल गीदड़ भभकी देते रहे। इसका नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान का साहस बढ़ता गया है। यह कहना कठिन नहीं कि इस युद्ध का परिणाम क्या होगा?

## कोल्हान की खबरें

### भाजपा ने वीर महाराणा प्रताप को किया नमन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत में मरीन ड्राइव गोलचक्कर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर शामिल सैकड़ो भाजपा नेता व कार्यकताओं के द्वारा महाराणा प्रताप अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।सभी ने राष्ट्रप्रेम और मातृभूमि के प्रति सम्मान व्यक्त की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन मूल्यों को स्मरण करते हुए राष्ट्र रक्षा और आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया।महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा महाराणा प्रताप का जीवन साहस,स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने जीवनभर संघर्ष करते हुए विदेशी अधीनता को अस्वीकार किया। महाराणा प्रताप का जीवन हमारे सैनिकों और नागरिकों के लिए प्रेरणा है। अब आज भारत आतंक के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, राजीव सिंह, रेणु शर्मा, मंत्री पप्पू सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा काली, मीडिया प्रभारी प्रेम झा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सागर राय, साकची पश्चिम मंडल अध्यक्ष बजरंगी पांडेय, सोशल मीडिया सह संयोजक अमित सिंह,आईटी सेल सह संयोजक उज्वल सिंह, अनूप सिंह, मनोज सिंह समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### निरंजन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**पोटका (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर प्रखंड के खासमहल स्थित मुरूम मैदान में तीन दिवसीय आठवां निरंजन सिंह मेमोरियल रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। शुक्रवार को टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। पोटका विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। जमशेदपुर टाइगर क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में क्षेत्र की प्रमुख टीमो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।टूर्नामेंट में विजेता टीम को 50 हजार एवं उपविजेता को 30 हजार की इनामी राशि प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर मुखिया मनोज मुर्मू, आजाद गिरी, विनोद यादव, दिवाकर सिंह, सौरव झा, विकाश यादव, सुनील यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सेना पीओके छीने और पाकिस्तान से बलूचिस्तान को अलग करे : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने प्रेस वार्ता के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा यदि भारत और पाकिस्तान के बीच पूर्ण युद्ध की स्थिति उत्पन्न होती है,तो भारतीय सेना को पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत में शामिल कर लेना चाहिए। साथ ही बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग कर एक स्वतंत्र सत्ता का स्वरूप प्रदान करना चाहिए। श्री राय ने कहा ऐसा कदम न केवल देश की संप्रभुता और अखंडता को सुदृढ़ करेगा, बल्कि देशवासियों के आत्मविश्वास में भी भारी वृद्धि करेगा। उन्होंने बलूच जनता को स्वशासन का अधिकार देने की भी वकालत की। भारतीय सेना के समर्थन में आयोजित जनसभा के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान विधायक ने कहा 2014 से पूर्व देश का माहौल भययुक्त था, जबकि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने उग्रवाद व आतंकवाद के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने कहा पाकिस्तान की सरकार लगातार भारत में आतंकवाद फैलाने की कोशिश कर रहे लेकिन हमारे सुरक्षाबल सीमा पर पूरी मुस्तैदी के साथ आतंकियों को ढेर कर रहे हैं। यहां तक कि अब पाकिस्तान सरकार सुरंग के माध्यम से आतंकवादियों की घुसपैठ करा रही है।श्री राय ने पहलगाम की घटना का हवाला देते हुए कहा इस हमले के बाद पूरा देश एकजुट होकर भारतीय सेना के समर्थन में खड़ा है और सेना पाकिस्तान को करारा जवाब दे रही है।

### विधायक के प्रयास से मिली दो सौ लाभुकों को पेंशन की सौगात

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू के जनकल्याणकारी प्रयासों का सकारात्मक असर अब व्यापक रूप से दिखने लगा है। शुक्रवार को एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए 200 से अधिक वृद्धजनों और विधवा महिलाओं को वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन योजना के तहत पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र सौपा गया। विधायक पूर्णिमा साहू ने लाभुकों से व्यक्तिगत रूप से संवाद करते हुए उनके सुख-दुख की जानकारी ली। साथ ही उनसे आशीर्वाद प्राप्त की। विधायक ने बताया यह पहल उनके कार्यालय द्वारा की गयी थी। जिसके तहत जरूरतमंदों के आवेदन संकलित कर संबंधित विभाग तक पहुंचाया गया और पेंशन स्वीकृति की प्रक्रिया को सुनिश्चित किया गया। अब इन सभी लाभुकों के बैंक खातों में नियमित रूप से पेंशन की राशि प्राप्त होगी, जिससे उन्हें आर्थिक संबल मिलेगा। विधायक ने कहा बुजुर्ग हमारे समाज की नींव हैं। उनका जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक हो,यही हमारा कर्तव्य है। जब जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान देखती हूं, तो लगता है मेरी मेहनत सफल हो रही है। वही मौके पर उपस्थित लाभुकों और उनके परिजनों ने विधायक पूर्णिमा साहू के प्रति आभार प्रकट की। उन्होंने कहा उनके प्रयासों के कारण वर्षों से लंबित पेंशन की सुविधा उन्हें मिला। मौके पर स्थानीय कार्यकर्ता, सामाजिक प्रतिनिधि एवं कई वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### आदित्यपुर थाना परिसर में व्यक्ति ने की आत्महत्या, उच्च स्तरीय जांच का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला के आदित्यपुर थाना में पुछतास के लिए लाया गया 55 वर्षीय अनिल महतो के द्वारा बंद कमरे में आत्महत्या करने का एक मामला प्रकास में आया है। शुक्रवार को घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।बताया जा रहा है मृतक का आदित्यपुर एक का रहने वाला था और आदित्यपुर-2 रोड नंबर 7 में उसका एक स्टेशनरी दुकान था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक पर एक महिला द्वारा उसकी नाबालिग सौतेली पुत्री को भड़काने एवं अश्लील चैटिंग के मामले में आरोप लगाया गया था। इस मामले में जांच के लिए थाना बुलाया गया था। उधर घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ समीर कुमार संवैया, हेड क्वार्टर डीएसपी प्रदीप उरांव, प्रशिक्षु डीएसपी पूजा कुमारी पुलिस बल के साथ आदित्यपुर थाना पहुंचे। कमरे का दरवाजा तोड़कर अनिल महतो को बाहर निकाल कर टीएमएच ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसडीपीओ समीर कुमार संवैया ने बताया अनिल महतो को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया था। जांच के दौरान उसके मोबाइल से अश्लील चैटिंग डिलीट करने का प्रयास किया गया।लेकिन जांच अधिकारी द्वारा उसे पुनः रिकवर कर लिया गया। जांच में तथ्य सामने आने और संभावित सामाजिक बदनामी के डर से मृतक ने आत्मघाती का कदम उठाया।इस मामले में प्राथमिक रूप से जांच अधिकारी की प्रक्रिया पर भी जांच की जारही है। घटना के बाद वरीय पुलिस अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए निर्देश दिए।

### अमरप्रीत सिंह काले ने दिल्ली से रांची के लिए देर रात उड़ान शुरू करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने झारखंड की राजधानी रांची के लिए दिल्ली से प्रतिदिन देर रात लगभग 10 बजे उड़ान शुरू करने की मांग की। शुक्रवार को उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखा। पत्र में रांची की बढ़ती प्रशासनिक, व्यापारिक एवं शैक्षणिक महत्ता को रेखांकित करते हुए श्री काले ने कहा बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर यात्रियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।लेकिन दिल्ली से रांची के लिए अभी तक कोई भी लेट-नाइट फ्लाइट संचालित नहीं है। उन्होंने कहा यह स्थिति व्यवसायियों, आपातकालीन यात्रियों व दिल्ली एयरपोर्ट पर देर शाम आने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से जुड़ने वाले यात्रियों के लिए अत्यंत असुविधाजनक है।श्री काले ने पटना, भोपाल, और लखनऊ जैसे शहरों का उदाहरण देते हुए कहा वहां देर रात दिल्ली से उड़ानें उपलब्ध हैं। लेकिन रांची इस सुविधा से वंचित है। उन्होंने कहा दिल्ली से रांची के लिए रात की उड़ान शुरू होना ₹यूडीएएन योजना₹ की भावना एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ₹सबका साथ, सबका विकास₹ की दृष्टिकोण के अनुरूप होगा।उन्होंने सुझाव दिया यह उड़ान किसी राष्ट्रीय एयरलाइन अथवा क्षेत्रीय उड्डयन योजना के अंतर्गत जल्द से जल्द स्वीकृत की जानी चाहिए।श्री काले ने इस मांग के माध्यम से झारखंडवासियों की आवाज उठाते हुए आशा जताई इस पहल से न केवल रांची, बल्कि पूरे राज्य को बेहतर हवाई संपर्क और विकास का लाभ मिलेगा।

# आंधी-तूफान में टूटा जलमीनार का सोलर प्लेट, जलापूर्ति ठप

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** कांडी प्रखंड क्षेत्र में रविवार को आयी तेज आंधी तूफान ने शिवपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला में लगाये गये जलमीनार को भी नुकसान पहुंचा दिया। आंधी की चपेट में आने से जलमीनार का एक सोलर प्लेट उड़ कर टूट गया, जिससे जलमीनार पूरी तरह से बंद हो गया है। इस घटना से विद्यालय में पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। बच्चों को पानी नहीं मिलने से पढ़ाई के साथ-साथ मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) संचालन में भी बाधा आ रही है। विद्यालय परिसर में मौजूद एक चापाकल कार्यरत है, लेकिन उसमें आयरन की मात्रा अधिक होने के कारण वह पीने योग्य नहीं है। यह जलमीनार पंचायत निधि से स्थापित किया गया था और इसके



बंद हो जाने से न केवल विद्यालय प्रभावित हुआ है, बल्कि आसपास के पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों और राहगीरों को भी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि टूटे हुए सोलर प्लेट के स्थान पर नया प्लेट जल्द लगाया जाये तो जलमीनार फिर से कार्य करने लगेगा और समस्या का समाधान हो जायेगा।

# अबुआ आवास योजना में घूसखोरी का आरोप, मुखिया पति पर प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी/गढ़वा।** अबुआ आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों से पैसे लेने के गंभीर आरोप सामने आया हैं। सगमा प्रखंड के सोनडीहा पंचायत के मुखिया पति हनुमंत यादव के खिलाफ घूसखोरी का मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सगमा के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थाना प्रभारी ने बताया कि हनुमंत यादव पर आरोप है कि उन्होंने अबुआ आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति दिलाने के नाम पर 30,000 रुपये तक की अवैध


मुखिया पति हनुमंत यादव

वसूली की है। कई लाभार्थियों ने इसकी शिकायत बीडीओ से की थी, जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लिखित आवेदन थाना को सौंपा। आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामले में एफआइआर दर्ज कर ली है और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने आगे बताया कि आरोप गंभीर हैं और दोषी पाये जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी सरकारी योजना में भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पुलिस की एक विशेष टीम को जांच के लिए लगाया गया है, जो संबंधित दस्तावेजों और लाभार्थियों के बयान के आधार पर कार्रवाई करेगी।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से इस तरह की अनियमितताओं का सामना कर रहे थे, लेकिन अब जाकर प्रशासन ने संज्ञान लिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि भ्रष्टाचार में लिप्त सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में कोई भी गरीबों की योजनाओं से खिलवाड़ न कर सके। उल्लेखनीय है कि अबुआ आवास योजना झारखंड सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को पक्का घर मुहैया कराना है। यदि इस योजना में भ्रष्टाचार होता है, तो इसका सीधा असर गरीब लाभार्थियों पर पड़ता है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस योजना के तहत पैसे मांगे जाते हैं या कोई अनियमितता दिखाई देती है, तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। जांच के बाद जल्द ही दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# जेएमएम ने वीर महाराणा प्रताप की जयंती मनायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) भवनाथपुर प्रखंड इकाई द्वारा चुनावी कार्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। मौके पर ब्रजेश कुमार सिंह और लल्लू राम ने महाराणा प्रताप की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने अदम्य साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम के कारण मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके। उनका जीवन आज भी प्रत्येक भारतवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति नारों और झामुमो के एकजुटता संदेश के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड सचिव श्री अजीमुद्दीन शेख ने की। इस मौके पर झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, उपेंद्र चौबे, शमशेर अंसारी, शैलेंद्र गुरु, राजकुमार यादव, विजय राउत, मंटु सिंह, बैकुंठ यादव, नॉलेज पासवान, रामपृत राम, लालमणि सिंह, जवाहिर साह, दिनेश्वर साह, रक्ष्या यादव, हस्ते आलम समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और झामुमो समर्थक उपस्थित थे।

### उपायुक्त के निर्देश पर गठित जांच टीम ने फर्जी पीएम किसान योजना का पर्दाफाश किया

# प्रखंड के नाम पर दूसरे राज्य के किसान भी ले रहे हैं लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शुक्रवार को कृषि निदेशक झारखंड सरकार रांची के निदेर्शानुसार पीएम किसान समान निधि योजना में हुए अनिमित्यता की शिकायत की जांच के लिए गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जांच दल द्वारा फर्जी किसानों की जांच की गयी। जांच कर्ता जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार पीएम किसान योजना की प्राप्त शिकायत की जांच करने आये थे। जिसमें देखा गया कि प्रखंड के कई गांव के पते पर दूसरे प्रखंड जिले सहित दूसरे राज्य के फर्जी किसान लाभ ले रहे हैं। जिनसे फोन पर संपर्क करने पर पता चला कि कई लाभुक प्रखंड छेत्र से बाहर के रहने वाले पाये गये। जिसमे विशुनपुरा अंचल के पता पर लगभग पांच हजार लाभुक पंजीकरण कराकर पीएम किसान योजना का लाभ ले रहे थे। उन्हें नीलाम पत्र जारी कर वसूली किया जायेगा। वहीं उन्होंने बताया कि कुछ लाभुक अंचल क्षेत्र के रहते हुए भी बाहर जाकर दूसरे जगह का पता बदल लिए हैं जो यहां गलत साबित हो रहा है। वहीं आपको बताते चलें कि पीएम किसान योजना में फर्जी किसानों की पंजीकरण की शिकायत जिला परिसद सदस्य शम्भू राम चंद्रवंशी द्वारा किया गया था। जिसमे पूर्व सीओ संदीप कुमार मधेसिया पर आरोप लगाया गया है। प्रखंड सह अंचल अधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया के लगभग 8 महीने के कार्यकाल में उनके लॉगिन से लगभग 6 हजार किसानों के फर्जी पंजीकरण किया गया था। वहीं इस विषय में विशुनपुरा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि वैसे अयोग्य लाभुक जिनके खाते में पीएम किसान योजना की राशि गयी है। उन्हें चिन्हित कर सर्टिफिकेट केस की कार्रवाई आरम्भ की जा रही है। इस मौके पर डीआइओ राधे गोविंद ठाकुर, चंद्रशेखर पटेल उपस्थित थे।

# छह महीने से सोलर प्लेट लटका, पानी की समस्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड के महुदंड गांव के झपही टोला में पीएचइडी विभाग के द्वारा 'जल जीवन मिशन' के तहत लगा जलमीनार का सोलर प्लेट तूफान से पिछले करीब छह माह से गिरकर लटका हुआ है। जिससे जलमिनर से मिलने वाला पानी बंद पड़ा हुआ है। टोले के ग्रामीण राजमती देवी, विनोद सिंह, बलराम सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, अवतार सिंह, सूरज सिंह,विकेंद्र सिंह सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि झपही टोल में विनोद सिंह के घर के पास पीएचइडी विभाग के द्वारा जल मीनार लगाया गया था। जल मीनार से घर-घर पानी आपूर्ति कार्य अभी भी आधे-अधूरा पड़ा हुआ है। हम लोग किसी तरह जलमिनर के पानी टंकी से पानी पीते थे, लेकिन जल



मीनार का सोलर प्लेट पिछले करीब छह माह से गिरकर लटका हुआ है। इन दोनों हम लोगों को पीने का पानी को लेकर भटकना पड़ रहा है। वही ग्रामीणों ने बताया कि जल मीनार का निर्माण कार्य पिछले करीब दो वर्षो से चल रहा है। टोला में पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए जल मीनार तो लगा लेकिन कब पूरा होगा इसका कोई पता नहीं है। विभाग के घोर उदासीनता के कारण जल मीनार का निर्माण कार्य आधे अधूरा पड़ा हुआ है।

## रंका में स्कूल सर्टिफिकेटशन का प्रथम चरण संपन्न

**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्कूल सर्टिफिकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत रंका प्रखंड के खपरो में पीएम अपग्रेडेड मिडिल स्कूल में इ-आइ के निरीक्षक इनविजिलेटर सत्येंद्र कुमार के द्वारा दिनांक 05/05/2025 से 08/05/2025 तक विद्यालय इंफ्रास्ट्रक्चर एवं छात्रों का आकलन किया गया और ओएमआर शीट से परीक्षा लेकर संपन्न किया गया। इस संबंध में निरीक्षक सत्येंद्र कुमार ने आजाद सिपाही को बताया कि झारखंड सरकार के स्कूल सर्टिफिकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत गढ़वा जिले के 49 विद्यालयों का दो चरणों में सर्टिफिकेशन होना है और शिक्षा परिणामों में सुधार, स्कूल के वातावरण और नेतृत्व के विकास के लिए मानक निर्धारित करना है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षण गुणवत्ता, शिक्षा परिणामों और स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर शिक्षकों को बेहतर बनाकर छात्रों तथा शिक्षकों को सीखने और सीखाने का अनुकूल वातावरण तैयार करना है और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG**

**Short e-Procurement Re-Tender Notice**

**Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-03/2025-26**

**Letter no - 434** **Date:- 09.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of 1.2 KM road from Padma Railway Station to Saraiyapar river Via Garukurha, Vill - Padma, Block- padma |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | **Rs.- 2,49,90,900.00** |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 15.05.2025 at 3:00 P.M **(e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in)** |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 22.05.2025 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 22.05.2025 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 24.05.2025 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.
2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.
3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/ Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in

PR 352096 Minor Irrigation (25-26)_D

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Hazaribag**


## अबुआ आवास योजना के 47 लाभुकों पर बीडीओ की कार्रवाई

**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड में अबुआ आवास योजना के तहत 47 लाभुकों के खिलाफ बीडीओ देवलाल करमाली द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इन लाभुकों को 2 वर्ष पूर्व योजना का लाभ दिया गया था, लेकिन उन्होंने पहली किस्त की राशि प्राप्त करने के बाद भी आवास का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। बीडीओ देवलाल करमाली ने बताया कि इन लाभुकों को दो बार नोटिस भेजा गया था, लेकिन इसके बावजूद भी उन्होंने न तो राशि जमा की और न ही निर्माण कार्य शुरू किया। प्राथमिकी दर्ज हुए लाभुकों में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के लाभुक शामिल हैं। बीडीओ ने बताया कि योजना का लाभ लेने वाले सभी लाभुकों को निर्माण कार्य पूरा करना था, लेकिन 47 लाभुकों ने इसका पालन नहीं किया।



### जनता दरबार में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सुनी आमजनों की समस्याएं

# निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर आज जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गयी और समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। आज के जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास, भूमि सीमांकन, नामांतरण, मजदूरी बकाया भुगतान, मुआवजा, रोजगार/नौकरी देने आदि समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्या सुनी गयी और यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। सर्वप्रथम



रमकंडा प्रखंड के बरवा निवासी सुशीला कुजूर ने शिकायत किया कि जन वितरण प्रणाली दुकान गुलाब महिला समूह, बरवा द्वारा उन्हें कई महीनो से कम राशन दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के महीना मार्च, अप्रैल, मई और जून के राशन वितरण में 4-4 किलोग्राम खाद्यान्न की कटौती करके वितरित की गयी है, जबकि वर्ष 2025 के माह मार्च का राशन किसी भी कार्डधारी को नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त जन वितरण प्रणाली दुकान द्वारा लाभुकों के राशन वितरण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। अतः उन्होंने उक्त जन वितरण प्रणाली दुकान का लाइसेंस रद्द करते हुए ग्राम बरवा के किसी दूसरे महिला समूह को सौंपने का अनुरोध किया है। कांडी प्रखंड के ग्राम हरिगांवा निवासी काशीनाथ साव ने आवेदन पत्र समर्पित करते हुए प्रखंड कांडी में स्वयं को अनुसेवक के पद पर रखने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि पिछले 7 वर्षों से मनरेगा के तहत दैनिक मजदूरी पर प्रखंड कार्यालय कांडी में अनुसेवक के पद पर कार्य कर रहे थें। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग झारखंड रांची द्वारा बाह्य स्रोत के माध्यम से अनुसेवक की सेवा लेने के निदेश के आलोक में दो अनुसेवकों को रखा गया है, जिसमें उनका नाम शामिल नहीं है। उन्होंने बताया कि वह एक बहुत ही गरीब व्यक्ति हैं और शारीरिक रूप से दिव्यांग है। उक्त कार्य से वे किसी तरह अपना जीवन यापन करते थें। अतः उन्होंने स्वयं को अनुसेवक के रूप में प्रखंड कांडी में बाह्य स्रोत के माध्यम से रखवाने का अनुरोध किया है। इस प्रकार बारी-बारी से अन्य लोगों ने भी विभिन्न प्रकार की समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा। आमजनों से प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारीयों को आवश्यक निर्देशित किया गया।


**Office of District Legal Services Authority, Khunti**
**Mobile No.: 8789697778 Email: khuntidlsa@gmail.com**

**No. 01/LADCS/2025** **Dt:09/05/2025**

**Notice inviting applications for filling up one vacant post of Assistant Legal Aid Defense Counsel in LADCS Office , DLSA, Khunti**

Application in the prescribed format is invited from persons of Khunti District only for filling up one vacant post of **Assistant Legal Aid Defense Counsel** for Legal Aid Defense Counsel System (LADCS) of DLSA, Khunti.

As directed District Legal Authority, Khunti hereby invites application from eligible candidates for the following posts on purely contract basis for a period of 01 year.

| Post | No. | Monthly Honorarium |
|---|---|---|
| **Assistant Legal Aid Defense Counsel** | 01 | 30,000/- (Class B Town) |

**Qualification for Assistant Legal Aid Defense Counsel:** (as per modified LADC Scheme 2022)

- Practice in criminal law from 0 to 3 years.
- Good oral and written communication skills.
- Thorough understanding of ethical duties of defense counsel.
- Ability to work effectively and efficiently with others.
- Excellent writing and research skills.
- IT Knowledge with high proficiency in work.

**The lawyers so engaged therein will not be allowed to take any other private cases or any other retainership.**

**Period of appointment**: The Assistant LADCS shall hold office for a term of one year and further extension for one year after satisfactory performance, under supervision of this Authority.

The scheme of engagement along with application form may be downloaded from the official website of DLSA (https://khunti.dcourts.gov.in/) and also from Notice board of DLSA Khunti. The duly filled application form along with self- attested copies of documents may be submitted to DLSA, Khunti, wherein the candidate desires to apply through speed post or in an envelope personally in the office of the Secretary , DLSA on or before 29th May 2025 by 17:00 Hrs. Any application received after due date shall not be considered.

**Note: Applying for engagement does not create any right/assurance whatsoever.**

PR 352111 Law(25-26)#D

**Secretary**
**DLSA, Khunti**


### अवैध शराब पर एसडीएम की तीसरे दिन भी कार्रवाई जारी

# सात क्विंटल अर्धनिर्मित शराब को किया गया नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा अवैध शराब के कारोबारियों पर कड़ाई जारी है। शुक्रवार को उन्होंने एक सप्ताह के अंदर तीसरी बार दुलदुलवा गांव जाकर गोपनीय तरीके से छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान उन्हें आधा दर्जन अवैध शराब भट्ठियों में शराब बनते हुई मिली। मिनी फैक्ट्रीयों की शक्ल में जहर रूपी अवैध शराब की धधकती हुई भट्ठियां खुले आसमान के नीचे सरेआम चलते देखकर एसडीएम का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने बिना पुलिस को बुलाए ही अपने चालक एवं अंगरक्षकों की मदद से सभी भट्ठियों को नेस्तनाबूत कर दिया। तीसरे दिन की कार्रवाई में लगभग 700 किलो अर्धनिर्मित शराब



और लगभग 20 लीटर निर्मित शराब को मिट्टी में मिला दिया।

**थाना को नियमित गश्ती करने का निर्देश:**

उन्होंने उत्पाद विभाग और मेराल थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि इस गांव में तीन दिन लगातार छापेमारी के बावजूद भी शराब का निर्माण कार्य पूरी तरह बंद नहीं होना इस बात का प्रतीक है कि इस गांव में शराब माफिया की जड़ें बहुत गहरी हैं, इसलिए इस गांव को अवैध शराब के कलंक से मुक्ति दिलाने के लिए जरूरी है कि वहां पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी नियमित तौर पर रहे। इसलिए वे इस इलाके में नियमित गश्त सुनिश्चित करवाएंगे।

**मुखिया और चौकीदार भी होंगे जवाबदेह:**

एसडीएम में कहा कि उनके अनुमंडल क्षेत्र में यदि किसी भी गांव में संगठनात्मक रूप से इस प्रकार के अवैध शराब के मिनी संयंत्र मिलते हैं तो संबंधित मुखिया और चौकीदार पर भी जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुखिया और ग्राम चौकीदार का भी दायित्व है कि वे अपने गांव में दिनदहाड़े चल रही इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस और प्रशासन को दें।

**गांव के बच्चे बच्चियों को समझाया गया:**

दुलदुलवा गांव के साव टोला के कई घरों में अवैध शराब का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से कारोबार होता है। एसडीएम द्वारा आज की छापेमारी इसी मोहल्ले में की गयी। छापेमारी के दौरान मोहल्ले के ज्यादातर वयस्क घर छोड़कर भाग खड़े हुए, किंतु आसपास खड़े बच्चे बच्चियों को देख संजय कुमार ने उन सभी को प्यार से अभिप्रेरित किया कि वे लोग अपने परिजनों को भावनात्मक रूप से समझाएं कि अवैध शराब रूपी इस जहर के व्यवसाय को न करें।

**अनुमंडल हेल्पलाइन पर कर सकते हैं शिकायत:**

उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के आम नागरिकों से भी अपील की कि यदि उन्हें इस प्रकार के अवैध शराब के संगठित माफियाओं की जानकारी हो जिन पर प्रशासनिक स्तर से तुरंत संज्ञान लेने की आवश्यकता हो, तो वे सदर अनुमंडल के हेल्पलाइन नंबर 6203 263175 पर व्हाट्सएप मैसेज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे संगठित अपराधियों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत आदतन अपराधियों के लिये निर्धारित दंडात्मक प्रावधानों के अनुरूप करवाई की जायेगी।


**-: कार्यालय :-**
**वन प्रमण्डल पदाधिकारी-सह-समाहर्त्ता, लातेहार वन प्रमण्डल**

**-: आवश्यक सूचना :-**

**बिहार पब्लिक लैण्ड इन्क्रौचमेन्ट एक्ट, 1956 (Bihar Act XV 1956) की धारा-2(3) के अंतर्गत बी0पी0एल0ई0 मुकदमा वादों की सूचना।**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत बी0पी0एल0ई0 मुकदमा से संबंधित सुनवाई हेतु तिथि 21.05.2025 को निर्धारित की जाती है :-**

| क्र0 स0 | शिकायत वाद संख्या | बी0पी0एल0 ई0 मुकदमा सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता | अतिक्रमित रकबा (एकड़ में) | पी0एफ0 का नाम | प्लॉट सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 242/2020 | 01/2025 | झाबर सिंह, पिता-चमन सिंह, ग्राम-चुरिया, पो0-लेधपा | 1.00 | बेन्दी | 52 |
| 02 | 183/2020 | 02/2025 | कबुतरी देवी, पति-तेतरा भुईया, महेन्द्र यादव, पिता-रामजीत यादव, राजु उरांव, पिता-सुकन राम, सभी ग्राम-हेरहंज | 0.20 | हेरहंज | 565 |
| 03 | 195/2023 | 03/2025 | प्रसाद भुईयां, पिता-माधे भुईयां, प्रेम भुईयां, पिता-भुनेश्वर भुईयां, राजेश भुईयां, पिता-सुधीर भुईयां, जगेसर भुईयां, पिता-बिकु भुईयां, राजबली यादव, पिता-चुटर यादव सभी ग्राम हेरहंज | 5.00 | हेरहंज | 548, 549 |
| 04 | 422/2023 | 04/2025 | रमन गंझू, पिता-हरखू गंझू, धनेश्वर पासवान, पिता-सुखदेव पासवान दोनो ग्राम बरवाडीह | 0.40 | बरवाडीह | 11 |
| 05 | 227/2023 | 05/2025 | राजू सिंह, पिता-नन्हकू सिंह, सुखारी सिंह, पिता-नन्हकू सिंह, दोनो ग्राम-हेसातु | 0.80 | हेसातु | 48 |
| 06 | 168/2020 | 06/2025 | श्यामलाल उरांव, पिता-बालमोहन उरांव, ग्राम-बेन्दी | 0.50 | बेन्दी | 47 |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित सुनवाई की तिथि **21.05.2025** को 11:00 बजे पूर्वाह्न में समाहर्त्ता-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकपक्षीय उचित आदेश पारित कर दी जायेगी।

**समाहर्त्ता**
**-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी,**
**लातेहार वन प्रमण्डल**

PR 352103 (Forest, Environment and Climate Changes)25-26*D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 10 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# दो नाबालिग बच्चों की कीटनाशक खाने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम हीरही हर्रा टोली से एक दर्दनाक खबर सामने आयी है, जहां गुरुवार की रात दो नाबालिग लड़कों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतकों की पहचान हमराज उरांव (उम्र लगभग 13 से 15 वर्ष) पिता आशीष उरांव एवं अभिषेक उरांव (उम्र लगभग 12 वर्ष) पिता बुधराम उरांव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दोनों बच्चे रात 9 बजे एक ही कमरे में सोने गये थे। थोड़ी देर बाद छोटे बच्चों ने बताया कि दोनों की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। जब घरवालों ने जाकर देखा तो उनके मुंह से झाग निकल रहा था। आनन-फानन में दोनों को लोहरदगा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तत्परता से इलाज शुरू किया। अभिषेक उरांव को बचाया नहीं जा सका और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, हमराज उरांव ने इलाज के दौरान बताया कि उसने और अभिषेक ने चूहा मारने वाली जहरीली दवा खा ली थी। कुछ देर बाद हमराज की भी हालत बिगड़ने लगी और उसने भी दम तोड़ दिया।

माना जा रहा है कि दोनों ने जानबूझकर जहरीला पदार्थ खाया, लेकिन इसके पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। बच्चों ने जहर खाने के बाद घर में मौजूद छोटे बच्चों से कहा था कि वे किसी को न बताये, जिससे समय पर मदद नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही लोहरदगा थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और जांच शुरू कर दी। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। इस घटना से गांव में शोक की लहर है। मृतकों के परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल है और पूरा गांव स्तब्ध है।

# माओवादियों के चार समर्थकों को चंदवा पुलिस ने धर-दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के चकला पंचायत स्थित तुरीसोत गांव में सीएमपीडीआइ के द्वारा भूभाग में कोयले की जांच कर रहे कर्मचारियों को माओवादी के द्वारा एक सप्ताह पूर्व मोबाइल फोन तथा कार्य में लगे दो बोलोरो दो कैंपर दो ट्रक एवं दो बोरिंग मशीन को माओवादी मनोहर गंझू के दस्ते के द्वारा आग के हवाले कर दिया गया था। लातेहार पुलिस की तत्परता को देखते हुए एक सप्ताह के अंदर ही इस घटना का उद्भेदन करते हुए। माओवादियों के समर्थक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

वही लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार अमरेंद्र कुमार थाना प्रभारी बालूमाथ थाना प्रभारी अजीत कुमार, रविंद्र कुमार सिंह श्रवण कुमार के नेतृत्व में चार लोगों की गिरफ्तारी की गयी। जिसमें बताया गया कि गिरफ्तार माओवादी को खाना खिलाने ठहरने और अन्य सामान्य मुहैया कराने में सक्रिय भूमिका निभायी है। इसके पास से कांड में लूटे गये मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता :** राजकुमार कुमार भगत उम्र 48 वर्ष ग्राम तुरीसोत चंदवा, अरुण कुमार गंझू उम्र 34 वर्ष ग्राम महुअताड़ टोला तिलैयादामर चंदवा, छत्तीस गंझु उम्र 40 वर्ष महुआटांड, तिलैयादामर चंदवा और गोविंद गंझु उम्र 34 वर्ष महुआटांड़ तिलैयादामर चंदवा जिला लातेहार है। इन सभी के पास से 21 मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

## प्रखंड स्तरीय टैलेंट प्रतियोगिता में जीएम प्लस टू उच्च विद्यालय माराडीह के छात्रों का रहा जलवा



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय टैलेंट प्रतियोगिता में राजकीय कृत गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय माराडीह कुडू के छात्र साद खान ने अंडर 17 बालक वर्ग में एकल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। अंडर-19 बालक वर्ग में द्वितीय स्थान पर बिट्टू कर्मकार वहीं अंडर-19 में बालिका वर्ग में युगल में सावित्री कुमारी एवं सान्या तिवारी द्वितीय स्थान पर रही। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रार्थना सभा में प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर प्रभारी प्रधान अध्यापिका पुष्प निहारी बाखला ने सम्मानित किया। विद्यालय के शिक्षक विजय कुमार साहू, तथागत साकेत, वर्षा नाग, संजय कुमार साहू, रमेश कुमार साहू, श्वेता एक्का, मंजू कुजूर, कुमारी संगीता बाला, प्रशांत मुंडा, रजनी खेस, रश्मि केरकेट्टा, निशा कुमारी नाग, डोली वर्मा, दानिश अख्तर, ओम नारायण, खेल शिक्षक विपिन लकड़ा ने छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल, रिम्स रेफर

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 39 चेटर मोड़ के समीप हुए सड़क हादसे में बाइक में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में जिंगी गांव निवासी अमरजीत उरांव 20 पिता बिंदेश्वर उरांव, अजय उरांव 20 विजय उरांव और इमरोज अंसारी 25 पिता कय्यूम अंसारी शामिल हैं। घटना गुरुवार की मध्य रात्रि करीब साढ़े 12 बजे की बतायी जा रही है। हादसे के बाद सड़क पर पड़े घायलों को कुडू पुलिस ने कुडू सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भरती कराया जहां तीनों की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों के रिम्स रेफर कर दिया। घायलों से मिली जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात वाहन से बचने के क्रम में हादसा हुआ है।

### मनरेगा कूप निर्माण में कार्य से अधिक राशि निकासी का मामला

# छह लोगों पर एक-एक हजार का अर्थदंड

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह में मनरेगा कूप निर्माण के नाम पर लाखो की निकासी मामले में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर 6 मई को बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने अपने आला अधिकारियो के साथ प्रखंड के कुचीला पंचायत अंतर्गत लाहीबार में लालदेव सिंह के जमीन में कूप निर्माण कार्य का स्थल जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि कूप निर्माण कार्य में लापरवाही हुई है। सही समय पर योजना का मूल्यांकन नहीं हुआ है। साथ ही कूप में कार्य से अधिक राशि की निकासी की गयी है। लापरवाही को देखते हुए बीडीओ ने छह लोगों पर एक - एक हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया है। उन्होंने कहा कि कूप निर्माण कार्य से जो अधिक राशि की निकासी की गयी है। उसे 15 दिनों के भीतर कार्य को पूरा करना है। निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर 12 प्रतिशत की दर ब्याज लगाने की बात कही।

वही एक - एक हजार रुपये अर्थडंड देने वाले में तत्कालीन सहायक अभियंता सुधीर कुमार रवि , तत्कालीन कनीय अभियंता संदीप कुमार, तत्काल रोजगार सेवक अरविंद कुमार, पंचायत सेवक तनुजा किरण टोपो, तत्कालीन पंचायत सचिव अनिल मिंज और मुखिया स्त्रोहन सिंह का नाम शामिल है। वही गुरुवार को उपायुक्त के निर्देश पर मनरेगा लोकपाल संतोष कुमार पंडित ने भी गुरुवार को कुचीला पंचायत के लाहीबार मे लालदेव सिंह के जमीन मे कूप निर्माण की जांच की। जांच के बाद उन्होंने कहा कि कूप जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपा जायेगा।

## ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सैनिकों के शौर्य का प्रतीक : रामलखन गोप



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत गगेया निवासी भारतीय जनता पार्टी के पंचायत प्रभारी रामलखन गोप ने ऑपरेशन सिंदूर के सफलता के लिये प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री और गृहमंत्री के साथ भारतीय सैनिकों को बधाई देते हुए कहा कि 22 अप्रैल को आतंकियों द्वारा पहलगाम में भारतीयों पर आतंकियों द्वारा हमला किया था। जिसके लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सैनिकों द्वारा आतंकवादियों को मुंहतोड़ जबाब दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय जांबाजों ने बीते दिन 9 आतंकी ठिकानों को नेशतनाबूद कर दिया।

# 323 आदिम जनजाति परिवार को मिला पक्का आवास : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के अंतर्गत लोहरदगा जिले के किस्को और पेशरार प्रखंडों के सुदूरवर्ती इलाकों में निवास कर रहे 323 आदिम जनजाति परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस पहल की गई है। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। अब तक 240 लाभुकों को प्रथम किश्त की राशि का भुगतान कर दिया गया है, जिनमें से 30 परिवारों ने अपने आवास का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। शेष लाभुकों के घरों का निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। आवास निर्माण का कार्य स्वयं लाभुकों द्वारा ही कराया जा रहा है, ताकि उनकी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार आवास का निर्माण हो सके। जिला प्रशासन द्वारा उन्हें तकनीकी एवं प्रशासनिक सहयोग लगातार प्रदान किया जा रहा है। यह अभियान आदिम जनजाति परिवारों के जीवन स्तर को उपर उठाने और उन्हें स्थायी आवास की सुविधा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उक्त जानकारी उपायुक्त, लोहरदगा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा दी गयी है।

## बुनियादी विद्यालय कुडू में प्रशिक्षुओं को दी विदाई



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राजकीय बुनियादी विद्यालय कुडू में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन कर पाठ योजना के तहत शिक्षा दे रहे प्रशिक्षु जिसमे नगीना कुमारी, रिया कुमारी, पुना सवेरा कुजुर, प्रकाश कुमार, तौहीद अंसारी, रितिक कुमार, संतोष कुमार को विदाई दी गयी। विदाई समारोह विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से प्रशिक्षुओं को उपहार भेंट किया गया। प्रशिक्षुओं ने सभी के बीच प्रशिक्षण अवधि के अनुभवों को साझा किया। प्रशिक्षुओं ने 9 अप्रैल से 9 मई तक विद्यालय में बच्चों को शिक्षा दी। मौके पर प्रधानाध्यापक धर्मदेव प्रसाद, शिक्षक रामजन्म मिंज, उर्मिला कुमारी, वीरेंद्र प्रजापति,नेवी तम्मा एक्का और विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल संसद के सदस्यों को दिलायी गयी शपथ



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में चयनित बाल संसद के सदस्यों को शपथ दिलाया गया। चयनित बाल संसद सदस्यों में प्रधानमंत्री आर्यन कुमार, मंत्री शीतल उरांव, जागृति कुमारी, सह मंत्री पल्लवी किमरी, सेनापति पूजा कुमारी सहित अन्य को समारोह आयोजित कर पद और गोपनीयता का शपथ दिलाया गया। शपथ ग्रहण के उपरांत प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि भैया बहनों को लोकतांत्रिक मूल्यों की महत्ता को सीखने समझने के लिये और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से विद्यालय में बाल संसद का गठन किया गया है। जिसे भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था पर छात्र छात्राओं में रुचि जगे साथ ही भैया बहनों को बताया कि भारत प्रजातांत्रिक देश है। जनता द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधियों के द्वारा सुचारू रूप से व्यवस्था के तहत शासन चलाया जाता है। वही कार्यक्रम प्रमुख आचार्या संध्या कुमारी के द्वारा विद्यालय विकास और शैक्षणिक व्यवस्था क्रियाविन्त करने के लिये बधाई और शुभकामना दिया गया। मौके पर मालती कुमारी, अनुबला कुमारी, रिंकी कुमारी, जयप्रकाश सिंह, संध्या कुमारी, सुभाषनी देवी, संजना कुमारी, सुधीर उरांव, आनंद पांडेय, प्रतिभा देवी समेत सभी आचार्य-आचार्या और भैया-बहन उपस्थित थे।

# उप प्रमुख ने अलौदिया नाला की सफाई की मांग की, सौंपा मांग पत्र



**हिंडालको टोरी साइडिंग के प्रबंधक से कहा जनहित में जरूरी है काम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा के नेतृत्व में चंदवा के प्रबुद्धजनों ने शुक्रवार को हिंडालको टोरी साइडिंग के प्रबंधक को एक मांग पत्र सौंप कर अलौदिया नाला सफाई की मांग की है। उप-प्रमुख ने हिंडालको प्रबंधक को अलौदिया नाला के बारे में बताते हुए कहा कि नाला चंदवा शहर के जल स्तर को बनाए रखने में जगराहा डैम का अहम योगदान है, इस डैम में पानी अलौदिया नाला से भी जाता रहा है, लेकिन वर्तमान समय में गंदगी के कारण नाला का ही अस्तित्व संकट में है। ऐसे में कंपनी अपने सीएसआर मद से इस पर काम करें, आम जनमानस का सहयोग आपको मिलेगा। कंपनी के प्रबंधक आरएन पांडेय ने भरोसा दिलाया कि आपकी मांगो से कंपनी के वरीय अधिकारियो को अवगत कराकर इस इसे जनहित में काम कराने का आग्रह करूंगा। मांग पत्र सौंपने वालों में राजकुमार पाठक, मुकेश सिंह, दारा सिंह, अरुण कुमार प्रिंस, धर्मेंद्र भारती, अंकित कुमार, रविराज आदि शामिल थे।

# पुराने कूप को नया मनरेगा कूप बनाने की हुई स्थल जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह में पुराने और निजी कूप को नया मनरेगा कूप बनाने एवं अन्य मनरेगा योजनाओं में सरकारी राशि की बंदरबांट होने के मामले में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर संतोष कुमार पंडित मनरेगा लोकपाल लातेहार के द्वारा प्रखंड के ग्राम कंचनपुर में बैजयंती देवी का मनरेगा सिंचाई कूप निर्माण कार्य और अन्य योजनाओं का भौतिक सत्यापन किया गया। इस क्रम में मुखिया, पंचायत सचिव, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता और मनरेगा बिचौलिए शामिल रहे। जांच के दौरान फोटो और वीडियोग्राफी करते कूप की गहराई की मापी 23 फीट बतायी गयी। मौके पर लोकपाल ने बताया कि उक्त योजना का जांच रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को सौंपी जायेगी। बताते चलें कि ग्रामीणों की शिकायत पर कंचनपुर में बैजयंती देवी का कूप निर्माण जो पुराने और निजी कूप को नया मनरेगा कूप निर्माण कार्य कराने का मामला प्रकाश में आया था। वही ग्रामीणों का कहना है कि उक्त स्थल पर पूर्व में मेरे बाप दादा के द्वारा कच्चा कूप जो कि बोल्डर को मिट्टी से जोड़ाई कर लगभग बीस से पच्चीस फीट तक गहरा किया गया था। जिससे हमलोग सिंचाई कर फसल उगाते थे। हालांकि उन्होंने कूप का डाया वर्तमान के डाये से कम बताया। ऐसे में अब देखना है कि जांच रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई होती है या फिर जांच प्रतिवेदन ठंडे बस्ते में चला जायेगा।

# लातेहार के कराटेकार राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में भाग लेने रांची पहुंचे



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** लातेहार जिला कराटे संघ से चयनित पांच कराटे खिलाड़ी शुक्रवार को तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रांची रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 9 से 11 मई तक रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंदौर स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। चयनित खिलाड़ियों में ग्रीन लैन्ड पब्लिक स्कूल और सन क्लारेट स्कूल के छात्र रीया कुमारी, सुमित कुमार, आदर्श कुमार और अमन कुमार शामिल हैं। टीम के साथ कोच रंजन सिंह और लातेहार जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सेन्सेई मदन लाल भी रवाना हुए हैं। सेन्सेई मदन लाल को इस प्रतियोगिता में नेशनल रेफरी और जज के रूप में नियुक्त किया गया है। सेन्सेई मदन लाल ने खिलाड़ियों की तैयारी पर विश्वास जताते हुए कहा कि हर बार की तरह इस बार भी हमारे कराटे खिलाड़ी पदक जीतकर जिले का नाम रौशन करेंगे। खिलाड़ियों के अभिभावकों ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कैरो अंजुमन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण सह पगड़ीपोशी हुई




**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित मकतब में जुम्मा नमाज के बाद अंजुमन इस्लामिया कैरो के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण सह पगड़ीपोशी कार्यक्रम का आयोजन चुनाव कमिटी के अध्यक्ष अलीरजा अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। कार्यक्रम का आयोजन कैरो मस्जिद के इमाम और खतीब कारी नौशाद साहब ने तिलावते कुरआन और नात ख्वानी से की। इसके बाद प्रखंड अंजुमन कैरो के ओहदेदारों ने अंजुमन इस्लामिया कैरो के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों सदर इम्तियाज अंसारी, सेक्रेटरी मुस्लिम अंसारी, खजांची सादाब अंसारी का माल्यार्पण और पगड़ीपोशी किया। मौके पर प्रखंड अंजुमन के सदर जमील अंसारी, सेक्रेटरी समीद अंसारी, नायब सदर मजेबुल अंसारी ने अपने संबोधन में अंजुमन के कार्यों एवं दायित्वों पर विस्तृत चर्चा की। सबने कहा कि समाज के आगे बढ़ाने में अंजुमन की बड़ी भुमिका होती है। अंजुमन सशक्त होगा तो गांव से नशाखोरी, दहेजप्रथा, आपसी झगड़े खत्म होने में देर न लगेगी। कार्यक्रम के अध्यक्षीय संबोधन में अलीरजा अंसारी ने कहा कि समाज हित में विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में अंजुमन योजना बना कर काम करे तो आने वाले 10-15 सालों में समाज की दशा बदलेगी। समाज में शिक्षा का महत्व और स्तर जितना होगा, विकास के उतने ही अधिक दरवाजे खुलेंगे। मौके पर कैरो जामा मस्जिद के खतीब हजरत मौलाना नुरूल हसन साहब ने सभी नये पदाधिकारियों को शपथ दिलायी और दुआ करायी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नालसा नयी दिल्ली के निर्देश पर 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। झारखंड में इसकी शुरूआत लोहरदगा जिला के नया नगर भवन से वर्चुअल माध्यम से झारखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश-सह-झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी भी मौजूद रहेंगी। उद्घाटन कार्यक्रम पूर्वाह्न 10.30 बजे प्रारंभ होगा।

## उपायुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष, डालसा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने नया नगर भवन और सदर प्रखंड कार्यालय के समीप मैदान में लगाये जा रहे स्टॉल की तैयारियों का निरीक्षण किया। नया नगर भवन लोहरदगा में वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। वहीं समीप मैदान में शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, उद्योग विभाग, आधार, सामाजिक सुरक्षा, बैंक, स्वास्थ्य विभाग, डालसा, जेएसएलपीएस, नगर परिषद, कृषि विभाग, भूमि संरक्षण, जल छाजन, परिवहन विभाग और हिंडाल्को के कुल 20 स्टॉल रहेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा परिसंपत्तियों का भी वितरण किया जायेगा।

# उपायुक्त ने बिजली कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार में गर्मी के मौसम में बिजली की समस्या के समाधान के लिए विद्युत कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम का उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रुम में आने वाली शिकायतों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कंट्रोल रूम का संचालन सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। विद्युत हेल्प लाइन नंबर पर आम जनमानस के द्वारा फोन करने पर फोन नहीं उठाया जाता है। निरीक्षण के दौरान, उपायुक्त ने कंट्रोल रूम में काम कर रहे कर्मचारी से बात की और कार्यप्रणाली की जांच की। शिकायत को गंभीरता से नहीं लेने और शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। उपायुक्त ने लापरवाही बरतने वाले बटन पट चालक दिलीप बड़ाइक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कार्य मुक्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्युत कंट्रोल रूम मे लगाये गये अधिकारी और कर्मचारी को निर्धारित समय-सीमा के अनुसार उपस्थित होकर शिकायतों का तत्काल निराकरण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्युत कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता के कार्यों से असंतुष्ट होकर नाराजगी जाहिर करते हुए हिदायत दी कि शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिए जाने और तत्काल निराकरण नहीं किये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

### जिला स्तरीय परामर्शदातृ समिति की बैठक में डीसी ने दिया निर्देश, कहा-

# प्राथमिकता के साथ ऋण की स्वीकृति प्रदान करना सुनिश्चित करें सभी बैंकर्स

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। जिसमें सरकार की योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता से संबंधित चर्चा की गई। साथ ही प्राप्त लक्ष्य, संबंधित विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित आवेदनों और उनमें ऋण की स्वीकृति आदि की समीक्षा की गई। डीसी ने पलामू जिला का जमा अनुपात 40 प्रतिशत से उपर करने के लिए आरबीआइए के निर्देशानुसार बैंकों के लिए एक्शन प्लान तैयार कर बैंकवार लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रगति लाने और सभी बैंकर्स को व्यक्तिगत रूचि लेकर प्राथमिकता के साथ ऋण की स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी लाभार्थियों को ऋण योजना का लाभ दिलाने एवं विभिन्न योजनाओं में विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं, बैंकों में आने वाले व्यक्तियों से बैंक कर्मियों को सहयोगात्मक एवं सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करने और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया।



विभिन्न बैंकों के अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीसी।

उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना से किसानों को जोड़ते हुए उन्हें ऋण उपलब्ध कराने, झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) से जुड़ी सखी मंडलों को ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का भी निर्देश दिया। लगे हाथ प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मत्स्य संपदा योजना, लघु एवं मध्यम उद्योग ऋण उपलब्ध कराने, एमएसएमई, कृषि ऋण, किसान उत्पादक समुह, लघु एवं दीर्घकालीन कृषि ऋण आदि योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत करने और लाभार्थियों के लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऋण उपलब्ध कराते हुए संबंधित व्यक्तियों को लाभ लेने में हो रही समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया। डीसी ने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की पहुंच बढ़ाने के लिए बैंक की शाखाएं खोलने को लेकर बैंकों को प्रोत्साहित भी किया। कहा कि बैंक खुलने से आमजनों के साथ ही संबंधित बैंक को भी लाभ होगा। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों को लेकर जिले के रामगढ़ में स्थापित बैंक को क्रियाशील बनाने और पांकी एवं महुडंड में बैंक की नई शाखाएं खोलते हुए नकदी की लेनदेन शुरू करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में लाभार्थियों के बीच वितरण, वार्षिक साख योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना के अंतर्गत मार्च 2025 तक की उपलब्धि की समीक्षा की गई। वहीं प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना की उपलब्धि, महिला स्वयं सहायता समूह, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, झारखंड राज्य कृषि ऋण माफी योजना की प्रगति आदि की भी समीक्षा की गई। बैठक में जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि, डीडीसी शब्बीर अहमद, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक नाबार्ड के डीडीएम सहित अन्य बैंकर्स उपस्थित रहे।

# 14 को भूमि पूजन, शामिल होंगे मुख्यमंत्री सहित कई केंदीय मंत्री : संजय सिंह यादव

- भोजपुरी अभिनेता-गायक पवन सिंह करेंगें भजन संध्या व सांस्कृतिक
- 11 से 13 मई को देवी गौरांगी गौरी जी करेंगी भागवत कथा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** बराही धाम में विश्व की सबसे ऊंची 551 फिट का मां दुर्गा का मंदिर एवं 151 फिट का नवग्रह मंदिर का भूमि पूजन 14 मई को होगा। इसके सफल आयोजन को लेकर ट्रस्ट के लोग दिन रात जुटे हैं। शुक्रवार को हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव, शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष सह ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने बराही धाम परिसर में संवाददाता सम्मेलन कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विश्व विख्यात मंदिर निर्माण क्षेत्र वासियों के लिए गर्व की बात है। बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कई केंदीय मंत्री, सांसद एवं विधायक भी पहुंचेंगे। कहा कि ट्रस्ट के लोगों ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर आमंत्रित भी किया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाना हम सभी का दायित्व है। वहीं, ट्रस्ट के सचिव सह जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार उर्फ टूटू सिंह ने कहा कि गत बुधवार से 51 घंटे का अखंड कीर्तन का कार्यक्रम जारी है। उन्होंने सभी को ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने की अपील की है। वहीं, शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह ने बताया कि भूमि पूजन 14 मई की सुबह 11. 30 बजे होगा। इससे पहले शनिवार को साधु-संतों का आगमन एवं धर्म-संवाद का आयोजन, 11 से 13 मई को भागवत कथा का वाचन पूज्या देवी गौरांगी गौरी जी द्वारा किया जाएगा। जबकि 13 मई से अमृतसरी शोभा यात्रा एवं भव्य झांकी का आयोजन होगा। कथा वाचन के उपरांत भोजपुरी गायक गुंजन सिंह, करीना पांडेय, एवं सविता पांडेय द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। जबकि 14 मई को भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह द्वारा भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।


मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रण पत्र देते ट्रस्ट के संयोजक एवं सचिव।

# दिव्यांगजनों के बीच उपकरणों का वितरण आज, शामिल होंगे विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** नीलांबर-पीतांबरपुर स्थित अटल स्मृति भवन में शनिवार को दिव्यांगजनों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वाधान मे उपकरण वितरण होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता शामिल होंगे। बतातें चलें कि विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के अथक प्रयास से नीलाम्बर-पीताम्बरपुर स्थित मौर्या फॉर्म हॉउस में 9 जनवरी को दिव्यांगजनों को सहायक उपकारण उपलब्ध कराने को लेकर जांच शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांजनों की जांच कराई गई थी। भारतीय कृतिम अंग निर्माण निगम (एलीमको) की ओर से विभागीय स्तर पर जांच रिपोर्ट एवं प्रमाण पत्रों के आधार पर लाभुकों का चयन किया गया है। विभाग द्वारा लाभुकों की सूची तैयार कर सभी चयनित लाभुकों को उपकरण प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से सूचना दी गई है। यह अनुरोध किया गया कि जिन लाभुकों को सूचना दी गई है, केवल वही लोग वितरण शिविर मे पंहुचे। बाकि लोगों को भी भविष्य में कागजी त्रुटियों को दूर कर सहायक उकरण उपलब्ध कराया जाएगा।



# पूरा विश्व देख रहा भारतीय जवानों का शौर्य : विनीत

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के युवा नेता विनीत पांडे ने कहा कि हमें सेना के अपने जांबाज जवानों पर गर्व है। आज भारत की ताकत पूरी दुनिया देख रही है। आतंकवादियों ने पहलगाम में घुसकर जिस क्रूरता के साथ हमारे लोगों की हत्या की थी वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण था। उसी का बदला हमारे वीर सैनिक ले रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर से शुरू हुआ इन आतंकवादियों का इलाज बहुत ही बेहतर ढंग से किया जा रहा है। इसके लिए भारतीय सेना और केंद्र सरकार दोनों अभिनंदन के पात्र हैं। देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी स्तर पर एकजुटता की सर्वाधिक जरूरत है।



# पेयजल समस्या के निदान को लेकर बीडीओ ने किया पंचायतों का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जल समस्याओं को लेकर बीडीओ सुनील कुमार वर्मा ने भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र महूदंड एवं डंडिला पंचायत के कई गांव का निरीक्षण कर जल समस्या का त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही कई खराब पड़े चापानल को मौके पर ही मरम्मती भी कराया। विदित हो कि क्षेत्र में जलस्तर गिरने से कई जलमीनार और चापाकल खराब हो गए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की समस्या बढ़ गयी है। ग्रामीण क्षेत्र के कई गांव पेयजल की कमी से जूझ रहे हैं। इस अवसर पर बीडीओ ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल समस्या को लेकर प्रखंड कार्यालय गंभीर है। पेयजल समस्या के निदान के लिए सभी सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएचइडी का रिपेयरिंग वाहन द्वारा भी लगातार खराब पड़े चापानल की मरम्मती करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने पूरी तरह खराब चापाकल की सूची बनाकर पीएचइडी को मरम्मत के लिए भेजने का भी निर्देश दिया है। कहा कि पेयजल समस्या के निदान के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों को भी निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के करीब 45 खराब जलमीनार की मरम्मती करायी गयी है। उन्होंने कहा कि पेयजल समस्या को लेकर प्रखंड कार्यालय में ड्रॉप बॉक्स रखा गया है, जहां ग्रामीण क्षेत्र के लोग पेयजल की समस्याओं की जानकारी दे सकते हैं। प्राथमिकता के आधार पर उसका त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इस्स मौके पर स्वच्छता कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह आदि उपस्थित थे।



# बाइक चोर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो पुलिस ने कार्यवाई करते हुए बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसे शुक्रवार को जेल भेज दिया। उसकी पहचान कौलेश्वर कामार के रूप में हुई है। वह बोकारो जिले के नावाडीह थाना क्षेत्र के बासीबेडा का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक बेरमो पुलिस की ओर से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान बाइक चोर कौलेश्वर कामार पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पर पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। बाइक के कागजात मांगने पर वह दिखा नहीं सका। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने स्वीकार किया कि कुछ दिन पहले लेपो से बाइक चोरी की थी। इसके बाद पुलिस ने थाने में मामला दर्ज कर आरोपित कौलेश्वर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## होटल में लगी आग जले कीमती सामान

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी मुख्यालय के अंबेडकर चौक स्थित योगेंद्र प्रसाद उर्फ जोगिद साव के होटल में गुरुवार की रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते होटल की टेबल, कुर्सी, आलमीरा और खाद पदार्थ जल गये। आग पर काबू पाने को लेकर स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हुए। इसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंचे दमकल के वाहन ने आग पर पूरी तक काबू पाया। बतातें चलें कि पांकी मुख्यालय में एक महीने में आगलगी की यह दूसरी घटना है। इसके पूर्व राजीव फैंसी माल में आगलगी की घटना हुई थी। होटल संचालक जोगिद साव ने आगलगी में साजिश की आशंका जतायी है।

# काम की मांग को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी/बेरमो।** कुलगो निवासी दर्जनों मनरेगा जॉब कार्डधारियों ने शुक्रवार को एक हस्ताक्षरयुक्त मांग पत्र बीडीओ को देकर मनरेगा योजना में काम देने की मांग की है। सभी मनरेगा जॉब कार्डधारी झारखंड एकता मजदूर किसान यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो के नेतृत्व में प्रखण्ड कार्यालय पहुंचे थे। मनरेगा जॉब कार्ड धारियों का कहना है कि वे लोग मनरेगा योजनाओं में मजदूरी करना चाहते हैं, लेकिन काम नहीं मिलने से मजबूरी वश अन्य जगहों में मजदूरी करते हैं। इसलिए सभी को मनरेगा योजना में काम मिले। जब तक काम नहीं मिलता तबतक भत्ता दिया जाये। इस दौरान यूनियन के केंद्रीय कोषाध्यक्ष नुनूचन्द महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष भगतु रविदास उर्फ रवि कुमार, केंद्रीय महासचिव रवींद्र कुमार सहित हेमा देवी, उर्मिला देवी, कौशल्या देवी, बबीता देवी, खिरिया देवी, सुनीता देवी राष्ट्रीय एकता के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र बिंद आदि उपस्थित थे।

# निरसा विधायक ने समाप्त करवाया चिरकुंडा नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों का धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** नगर परिषद के सफाई कर्मी वेतन भुगतान की मांग को लेकर विपछे तीन दिनों से धरना पर बैठे थे। इसकी सूचना पाकर शुक्रवार की शाम धरनास्थल पर पहुंचे निरसा विधायक अरूप चटर्जी के हस्तक्षेप के बाद धरना समाप्त हो गया। करीब आधा घंटे तक चिरकुंडा नगर परिषद के पदाधिकारी सफाई कर्मी एवं विधायक के बीच चली वार्ता में निर्णय लिया गया कि जल्द से जल्द सफाई कर्मियों का ईपीएफ का काम करवा दिया जाए। साथ ही बकाया वेतन का भुगतान भी किया जाएगा। वहीं, वार्ता समाप्त होने के बाद पत्रकारों से बातें करते हुए विधायक अरूप चटर्जी ने बताया कि सफाई कर्मियों की जो मांग थी उसे नगर परिषद द्वारा पूरा कर दिया गया है। इपीएफ का काम जल्द निपटने का निर्देश दिया गया है। सभी सफाई कर्मी शनिवार से अपने काम पर वापस लौट जाएंगे। वहीं, सफाई कर्मी अजय हाड़ी का कहना है कि चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा बार-बार हम लोगों का वेतन रोक दिया जाता है। समय पर वेतन नहीं मिलने से काफी परेशानी होती है। मजबूरन हम लोगों को काम बंद कर धरने पर बैठना पड़ा। वहीं, नगर प्रबंधक ने कहा कि सफाई कर्मियों की जो भी मांगे है उसपर यथाशीघ विचार कर पूरा किया जायेगा। कर्मी शनिवार से युद्धस्तर पर क्षेत्र में कार्य पर लौटेंगे। क्योंकि तीन दिनों से हड़ताल होने के कारण क्षेत्र में गंदगी का अंबार लग गया हैं जिसकी जल्द सफाई की जाएगी।



## बाल सदन में चयनित विद्यार्थियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सूरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विगत तीन मई को लोकतांत्रिक बाल सदन का चुनाव हुआ था। जिसका शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के सचिव सह समाजसेवी अनिल अग्रवाल, प्रधानाचार्य रमेश कुमार, आचार्य ने संयुक्त रूप से किया। शपथ ग्रहण समारोह में विद्यालय के सचिव अग्रवाल ने नेहा कुमारी कक्षा नवम, उत्सव श्री कक्षा नवम, प्रगति कुमारी, चांदनी कुमारी, रिस्ता कुमारी, विधि कुमारी, शिक्षा रानी, जिया कुमारी सहित अन्य को शपथ ग्रहण कराया। कहा कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास होने से भविष्य में उनके व्यक्तित्व का विकास होता है।

# रेहला पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान छात्र-छात्राओं को दी गयी कानून की जानकारी

## डायल 112 के इस्तेमाल की भी दी जा रही है जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर रेहला पुलिस ने शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत स्कूली बच्चों को पुलिस एवं थाने से जुड़ी जानकारियां दी गयी। इसके अलावा डायल 112 के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया गया। कानून की बारीकियां भी समझाया गया। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने कहा कि किसी भी विकट परिस्थिति में 112 पर डायल कर अपनी समस्याओं की जानकारी नजदीकी पुलिस को दें। पुलिस समस्याओं से निजात दिलायेगी। पुलिस आपकी हर संभव मदद करेगी। वहीं, थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बच्चों को पुलिस के कार्यप्रणाली के संबंध में कई जानकारी देकर कानूनी रूप से जागरूक करने का प्रयास किया। उन्होंने बच्चों को प्राथमिकी कैसे दर्ज कराई जाती है, उनसे कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए सहित कई अन्य जानकारी भी दी। लगे हाथ महिला अपराध से बचने के लिये भी उन्होंने कई टिप्स दिये। अंधविश्वास एवं यातायात से भी जुड़ी जानकारियां साझा की। इस मौके पर जेबी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ अनिल कुमार सिंह, शिक्षक मोहम्मद नैयर अकबर, आकाश कुमार दास, एसआई एनामूल हक, एएसआई रोशन किंडो, दीपक टोप्पो, कुशेश्वर सिंह, चौकीदार विनोद पासवान आदि मौजूद थे।



छात्र-छात्राओं को जागरूक करती पुलिस।

# याद किये गये कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर, दी गयी श्रद्धांजलि

**राजगंज (आजाद सिपाही)।** संत मैथ्यूज हाई स्कूल में शुक्रवार को कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की 164वीं जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक रविंद्र चंद्र दे उर्फ मनसा दे और प्राचार्य राहुल कुमार दे ने कविगुरु की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्राचार्य राहुल दे ने रविंद्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। बताया कि वह एक महान कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार और दार्शनिक थे। वे एशिया के पहले व्यक्ति थे जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। हमारे राष्ट्रगान 'जन गण मन' को भी उन्होंने ही लिखा था। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में अश्विनी कुमारी, माधव स्वर्णकार, विवेक कुमार, लक्ष्मी शर्मा, नेहा पोद्दार, सृष्टिधर बाउरी और समीरण दे आदि की भूमिका सराहनीय रही। उधर, कक्षा 8वीं और 10वीं की छात्राओं ने नृत्य-संगीत और कविता पाठ के माध्यम से कविगुरु के जीवन और कार्यों को दर्शाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# डिवाइडर से टकरायी पिकअप, 8 लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। गुमला रांची नेशनल हाईवे स्थित नागफेनी टोल टैक्स के समीप बाराती पिकअप वाहन ने डिवाइडर को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में आठ लोग घायल हो गये। घटना में दो लड़कों को गंभीर चोट लगी। घटना गुरुवार आधी रात 12 की है। जानकारी के मुताबिक नारकोपी थाना क्षेत्र के सरवा गांव से बारात गुमला थाना क्षेत्र के गिंडरा गांव जा रहा था एक पिक अप वाहन में डीजे बाजा लोड था जिसमें आठ लोग बैठे थे। बाराती बस पीछे-पीछे आ रही थी तभी नागफेनी टोल टैक्स के समीप पिकअप चालक को झपकी लग गयी और वाहन डिवाइडर से टकरा गया वाहन में सवार लोग सड़क पर फेंका गये। घटना में सरवा निवासी रूपन महतो और विकास महतो को गंभीर चोट लगी। रूपन का एक पैर टूट गया जबकि विकास के सिर और चेहरा में गंभीर चोट लगी है। साथ ही राजू महतो, जग्गू उरांव, अमित उरांव, कल्लू महतो, अकलू महतो और चालक को भी चोट लगी। जिन्हें इलाज के उपरांत शुक्रवार की सुबह 7 बजे छुट्टी कर दिया गया। जबकि रूपन और विकास का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल विकास महतो ने बताया पिकअप वाहन में बजा लोड था कुछ लोग वाहन के ऊपर बैठे थे जबकि कुछ लोग नीचे डाला में सोये थे। तभी अचानक वाहन के डिवाइडर से टकराने के बाद सभी कोई सड़क में फेंका गये। एक पिकअप वाहन से सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया।

## तकनीक से बदलेगा शिक्षा का चेहरा

# ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता से विद्यार्थी होंगे परीक्षा के लिए तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। गुमला जिले में शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने के लिए जिला प्रशासन निरंतर कार्यरत है। इसी के तहत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2025 के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा गुमला टेक क्वेस्ट कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है। जिसका उद्देश्य तकनीक को शिक्षा से जोड़ते हुए छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। आज के कार्यक्रम की शुरुआत जिला विज्ञान केंद्र में हुई, जहां छात्रों ने रोबोटिक्स, थ्रीडी प्रिंटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक तकनीकी उपकरणों को न केवल देखा, बल्कि उन्हें समझने का अवसर भी पाया। जहां छात्रों की आंखों में जिज्ञासा, सपनों में उत्साह और दिमाग में नवाचार के सपने झलकते दिखे। इस पहल का मुख्य आकर्षण है टेक क्वेस्ट 2025 ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता रही। जो जिले के सभी प्लस टू और उच्च विद्यालयों के छात्रों के लिए खोली गयी है। यह प्रतियोगिता केवल सवालों का खेल नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जहां छात्र अपनी परीक्षा की तैयारी को जांच सकते हैं। जिससे निश्चित तौर पर उनके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। मौके पर डीएमएफटी फेलो अविनाश गौरव ने कहा कि जब शिक्षा और तकनीक का संगम होता है, तब बदलाव सकारात्म दिशा में अग्रसर होता है। वहीं सहायक नोडल अधिकारी दिलदार सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता से आत्मअवलोकन और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होगी। जो छात्रों को चहुमुखी प्रतिभा का धनी बनाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निर्णय लिया गया कि 10 मई को सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के माध्यम से राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का महत्व बताया जायेगा। जबकि 11 मई को विज्ञान केंद्र में पेंटिंग, संवाद सत्र और विजिट जैसी गतिविधियों से छात्रों को जोड़ा जायेगा, ताकि उनके व्यावहारिक ज्ञान में बढ़ोतरी हो सके। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि गुमला के छात्र न केवल परीक्षा में सफल हों, बल्कि तकनीकी रूप से सशक्त भी बनें। उन्होंने सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से अपील किया कि वे इस अभिनव पहल में भाग लेकर जिले को शिक्षा की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचायें।

## विद्यालयों में खड़िया भाषा में शिक्षक की नियुक्ति की मांग, शिक्षा मंत्री को सौंपा पत्र



गुमला (आजाद सिपाही)। सांसद सुखदेव भगत ने झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को पत्र लिखकर इंटर +2 विद्यालयों में खड़िया भाषा के लिए शिक्षकों की नियुक्ति और इस भाषा में अध्यापन के लिए पद सृजन की मांग की है। उन्होंने कहा कि गुमला, सिमडेगा, रांची और खूंटी जिलों में खड़िया जनजाति की बड़ी आबादी निवास करती है, बावजूद इसके अब तक खड़िया भाषा के लिए शैक्षणिक ढांचे में आवश्यक पद सृजित नहीं किए गए हैं। ज्ञात हो कि खड़िया भाषा को झारखंड सरकार द्वारा द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्राप्त है, फिर भी विद्यालयों में इसके अध्ययन-अध्यापन की उचित व्यवस्था नहीं की गयी है। वहीं सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा और राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ भगत ने शिक्षा मंत्री से मिलकर सांसद का पत्र उन्हें सौंपा। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि इस पर शीघ्र ही सकारात्मक पहल की जाएगी और समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।

## डीडीसी ने सोलर सिंचाई इकाई का किया उद्घाटन



घाघरा (आजाद सिपाही)। गुमला डीडीसी दिलेश्वर महतो ने शुक्रवार को घाघरा प्रखंड के चुंदरी पंचायत का भ्रमण योजनाओं का अवलोकन कर दिशानिर्देश दिये। इस दौरान बुरजू गांव में सोलर सिंचाई इकाई का उद्घाटन किया। साथ ही वार्मिंग कंपोस्ट का निरीक्षण किया। साथ ही चुंदरी निवासी वासी देवी के बागवानी योजना का गड्ढा खोदो अभियान का शुभारंभ किया। सिंचाई कूप, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किया और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि योजना धरातल तक पहुंचे और योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके इसके लिए बीडीओ को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौजूद प्रखंड कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि मनरेगा के तहत लोगों को गांव में रोजगार दें कोई भी ग्रामीण पलायन न करें इस पर सबका ध्यान रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार, बीडीओ बेबी कुमारी, मुखिया बिनीता कुमारी, जोयदिप कुमार, रोशन कुमार, अभय कुमार, रतनेश कुमार, आदित्य भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

## मिशन बदलाव की पहल पर बाजार टांड़ मोहल्ले में झुका बिजली खंभा हटा



गुमला (आजाद सिपाही)। बाजार टांड़ मोहल्ले में लंबे समय से झुके हुए बिजली खंभे और क्षतिग्रस्त तारों से क्षेत्रवासियों पर खतरे का साया मंडरा रहा था। कई बार प्रशासन, बिजली विभाग और वार्ड पार्षद को सूचना देने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकल पाया। आखिरकार मोहल्ले वासियों ने मिशन बदलाव की जिला सचिव सय्यदा खातून से संपर्क किया। सय्यदा खातून ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया और वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से खंभे सहित वस्तु स्थिति की सूचना दी। बिजली विभाग ने तत्परता दिखाते हुए मिस्त्री यासिर अंसारी, सुफियान अंसारी और दीपक कुमार को भेजा, जिन्होंने मौके पर पहुंच कर झुके हुए बिजली खंभे और तारों को बदल कर स्थिति को सुरक्षित बनाया। मिशन बदलाव की पहल से मोहल्ले में राहत की सांस ली गयी है।

# उपायुक्त ने विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान में तेजी लाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में एनसीओआरडी समिति, कारा समिति, खनन एवं सड़क सुरक्षा को लेकर संयुक्त समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। एनसीओआरडी समिति की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने बच्चों और किशोरों में नशीले पदार्थों की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता जतायी और विद्यालयों में प्राचार्यों के साथ जागरूकता बैठक आयोजित करने, नशा मुक्ति अभियान को गति देने, विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी करने और सूचना के लिए वॉट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिये। साथ ही सदर अस्पताल स्थित ड्रग काउंसलिंग सेंटर को सुदृढ़ करने की बात कही। सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू, गुटखा और हड़िया, दारू जैसे मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने और नियमित जांच-पड़ताल के भी निर्देश दिए। कारा समिति की समीक्षा में उपायुक्त ने जेल की आंतरिक व्यवस्था, स्वच्छता और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ नियमित निरीक्षण के निर्देश दिये। वहीं खनन विभाग की समीक्षा में जनवरी से अप्रैल 2025 तक दर्ज 23 प्राथमिकी, 27 वाहनों की जब्ती और 2.52 लाख जुर्माना वसूली की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने अवैध खनन पर सख्ती, पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी और निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर खनिज बिक्री पर रोक के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा को लेकर उपायुक्त श्री सत्यार्थी ने चिंता जतायी कि वर्ष की पहली तिमाही में जिले में 99 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 91 मौतें व 31 गंभीर रूप से घायल हुए। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और पीड़ितों को सरकारी सहायता शीघ्र दिलाने के निर्देश दिये।

## अधिक से अधिक लोगों को मनरेगा योजना से जोड़ें : डीडीसी

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में डीसी दिलेश्वर महतो ने मुखिया और प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में मनरेगा योजना, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, 15वीं वित्त आयोग योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर दिलेश्वर महतो ने कहा कि जिस पंचायत में पानी की समस्या है पंचायत सचिव और मुखिया पानी की समस्याओं को लेकर कार्य करें ताकि लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। साथ ही अधूरे पड़े आवास को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। रोजगार सेवकों को निर्देश देते हुए कहा है कि अधिक अधिक लोगों को मनरेगा योजना से जोड़ने ताकि लोगों को काम मिल सके। साथ ही मजदूरों का समय से भुगतान हो इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

## भारत विकास परिषद और स्टार डीपीएस स्कूल ने रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती मनायी



गुमला (आजाद सिपाही)। गोकुल नगर स्थित स्टार डीपीएस स्कूल में भारत विकास परिषद, गुमला शाखा और विद्यालय प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रगान प्रणेता रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों ने टैगोर के विचारों, कृतित्व और देशप्रेम के प्रति विशेष रुचि प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद के अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि एडवोकेट राकेश कुमार वर्मा थे। विद्यालय के डायरेक्टर संदीप कुमार प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि टैगोर जैसे महान पुरुष की जयंती मनाना गर्व की बात है। मुख्य अतिथि ने कहा कि टैगोर केवल साहित्यकार ही नहीं, एक महान दार्शनिक, संगीतज्ञ, नाटककार और सच्चे राष्ट्रभक्त भी थे। उन्होंने गीतांजलि जैसी कालजयी रचना के लिए एशिया का पहला नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया और जन गण मन जैसे राष्ट्रगान की रचना कर भारतीय आत्मा को स्वर दिया। विशिष्ट अतिथि श्री वर्मा ने बच्चों को टैगोर के जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा और समाजसेवा में योगदान देने की प्रेरणा दी। जबकि प्रधानाचार्य साजिया खातून ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनना होना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने टैगोर के चित्र बनाए और छात्रा मदिरा देव सिंह व श्रद्धा राय ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। दोनों विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

## युवक ने पीट कर पिता की हत्या की

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के कुम्हारिया हड़ुआ टोली गांव में शुक्रवार की अहले सुबह एक 30 वर्षीय कलयुगी पुत्र अजय महली ने अपने ही 70 वर्षीय वृद्ध पिता हेकला महली कि लात घुसा से पीट पीट कर हत्या कर दी। साथ ही पुलिस के आने की भनक लगते ही घर से भाग निकला। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गयी है। आरोपी को गिरफ्तारी कर लिया गया है। बताया जाता है कि आरोपी पुत्र ने महज इस बात के लिए अपने पिता की हत्या कर दी कि उसके पिता उसे अक्सर कमाने के लिए कहा करते थे। घटना के बावत बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह पिता उठने के बाद बेटे को पुनः कमाने की बात कह डाली। जिससे वह आक्रोशित हो गया। इसके बाद लात घुसा से पिता की पिटाई कर दी। जिसके कारण उसकी मौत हो गयी।

# धोबारी से उरइ, गुर्दा और बंध कोना तक सड़क का निर्माण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



जारी। अब हमर गांव में भी गाड़ी आवि साहेब, पैदल चलेक ले बहुत दिक्कत होवत रहे, बहुत दिन तक पैदल चललि उक्त बातें उरई कोना गांव के आदिम जनजाति महिला लालो कोरवाइन, दसमती कोरवाइन, जया कुमारी ने कहा। बताते चलें कि जारी प्रखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर घने जंगलों के तलहटी पर बसे उरई कोना, गुर्दा कोना और बंध कोना गांव है। इन तीनों गांव मिलाकर लगभग ढाई सौ परिवार निवास करते हैं और ढाई सौ परिवार को कुछ भी कार्य से प्रखंड मुख्यालय आना पड़े तो 7 किलोमीटर पैदल चलकर भीखमपुर पहुंचना पड़ता है। इसके बाद भीखमपुर से सुविधा के अनुसार गाड़ी से प्रखंड मुख्यालय आते हैं। लेकिन इन तीनों गांव के ग्रामीणों के लिए खुशी की बात है की धोबारी से उरई कोना, गुर्दा कोना, बंध कोना तक आरइओ विभाग के द्वारा करोड़ो रुपये की लागत से सड़क निर्माण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। ज्ञात हो कि आजादी के बाद इन गांवों के लिए पहली बार सड़क बन रहा है। वहीं ग्रामीण राधेश्वर कोरवा, कलेश्वर कोरवा, भुवु कोरवा, संझिया कोरवा, सिफिया कोरवा, नवासाय कोरवा, किसुन कोरवा ने बताया कि हम लोग बहुत ही कष्ट के साथ अपनी-अपनी जीवन यापन करते है। सड़क बनने से अब हम लोगों की परेशानी जल्द खत्म हो जायेगी। गांव तक गाड़ी पहुंचेगी तो हम लोगों को पहले की अपेक्षा पैदल चलकर कहीं भी जाना नही पड़ेगा और अब हम सब गाड़ी से जायेंगे। प्रखंड प्रशासन के द्वारा भी पहले सड़क नहीं रहने कारण हमारे गांव का दौरा नहीं कर पाते थे। लेकिन अब गांव तक गाड़ी पहुंचेगी तो प्रशासन का भी आना-जाना गांव में लगा रहेगा। जिसे हम लोग अपना दुख दर्द बता सकेंगे। बस सरकार से गुजारिश है की जल्द से जल्द सड़क को पूर्ण करने की कृपा करें।

## रायडीह के विद्यालयों में मासिक गुरुगोष्ठी हुई



रायडीह (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रायडीह की अध्यक्षता में रायडीह प्रखंड के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों की मासिक गुरुगोष्ठी की गयी। जिसमें विद्यालय में संचालित गिफ्ट ऑफ एज्युकेशन के तहत एफएलएन सप्ताह की गतिविधियों की जानकारी ली गयी। रुआर कार्यक्रम के तहत नव नामांकित और ड्रॉप आउट बच्चों को नामांकित करते हुए उनके ठहराव हेतु विशेष प्रयास और आनंदमयक वातावरण बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ई विद्यावाहिनी में प्रतिदिन उपस्थिति और एमडीएम एसएमएस भी शत प्रतिशत बनाने का निर्देश दिया गया। सभी एजेंडा वार प्रतिवेदन की जांच प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अभिजीत सेन के द्वारा किया गया। बैठक में सभी विद्यालय के प्रभारी प्रधान अध्यापक, संकुल साधन सेवी, प्रखंड संसाधन केंद्र के कर्मी उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल संसद का शपथ ग्रहण



गुमला (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला में नवनिर्वाचित बाल संसद के प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रांतीय प्रतिनिधि राजेश कुमार, प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा, देवेंद्र नाथ तिवारी, बाल संसद प्रमुख संजय कुमार और अन्नपूर्णा कुमारी ने दीप प्रज्वलन कर की। विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने बाल संसद के नवनिर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय के विकास और उनके समग्र कल्याण के लिए निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। ज्ञात हो कि बाल संसद का चुनाव 3 मई 2025 को मतदान प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न हुआ था, जिसमें सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाल संसद भैया प्रधानमंत्री के रूप में अभिषेक कुमार, बहन प्रधानमंत्री के रूप में लक्ष्मी कुमारी तथा शिशु भारती के प्रधानमंत्री के रूप में मन्नत कुमार सिंह का चयन हुआ। सेनापति पद के लिए रचित बेक, आकांक्षा वर्मा और गौरव कुमार सिंह निर्वाचित हुए। राजेश कुमार ने अपने संबोधन में बाल संसद को नेतृत्व विकास का सशक्त माध्यम बताया और इसके माध्यम से विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ने की बात कही।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर एनसीसी कैडेटों ने ग्रीटिंग कार्ड्स बनाकर सेना को किया सलाम



गुमला (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमला की ट्रूप संख्या 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी के कैडेटों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर भारतीय सेना और भारत सरकार के प्रति आभार, प्रेम और गर्व व्यक्त करते हुए विशेष ग्रीटिंग कार्ड्स तैयार किया। इन कार्ड्स के माध्यम से कैडेटों ने देश की रक्षा में लगे वीर सैनिकों के अदम्य साहस और उत्कृष्ट रणनीति को सलाम किया। एनसीसी बटालियन 46 के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पीबी शर्मा ने इस पहल के लिए विद्यालय और छात्रों को बधाई दी। उन्होंने इसे प्रेरणादायक कदम बताते हुए कहा कि इससे कैडेटों में देशभक्ति और संवेदनशीलता का भाव विकसित होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रमाकांत साहू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्यवाही नहीं, बल्कि न्याय और मानवता की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक कदम है जिस पर हर भारतीय गर्व करता है। हमें अपने उन शहीदों को नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने इसके लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड ऑफिसर अभिजीत झा ने इस अभियान को शांति और शक्ति का संतुलन दर्शाने वाला एक सशक्त उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन जब बात राष्ट्र की सुरक्षा की हो तो जवाब भी सटीक और निर्णायक होना चाहिए। कैडेटों द्वारा बनाये गये इन ग्रीटिंग कार्ड्स को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेना प्रमुखों को भेजा जाएगा। इस अवसर पर सीसीए इंचार्ज सुनंदा खट्टा, पार्थ प्रतिम मैती, शांतनु कुमार पटनायक और कर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

## स्पोर्ट्स



सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा कर्मियों के कड़े पहरे में गाड़ियों के माध्यम से दोनों टीम के खिलाड़ियों को कांगड़ा पुलिस ने पंजाब की सीमा होशियारपुर तक छोड़ा।

# पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ियों को ट्रेन से किया गया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

धर्मशाला। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बने युद्ध के हालातों के चलते धर्मशाला में वीरवार बीती रात पंजाब और दिल्ली के बीच आईपीएल मैच को एकाएक बीच में रोक कर रद्द करने के बाद शुक्रवार सुबह दोनों टीमों सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को जालंधर से ट्रेन के माध्यम से दिल्ली के लिए रवाना किया। सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा कर्मियों के कड़े पहरे में गाड़ियों के माध्यम से दोनों टीम के खिलाड़ियों को कांगड़ा पुलिस ने पंजाब की सीमा होशियारपुर तक छोड़ा। उसके बाद पंजाब पुलिस ने सुरक्षा का जिम्मा उठाते हुए इन्हें जालंधर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया। गौर हो कि युद्ध के हालात के चलते कांगड़ा का गगल एयरपोर्ट भी बंद कर सेना के हवाले कर दिया गया है। एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि शुक्रवार सुबह सभी टीम के खिलाड़ियों सहित अन्य स्टाफ और ब्रॉडकास्ट सदस्यों को धर्मशाला से करीब 40 से 50 छोटे वाहनों के जरिये पंजाब की सीमा होशियारपुर तक कड़ी सुरक्षा के बीच छोड़ा गया। वहां से आगे पंजाब पुलिस ने उन्हें जालन्धर रेलवे स्टेशन पहुंचाया। जालंधर से विशेष ट्रेन के माध्यम से उन्हें दिल्ली के लिए रवाना किया गया। गौरतलब है कि भारत पाकिस्तान के बीच बीती रात हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों के चलते धर्मशाला में पंजाब और दिल्ली के बीच खेले गए मैच को बीच में ही रोकना पड़ा था। अचानक मैच रुकने के बाद पुलिस कर्मियों ने महज 20 मिनट में ही स्टेडियम को खाली करवा दिया और सभी दर्शकों को जल्द स्टेडियम से बाहर जाने को कहा। वहीं इससे पूर्व धर्मशाला में रात नौ बजकर 28 मिनट पर पंजाब किंग्स-दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच के दौरान ब्लैकआउट कर दिया गया और मैदान में लगी फ्लड लाइट्स को एक के बाद एक को बंद करवा दिया गया। मैदान से सबसे पहले पंजाब व दिल्ली के खिलाड़ियों को शांतिपूर्वक बाहर निकालकर होटलों में सुरक्षित भेजने के लिए रवाना किया गया था। इसके साथ ही पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों की ओर से दर्शकों को धीरे-धीरे सभी स्टैंड से शांतिपूर्वक तरीके से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।

## स्वास्थ्य केंद्र में सीवाइ टीवी जांच का दिया प्रशिक्षण



घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में सीवाइ टीवी जांच को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में सीएचओ एएनएम शामिल हुए। वही टीवी विभाग के प्रखंड समन्वयक सह प्रशिक्षक अमित कुमार प्रसाद, दीपक लकड़ा, रेणुका कुमारी ने द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नवीनतम तकनीक प्रक्रियाओं और इसके प्रयोग की विधियों से अवगत कराना है। इसके साथ ही टीबी बीमारी के लक्षण, उनके उपचार के विस्तृत जानकारी दी। साथ ही वैसे मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में लाकर जांच कराने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से कई सीएचओ एएनएम उपस्थित थे।

# तीन बच्चों के साथ कुआं में कूदी मां तीनों बच्चों की मौत, महिला गंभीर

## गिरिडीह में पारिवारिक विवाद में आत्महत्या के प्रयास की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के देवरी थाना क्षेत्र के खसलोडीह गांव में शुक्रवार को एक महिला अपने तीन मासूम बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। इस घटना में तीनों बच्चों की मौत हो गई, जबकि महिला की जान बच गई। हालांकि महिला ने ऐसा क्यों किया इसका खुलासा नहीं हो सका है। पर आशंका जाहिर की जा रही कि पारिवारिक विवाद में महिला अपने बच्चों के साथ आत्महत्या करना चाहती थी। मरने वालों की पहचान अविनाश कुमार (6), रानी कुमारी (3) और फूल कुमारी (2) के रूप में हुई है। वहीं, महिला की पहचान आरती कुमारी के रूप में हुई है, जिसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। उधर, आरती की सास सुषमा देवी ने बताया कि उनकी बहू आरती ने



बच्चों की मौत पर रोते-बिलखते परिजन।

ऐसा क्यों किया, उन्हें कुछ भी पता नहीं है। घर में किसी प्रकार का विवाद नहीं हुआ था। बताया कि आरती का पति सोनू हैदराबाद में रहकर ठेला चलाता है। फिलहाल वो गांव में हो रही एक शादी में शामिल होने आया है। पर वारदात के समय सोनू घर पर नहीं था।

### चारों को खाट के सहारे निकाला गया बाहर

सुषमा देवी ने बताया कि उन्हें पड़ोस की महिला से जानकारी मिली कि उनकी बहू शादी समारोह में न जा कर तीनों बच्चों के साथ कुएं की तरफ गई है। जब उस ओर पहुंची तो देखा बच्चों के साथ आरती कुएं में कूद चुकी थी। इसके बाद ग्रामीण मौके पर जुटे और चारों को खाट के सहारे बाहर निकाला। तब तक तीनों बच्चों की मौत हो चुकी थी। जबकि आरती की सांस चल रही थी। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। इधर, घटना की सूचना पाकर इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो, प्रभारी थानेदार रिशु सिन्हा खसलोडीह पहुंचे और तीनों बच्चों के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर उसकी जांच में जुट गई है।

# पूरे भुगतान के नौ साल बाद भी बिल्डर ने नहीं दिया फ्लैट

**जनता दरबाल लगाकर डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित किया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों ने डीसी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इसमें धनबाद के नुतनडीह से आए एक व्यक्ति ने बताया कि उसने 4 जून 2016 को बिल्डर को अग्रिम राशि देकर जेसी मल्लिक रोड में तीन बीएचके का फ्लैट बुक कराया था। 23 नवंबर 2016 तक शेष 17 लाख रुपए का भूगतान भी कर दिया। पर नौ साल बीत जाने के बाद भी बिल्डर ने अब तक फ्लैट हैंडओवर नहीं किया है। उन्होंने बताया कि वह एक निजी कंपनी में काम करता है। अपनी दिव्यांग पत्नी, बच्चों एवं 82 वर्षीय सास के साथ किराए के मकान में रहता है। उसने डीसी से फ्लैट का मालिकाना हक दिलाने की गुहार लगाई। इस पर डीसी ने शिकायतकर्ता को उनकी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। वहीं, गोविंदपुर के नवाटांड से आए एक व्यक्ति ने बताया कि नवाटांड स्थित प्राथमिक विद्यालय के रास्ते पर दबंग पिता-पुत्र जबरन अतिक्रमण कर सरकारी जमीन पर दीवार बना लिये हैं। सड़क के किनारे मस्जिद भी है। जिसके पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण चल रहा है। पर दबंगों द्वारा नाली निर्माण अवरुद्ध किया जा रहा है। उक्त समस्या सुनने के बाद डीसी ने गोविंदपुर सीओ



को जांच करने का निर्देश दिया। जबकि टुंडी के कदैया से आए व्यक्ति ने बताया कि घनी आबादी के बीच हैवी ब्लास्टिंग कर पत्थर उत्खनन से वहां रहने वाले 50 से अधिक ग्रामीणों के घर एवं मंदिर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इस पर डीसी ने जिला खनन पदाधिकारी को मामले की जांच करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में कोचा कुल्ही, वार्ड नंबर 53 में पानी की समस्या दूर करने, जमीन तक जाने वाला रास्ता अवरूद्ध करने, फर्जी डीड के आधार पर मापी कराकर जमीन अतिक्रमण करने, जमीन पर अवैध कब्जा करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**e-TENDER NOTICE**

**NIT No.74/PR/JUSNL/2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, Supply of materials/ equipment, erection, testing & commissioning of 02 Nos. of new 33 kV Bay with bus extension on both side (Main & Transfer Bus) and supply, erections, testing & commissioning of required material for the restoration of existing 33 kV Bay as well as replacement of existing single bus bar with double moose main bus bar and construction of approach road at 132/33 kV GSS, Deoghar on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 2,02,88,011.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 4,05,800.00 Online mode |
| Completion Period | 06 (Six) Months |
| e-Tender fee | Rs. 10,000.00 + 18% GST Online mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 13.05.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 13.05.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 02.06.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 03.06.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)

PR 352042 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है : भजनलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/बेरमो।** वर्तमान में साइबर क्राइम के बढ़ते मामलो को ध्यान में रखते हुए एवं बढ़ती दुर्घटनाओं के साथ पाकिस्तान के साथ जारी युद्ध को देखते हुए स्कूली बच्चों को कसमार थाना प्रशासन की ओर से जागरूक किया जा रहा है। इसी की कड़ी में खैराचातर स्थित रणविजय मेमोरियल संस्कार पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को यातायात नियमों एवं साइबर अपराध के साथ ही मॉक ड्रिल को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है। साइबर अपराधी मोबाइल उपभोक्ताओं को तरह-तरह के प्रलोभन देकर ठगी का शिकार बना रहे हैं। इसलिए मोबाइल चलाते समय हमेशा सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है। कहा कि कभी भी किसी अंजान लिंक को क्लिक ना करें और ना किसी अंजान व्यक्ति से चैटिंग करें। इससे ठगी का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम से बचने के लिए हमेशा मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें। अपने स्मार्टफोन एवं कम्प्यूटर में एंटीवायरस सॉफ्टवेयर इंस्टाल करें और सार्वजनिक वाईफाई का उपयोग करते समय भी सतर्क रहें। किसी भी व्यक्तिगत जानकारी को साझा नहीं करें एवं किसी भी प्रकार की ओटीपी मांगने पर किसी को भी ना दें। उन्होंने ट्रैफिक रूल पर विस्तार से बताते हुए कहा कि नाबालिक लड़के-लड़कियों का वाहन चलाना कानूनन अपराध है। इसमें चालक के साथ ही उसके अभिभावक को भी सजा मिल सकती है। 18 वर्ष पूर्ण होने और ड्राइविंग लाइसेंस बनने के बाद ही गाड़ी चलाएं और हेलमेट एवं सीट बेल्ट सहित सभी नियमों का अनुपालन अवश्य करें। थाना प्रभारी ने भारत-पाकिस्तान के बीच शुरू हुए युद्ध और देश भर में कराये जा रहे मॉक ड्रील के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी। बताया कि मॉक ड्रिल किसी भी आपातकालीन परिस्थितियों से निबटने एवं सजग रहने का पूर्वाभ्यास है। उन्होंने बचाव के कुछ उपाय भी बताए। युद्ध के दृष्टिकोण से बोकारो और गोमिया संवेदनशील स्थल होने के कारण यहां भी मॉक ड्रील कराया गया है। थाना प्रभारी ने बच्चों को शिक्षा का महत्व भी बताया। कहा कि परिश्रम से ही सफलता मिल सकती है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। इस मौके पर नीरज भट्टाचार्य, शिक्षक निशाकर दे, अब्दुल शाहिद, राजीव कुमार, सोनाय प्रामाणिक, सरिता कुमारी, छोटेलाल ठाकुर, अब्दुल कादिर जिलानी, रिया जायसवाल, गुलनाज प्रवीण, धनेश्वर महतो, रूमी कुमारी और नेहा कुमारी आदि मौजूद थे।

# बीसीकेयू की नयी कमेटी गठन को लेकर निरसा में सम्मलेन




**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा स्थित भाकपा माले कार्यालय में शुक्रवार को बीसीकेयू की नयी कमेटी के गठन को लेकर सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर प्रार्थना कगी। इस अवसर पर बीसीकेयू के महासचिव सह निरसा विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि यह बीसीकेयू का 5वां सम्मेलन है। यूनियन में वर्तमान में 16,500 कर्मचारी है।

बीसीकेयू एक ऐसा यूनियन है जो लगातार मजदूर हित में काम करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। हम लोग प्राइवेट माइंस का विरोध कर रहे हैं, जिसे लेकर 20 मई से आम हड़ताल की घोषणा की गई है। उसे पूरी ताकत के साथ सफल बनाना है।

# मरीजों के बीच फल और मिठाई का वितरण

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मांझीलाडीह स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर परिसर में शुक्रवार को मरीजों के बीच अस्पताल के चेयरमैन प्रदीप मंडल, प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल के अलावा डॉक्टर्स, नर्सेज, जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा अस्पताल में इलाजरत मरीजों से मुलाकात कर उनको फल एवं शुगरलेस मिठाईओं का वितरण किया। नित्यानंद मंडल ने बताया कि अस्पताल में राष्ट्रीय नर्स सप्ताह 12 मई आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनेगा। इस मौके पर जेपी कॉलेज आफ नर्सिंग की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य, जेपी ग्रुप ऑफ फार्मेसी की प्राचार्या नीलम सिंह, वर्षा रानी, शिल्पा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# डेकोरेटर प्रतिष्ठान के संचालक ने की आत्महत्या

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। जोरापोखर सोखा कुलही बस्ती में 37 वर्षीय एक युवक ने शुक्रवार को अपने गोदाम में आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान विष्णु महतो के रूप में हुई है। वह वह पेशे से विष्णु डेकोरेटर का संचालक था। इस दिन सुबह गोदाम में फंदे से लटकता शव बरामद हुआ। इसकी सूचना पाकर जोरापोखर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मृतक के भाई लक्ष्मण महतो ने थाना प्रभारी को दिए शिकायत में कहा कि विष्णु पर डेकोरेटर्स एवं केटरिंग के काम का अधिक दबाव होने के कारण तनाव में था। संभवतः उसी मानसिक तनाव में आकर उसने अपने गोदाम में आत्महत्या कर ली।**

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा**

**अल्पकालीन तालाब बन्दोबस्ती वित्तीय वर्ष 2025–26 सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा/जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में दिनांक– 29.05.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे में ठेठईटांगर/केरसई अंचल स्थित राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती खुला डाक द्वारा किए जाने की सूचना दी जाती है। जिन राजस्व जलकरों की बन्दोबस्ती दिनांक– 29.05.2025 को नहीं हो पाएगी उन तालाबों की बंदोबस्ती दिनांक– 05.06.2025 को की जाएगी। बंदोबस्ती अवधि वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2027–28 (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2028) तक के लिए है।

1. डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को डाक बोली के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 20 प्रतिशत, प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्त होने पर उच्चतम डाक वक्ता को छोड़कर बाकी प्रतिभागियों की प्रतिभूति राशि वापस कर दी जाएगी एवं उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि उच्चतम डाक की राशि में समायोजित की जाएगी तथा डाक वक्ता द्वारा प्रत्येक वर्ष उक्त डाक राशि तीन वर्षों तक कार्यालय में भुगतान की जाएगी। डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।
2. डाक की स्वीकृति के पश्चात् उच्चतम डाक वक्ता को संबंधित एकरानामा करना अनिवार्य है एवं अद्योहस्ताक्षरी से परवाना प्राप्त किये बिना उक्त जलकर में उच्चतम डाक वक्ता कोई कार्य नहीं करेंगे। बंदोबस्त तालाब का निबंधन, निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित राशि का स्टॉम्प शुल्क देकर निबंधन कराना अनिवार्य है। निबंधन के पश्चात् ही कार्यालय से परवाना निर्गत किया जाएगा।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी समय किसी भी बोली को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**जलकरों की सूचीः–**

| क्र0 सं0 | जलकरों का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा सं0 | जलक्षेत्र | सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 15 | 16 |
| 1 | मुण्डलटोली तालाब | मुण्डलटोली | बाघचट्टा | ठेठईटांगर | - | 406 | 0.50 | 0.40 | 3000.00 | |
| 2 | कोरोंजो तालाब | कारोंजो | दुमकी | ठेठईटांगर | - | 1550 | 0.36 | 0.30 | 8000.00 | |
| 3 | कोनबेगी तालाब | कोनबेगी | बाघचट्टा | ठेठईटांगर | 43 | 1100 | 1.63 | 1.30 | 4000.00 | |
| 4 | गोरारजोर तालाब | गोरारजोर | गोरारजोर | केरसई | 132 | 601 | 0.20 | 0.18 | 3000.00 | |
| 5 | केरसई तालाब | केरसई | केरसई | केरसई | 236 | 5901 | 0.15 | 0.12 | 3000.00 | |

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 352020 Simdega(25-26).D

# नदियों की दुर्दशा के लिए कोल कंपनियां जिम्मेदार हैं: रामचंद्र

## लोगों के जीवन को बचाने के लिए पर्यावरण को बचाना बहुत जरूरी : अशोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** दामोदर एवं उसकी सहायक नदियों पर चल रहे जन जागरण कार्यक्रम के तहत झारखंड किसान विकास संघ की ओर से पारबाद पुल के समीप स्थित ग्रामीण एकता मंच के कार्यालय में शुक्रवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष रामचंद्र रवानी ने की। बैठक में एकड़ा क्षेत्र से होकर बहने वाली एकड़ा जोरिया नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अभियान चलाया गया। बैठक में महाराष्ट्र के वर्धा स्थित सर्वोदय सेवा आश्रम से आए अशोक भारत, विनोबा भावे के झारखंड भूदान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रूप नारायण सिंह, ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत उर्फ बबलू सिंह, अनिल कुमार सिंह, राम रतन राम, उत्पल झा, सुनीता देवी, पूनम सिंह, कलावती देवी, फैयाज अहमद, मगधेश कुमार, नरेश भारती, संजय कुमार, संजय सिन्हा, बुल्लू गुप्ता, चिंतामनी महतो, महेश महतो आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर रामचंद्र रवानी ने कहा कि



पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत अगली बैठक मूनीडीह स्थित भठिंडा फॉल से शुरू होगी। दामोदर एवं उनकी सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा हैं। प्रदूषित हो रही नदियों को देख कर बहुत तकलीफ होती है। सभी सहायक नदियां खतरे की ओर अग्रसर है। कुछ तो लुप्त होने की कगार पर है। इसके लिए बीसीसीएल, आउट सोर्सिंग कंपनियां जिम्मेवार है। प्रशासन के साथ मिलकर उसे प्रदूषण मुक्त करना है और नदियों को स्वच्छंद बनाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना है। गौरतलब हो कि विगत 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस से लेकर पांच जून पर्यावरण दिवस तक कार्यक्रम संचालित रहेगा। वहीं, वर्धा से आए अशोक भारत ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की लिए लोगों को जागरूक कर शांति पूर्ण तरीके से वृहत आंदोलन चलाने की जरूरत है। जल जंगल जमीन की लड़ाई काफी पुरानी है। लोगों के जीवन को बचाने के लिए पर्यावरण का बचाना बहुत जरूरी है। रूपनारायण सिंह ने कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण झारखंड में भूदान यज्ञ कमेटी का सैकड़ों एकड़ जमीन व्यर्थ ही पड़ा है। उसे भूमिहीनों के बीच वितरण किया जाना चाहिए। ग्रामीण एकता मंच के अध्यक्ष बबलू सिंह ने कहा कि नदी को इस हाल में पहुंचाने के लिए कोल कंपनिया जिम्मेवार हैं। बैठक के बाद सभी लोयाबाद 20 नंबर स्थित एकड़ा जोरिया नदी पर जाकर नदी का जायजा लिये। पाया कि नदी नाले में तब्दील हो गई है।

# राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मुनीडीह डीएवी स्कूल का शानदार प्रदर्शन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डब्ल्यूएमसी इंडिया की ओर से आयोजित वर्ल्ड मुएथाई चैंपियनशिप प्रतियोगिता इंदौर आइपीएस एकेडमी में संपन्न हुई। इसमें डीएवी मुनीडीह के 11वीं सी के छात्र विनीत कुमार सिंह ने गोल्ड और सौम्यदीप राय 11ए, रिहान मुस्तफा 12ए ने सिल्वर मेडल जीता। वहीं, नयी दिल्ली अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रियांशु कुमार 10ए और रेहान मुस्तफा 12ए ने गोल्ड मेडल जीता। राष्ट्रीय स्तर की ब्लूम गणित, विज्ञान ओलंपियाड प्रतियोगिता द्वारा आयोजित आठ प्रतिभाशाली विजेताओं को गोल्ड मेडल, सात को सिल्वर और सात को ब्रांज मेडल से सम्मानित किया गया। वहीं आरव अध्ययन 6सी को ब्रांड मेडल के साथ विशिष्ट पुरस्कार ट्राफी से भी सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या इंदू प्रसाद ने विजेताओं को एक-एक करके मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर बधाई दी। इस मौके पर विजेता प्रतिभागियों के माता-पिता उपस्थित हुए। प्राचार्या इंदू प्रसाद ने कहा कि डीएवी संस्थान और विद्यालय परिवार को इन खिलाड़ियों पर गर्व है। वर्तमान वैज्ञानिक युग बहुत ही प्रतिस्पर्धा वाला है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक बच्चों को शामिल होना चाहिए, ताकि वे अपना, विद्यालय और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकें। यहीं प्रतिभाएं आगे बढ़ कर एशियाई और ओलंपिक खेलों में प्रतिनिधित्व कर अपने स्कूल, प्रदेश और देश का मस्तिष्क ऊंचा करेंगे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**(डी0एम0एफ0टी) मद**
**संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/4/2025-26**

**1.कार्य की विस्तृत विवरणीः**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेयपुरा में कृषि फार्म हाउस में चाहरदीवारी/फेन्सींग का जीर्णोद्धार। | 2495400 | 50000 | 5000 | 1 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेयपुरा में कृषि फार्म में अवस्थित विभिन्न भवनों का निर्णोद्धार। | 2432400 | 49000 | 5000 | 1 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेयपुरा में मत्स्य हेचरी में अवस्थित भवनों का जिर्णोद्धार। | 2458800 | 49500 | 5000 | 1 माह |
| 4 | लातेहार जिला के नगर पंचायत लातेहार में बुनियादी विद्यालय के परिसर में SLRM कार्य हेतु शेड़ का निर्माण। | 2476007 | 50000 | 5000 | 1 माह |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेयपुरा में कृषि फार्म वेयर हाउस में चाहरदीवारी/फेन्सींग का जिर्णोद्धार। | 2494100 | 50000 | 5000 | 1 माह |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के धर्मपुर में SLRM कार्य हेतु पलास मार्ट भवन का जीर्णोद्धार। | 2413099 | 48500 | 5000 | 1 माह |
| 7 | लातेहार जिला के नगर पंचायत अन्तर्गत बुनियादी स्कूल के परिसर में SLRM कार्य हेतु अवस्थित जर्जर भवन एवं चाहरदीवारी का मरम्मति। | 2489383 | 50000 | 5000 | 1 माह |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के धर्मपुर (तापा खास) में स्टेडियम के नजदीक SLRM सेंटर का जिर्णोद्धार। | 2032924 | 41000 | 5000 | 1 माह |
| 9 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के किनामाड़ में SLRM सेंटर का जिर्णोद्धार। | 1892191 | 38000 | 5000 | 1 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 10.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 10.05.2025 से दिनांक 17.05.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –19.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार

PR 352052 (Rural Development)25-26*D

# देवघर में 29वें दिन खत्म हुई यात्री बसों की हड़ताल

- विधायक ने डीटीओ और बस एसोसिएशन के साथ वार्ता के बाद हड़ताल खत्म करवायी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** शहर के पुराना मीना बाजार स्थित बस स्टैंड को बंद कर बाघमारा आइएसबीटी में शिफ्ट करने के विरोध में बस ऑनर एसोसिएशन की हड़ताल 29वें दिन शुक्रवार को खत्म हो गयी। स्थानीय विधायक सुरेश पासवान की पहल पर डीटीओ ने बस ओनर एसोसिएशन के साथ बैठक कर हड़ताल खत्म करने की घोषणा की। अब नियमित रूप से देवघर समेत अन्य रूटों पर यात्री बसों का परिचालन हो सकेगा। बस स्टेशन के अध्यक्ष दिनेशानंद झा ने बताया कि उन लोगों ने दो स्थानों पर स्टॉपेज की मांग की है, जिस पर रविवार को डीसी से मिल कर निर्णय लिया जायेगा। वैसे बसों की हड़ताल खत्म हो गयी है।

विधायक सुरेश पासवान ने बताया कि जनहित को देखते हुए उन्होंने हड़ताल खत्म करने के लिए बस एसोसिएशन से वार्ता की। एसोसिएशन ने उनकी बात को माना और हड़ताल खत्म करने पर राजी हुए। 10 अप्रैल से पुराना मीना बाजार के बस स्टैंड को बंद कर बाघमारा आइएसबीटी में शिफ्ट किया गया है और उसी दिन से बस मालिक भी हड़ताल पर चले गये थे। इस कारण रोजाना करीब 20 हजार यात्री और श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही थी।

बासुकीनाथ जाने के लिए श्रद्धालुओं को टेंपो और इ-रिक्शा में दोगुना और तिगुना किराया देना पड़ रहा था, क्योंकि हड़ताल के कारण उस रूट पर एक भी बस नहीं चल रही थी। हड़ताल के कारण प्राइवेट बस स्टैंड से खुलने और पहुंचने वाली करीब 150 बसों का परिचालन अनिश्चितकाल के लिए ठप था। दुमका, गोड्डा, भागलपुर, मधुपुर, गिरिडीह, रांची, पटना आदि शहरों से देवघर के लिए डेली बस सर्विस है, लेकिन हड़ताल के कारण बसों के पहिए थम गये थे। इससे यात्रियों को परेशानी हो रही थी। एसोसिएशन का कहना है कि बाघमारा आइएसबीटी शहर से दूर है, इसीलिए यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, अलबत्ता बस स्टैंड को यथावत रखा जाये।

# जंतर-मंतर से निकली 'जय हिंद यात्रा' देवघर के सुशोभित झा हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देवघर।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में कांग्रेस द्वारा नयी दिल्ली के जंतर-मंतर से निकाली गयी 'जय हिन्द यात्रा' में देवघर के कांग्रेस नेता सुशोभित झा ने हिस्सा लिया। यह यात्रा आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और सेना के साहस को सलाम करने के उद्देश्य से निकाली गयी थी। दिल्ली में यह यात्रा शाम 4 बजे से जंतर-मंतर से निकाली गयी। इस यात्रा में कांग्रेस के कई प्रमुख नेताओं जिनमें से सचिन पायलट, केसी वेणुगोपाल, अजय माकन, पवन खेड़ा, देवेंद्र यादव, सौरभ शुक्ला अनिल चौधरी, हारून यूसुफ, संदीप दीक्षित, रागिनी नायक और काजी निजामुद्दीन सहित हजारों लोग शामिल हुए। कांग्रेस नेता सुशोभित झा ने कहा कि यह यात्रा आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्र की एकजुटता का प्रतीक है और जनता के बीच यह संदेश है कि इस कठिन घड़ी में पूरा देश सेना के साथ खड़ा है।




# देवघर में मानवीय सेवा की अनोखी मिसाल है डोनेट फॉर पूअर संस्था

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देवघर।** जब पूरी दुनिया स्वार्थ और व्यस्तता की दौड़ में उलझी हो, तब कोई अपने घर का चूल्हा गरीबों के लिए जलाये, यह अपने आप में एक बड़ी प्रेरणा है। देवघर की ऐसी ही एक प्रेरणादायक संस्था है डोनेट फॉर पूअर, जिसका नाम ही उसके उद्देश्य को बयां करता है। इस संस्था की स्थापना और संचालन की जिम्मेदारी देवघर निवासी रीता राज और उनके पति बबलू राज ने उठायी है।

जानकारी के अनुसार यह दंपति हर रात अपने घर में स्वयं भोजन तैयार करते हैं और टोटो (बैटरी रिक्शा) से बैद्यनाथ धाम स्टेशन पहुंच कर करीब 150 जरूरतमंदों को अपने हाथों से भोजन कराते हैं। इसके बाद सुबह के समय यही सेवा बैद्यनाथ धाम मंदिर परिसर के बाहर बैठे भिखारियों के बीच की जाती है, जहां लगभग 35 लोगों को भोजन कराया जाता है। संस्था में कुछ दानदाताओं का भी योगदान है, जिनमें रीता और बबलू के रिश्तेदारों के अलावा देवघर के कई जागरूक नागरिक शामिल हैं। संस्था का कार्यालय जसीडीह स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास है। डोनेट फॉर पूअर न केवल भोजन उपलब्ध कराता है, बल्कि गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने की दिशा में भी काम कर रहा है। देवघर की धरती से उठी यह सेवा की लौ अब उम्मीद की रौशनी बनती जा रही है। रीता और बबलू का यह मिशन अब एक जन आंदोलन का रूप लेने को तैयार है। वे चाहते हैं कि समाज के अन्य लोग भी आगे आएं और इस सेवा में अपना योगदान दें। उनका मानना है कि निःस्वार्थ सेवा ही सच्चा धर्म है।

रीता राज बताती हैं कि हमारा उद्देश्य केवल पेट भरना नहीं, बल्कि इंसानियत का फर्ज निभाना है। जब कोई भूखा मुस्कुरा देता है, तो हमें लगता है कि भगवान ने हमारी मेहनत स्वीकार की।

# झारखंड यू-15 महिला टी20 में जीत दर्ज करनेवाली करमाटांड़ की बेटियों का स्वागत, विक्की मंडल ने किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मधुपुर।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट महिला यू-15 टी20 टूर्नामेंट में शानदार जीत दर्ज करने वाली खिलाड़ियों का स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। पूर्व विधायक प्रत्याशी विक्की मंडल ने विजेता टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया और खिलाड़ियों को फूलों के गुलदस्ते भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ फोटो खिंचवाए और उन्हें उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। यह पल खिलाड़ियों के लिए बेहद खास और यादगार बन गया, जब उन्होंने स्थानीय नेतृत्व से सराहना और सम्मान पाया। विक्की मंडल ने कोच निवास मंडल को भी बधाई दी और कहा कि यह टीम विद्यासागर स्पोर्ट्स एकेडमी की है, जो करमाटांड़ के लिए गर्व की बात है। इस सम्मान समारोह में बीजेपी प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र मंडल, बासु मंडल, बिनोद मंडल, सुनील मंडल, अनिल मंडल और रंजीत मंडल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने खिलाड़ियों की मेहनत और जज्बे की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।






































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**